हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 07.10.2024 वर्ष 11, अंक 275
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
समय, शक्ति और पैसा, कभी भी एक साथ नहीं आते!

## क्विक न्यूज

### इजरायल ने गाजा में मस्जिद पर किए हवाई हमले, 26 लोगों की मौत

**येरूसलम :** हमास द्वारा शासित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि मध्य डेर अल-बलाह में एक मस्जिद पर इजरायली हमले में 26 लोग मारे गए, जबकि इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया.स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा,इब्न रुश्द स्कूल और अल अक्सा शहीद मस्जिद में विस्थापित लोगों पर हमले के परिणामस्वरूप अस्पतालों में लाए गए शहीदों की संख्या 26 तक पहुंच गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए.

### द्विपक्षीय यात्रा पर भारत पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू

**नई दिल्ली:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद रविवार को अपनी पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। मुइज्जू के भारत आगमन पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री किरीटी वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक निमंत्रण पर मुइज्जू 6-10 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर आए हैं। वह मुंबई और बेंगलुरू भी जाएंगे।

### बेकाबू डंपर ने 16 लोगों को कुचला, पांच की मौत, दस जयपुर रेफर

**दौसा:** जिले के लालसोट शहर के बस स्टैंड पर रविवार सुबह बेकाबू डंपर ने 15 लोगों को कुचल दिया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।लालसोट एएसपी लोकेश सोनवाल ने बताया कि गिट्टियां लेकर जा रहे डंपर ने ब्रेक फेल होने की वजह से बस स्टैंड पर खड़े लोगों व सामने आए वाहनों को कुचल दिया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को लालसोट जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दस घायलों को गंभीर हालत में दौसा व जयपुर के हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

### भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास में दिखी दोनों देशों की प्रतिबद्धता

**देहरादून:** भारत-कजाकिस्तान संयुक्त अभ्यास काज़िंद के तहत भारतीय दल के सैनिकों ने हथियार व उपकरण प्रदर्शन के दौरान कजाकिस्तान दल के सैनिकों के साथ अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किया। अभ्यास के दौरान परिचालन कार्य के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई, जिसमें हथियारों के गहन प्रशिक्षण सत्र और विभिन्न प्रकार की सामरिक फायरिंग का अभ्यास शामिल रहा। संयुक्त सैन्य अभ्यास के आठवां संस्करण 30 सितंबर से सूर्या फॉरेन ट्रेनिंग नोड औली उत्तराखंड में चल रहा है। 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व कुमाऊं रेजिमेंट कर रही है। भारतीय वायु सेना के साथ सहायक शस्त्र और सेवाकर्मी भी इसमें भाग ले रहे हैं।

### बिहार के रोहतास में सोन नदी में डूबने से सात बच्चे की मौत, छह का शव बरामद

**डेहरी आन सोन :** बिहार में रोहतास जिले के रोहतास थाना क्षेत्र के तुम्बा गांव के निकट सोन नदी में स्नान करने के क्रम में एक ही परिवार और रिश्तेदार के 6 किशोर और एक किशोरी रविवार डूब गए। देर शाम तक छह शव बरामद कर लिया गया है। एस डी आरएफ की टीम एक की एक की तलाश कर रही है। घटना के बाद तुंबा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

## गंभीर बिमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों से मिलेगी छुट्टी

# सीएम आज करेंगे अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास

### * पैसे के अभाव में झारखंड के मरीजो की नहीं जाएगी जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मरीजों को अब गंभीर बिमारियों के इलाज के लिए देश के दूसरे शहरों के बड़े अस्पतालों का चक्कर काटनें से मुक्ति मिलेगी और ऐसा हो सकेगा स्वास्थ्य क्षेत्र में झारखंड सरकार के नेक प्रयास और अपोलो हॉस्पिटल्स इन्टरप्राइजेज के बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करानें की प्रतिबद्धता से। अब वो दिन दूर नहीं जब रांची में ही वो हर इलाज संभव होगा जिसके लिए झारखंड के लोगों को नई दिल्ली,चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों की ओर रूख करना पड़ता है। दरअसल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के व्यक्तिगत और राज्य सरकार के नेक प्रयास से यह संभव होने जा रहा है। सोमवार 7 अक्टुबर 2024 को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा किया जाएगा। 310 बेड के इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रसिद्ध हृदय देखभाल, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, दयालु मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी। यह अस्पताल आपके जीवन के हर चरण पर आपके साथ रहेगा।

### अस्पताल की खास बातें

इस अस्पताल का निर्माण रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में 2.75 एकड़ जमीन पर होगा।रांची नगर निगम की ओर से इस जमीन को निःशुल्क अपोलो प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया है।यह अस्पताल 310 बेड का होगा।यहां हमेशा अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर और न केवल प्रौद्योगिकी के साथ बल्कि जीवन रक्षक हस्तक्षेपों तथा अभूतपूर्व प्रक्रियाओं के वादे के साथ सुसज्जित आईसीयू तैयार रहेगा। इस अस्पताल में 24 घंटे आपातकालिन सेवा उपलब्ध रहेगी।इस अस्पताल के माध्यम से झारखंड के सभी मरीजों को विश्वस्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराया जाएगा।गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के लिए झारखंड के लोगों को दूसरे शहरों में नहीं भटकना होगा।रांची व आसपास की 22 लाख जनसंख्या के अनुपात में मरीजों की संख्या के लिहाज से आधारभूत संरचना उपलब्ध रहेगा।



**रांची स्मार्ट सिटी से जमीन लेकर अपोलो प्रबंधन को निःशुल्क कराया गया है उपलब्ध**

अस्पताल निर्माण के लिए रांची नगर निगम ने रांची स्मार्ट सिटी से जमीन लेकर अपोलो प्रबंधन को निःशुल्क उपलब्ध कराया है। स्मार्ट सिटी में 2.75 एकड़ जमीन पर ये अस्पताल जल्द आकार लेगा और झारखंड के मरीजों को अपने ही शहर में इलाज उपलब्ध कराएगा।

### सरकार की स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता

राज्य सरकार हर नागरिक को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कृत संकल्पित है।झारखंड सरकार एक ऐसे भविष्य की कल्पना करती है जहां हर जीवन को महत्व दिया जाय,जहां स्वास्थ्य एक विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक अधिकार हो।इस कल्पना को साकार करने के लिए झारखंड सरकार ने भारत की चिकित्सा उत्कृष्टता के प्रतिक अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ हाथ मिलाया है।

### गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रहेगा हर सुविधा उपलब्ध

यहां हृदय विज्ञान सहित 50 से ज्यादा नैदानिक विशिष्टताएं उपलब्ध होगी। गैस्ट्रोसाइंसेज, न्यूरो साइंसेज, रीनल साइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आंकोलॉजी, आपातकालीन और आघात से बचाव के लिए हमेशा विशेषज्ञ और उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इस अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सिटी स्कैन, पीएफटी इत्यादि जो उन्नत देखभाल के लिए जरुरी होता है वो सबकुछ रहेगा।

#### पीएम मोदी ने न्यायविदों और लेखकों को लिखा पत्र, कहा

## उज्ज्वल भविष्य के लिए वैश्विक शांति आवश्यक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ और 10 अक्तूबर को लंदन में होने वाले न्यायविदों और लेखकों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर आयोजकों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने लिखा कि हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता राष्ट्र और समुदायों के बीच एकता और सहयोग पर निर्भर करती है। सम्मेलन के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता और अंतरराष्ट्रीय न्यायविद परिषद और अंतरराष्ट्रीय लेखक आयोग के अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने लिखा कि वैश्विक शांति उज्ज्वल भविष्य के लिए मौलिक है। उन्होंने लिखा कि हमारे साझा प्रयास एकता पर निर्भर करते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर शांति के लिए भारत की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। पीएम ने लिखा कि मुख्य न्यायाधीश, मंत्री, संसद सदस्यों, बार नेताओं, लेखकों, संपादकों और कानून शिक्षकों की सामूहिक विशेषज्ञता वैश्विक शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है।प्रधानमंत्री ने लिखा कि नए संघर्ष राष्ट्रों की सामाजिक और आर्थिक स्थिरता को खतरा पहुंचाते हैं।उन्होंने कहा कि सम्मेलन में होने वाली चर्च शांति, सद्भाव और कल्याण के लिए दूरदर्शी रूपरेखा तैयार करेगी। उन्होंने प्रतिभागियों को उनके विचार-विमर्श में सफलता की कामना करते हुए वैश्विक शांति को बढ़ावा देने में उनके सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। बता दें कि सम्मेलन नौ और 10 अक्तूबर को लंदन में होगा। इसमें लेखक और न्यायविद हिस्सा लेंगे।



## महिला टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया का खुला खाता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में आखिरकार टीम इंडिया का खाता खुल गया है. पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार के बाद अपने दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने वापसी करते हुए चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया. भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके दम पर पाकिस्तानी टीम सिर्फ 105 रन ही बना सकी. बल्लेबाजों ने हालांकि फिर निराश किया और इस मुकाबले को मुश्किल बना दिया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बेहतरीन पारी खेलते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया. इसके साथ ही टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है. दुबई में खेले गए इस मुकाबले में ज्यादा बड़ा स्कोर देखने को नहीं मिला. उम्मीद के मुताबिक दिन के वक्त खेले गए मुकाबले में पिच धीमी ही साबित हुई और बड़े शॉट लगाना आसान नहीं था. इसके बावजूद कसी हुई गेंदबाजी की जरूरत थी और पहले ओवर से ही भारत ने इसे सफलतापूर्वक लागू किया. मीडियम पेसर रेणुका सिंह ने पहले ओवर में ही ओपनर गुल फिरोजा को बोल्ड कर शानदार शुरुआत की थी. वहीं स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पांचवें ओवर में सिदरा अमीन का विकेट हासिल कर लिया था.


## भारतीय वायुसेना के विमानों ने किया भव्य प्रदर्शन

**एजेंसी**

**चेन्नई :** चेन्नई के प्रतिष्ठित मरीना बीच के आसमान में भारतीय वायुसेना के विमानों ने रविवार, 6 अक्टूबर 2024 को एक भव्य प्रदर्शन किया. इस शानदार एयर शो को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शकों ने हिस्सा लिया. वायुसेना ने अपनी नई और शक्तिशाली विमानों की शक्ति का प्रदर्शन किया. करीब 72 विमानों ने इस एयर शो में भाग लिया, जो लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होने जा रहा है.इस दौरान लगभग 50 विमानों ने एक विशेष फॉर्मेशन में उड़ान भरी और आकाश में फ्लेयर्स (धुआं छोडने वाली गोलियां) छोड़ते हुए अद्भुत नजारा पेश किया. इसमें सुपरसोनिक फाइटर जेट राफेल भी शामिल था. इस दौरान विरासत विमान डकोटा और हार्वर्ड के साथ-साथ तेजस, एसयू-30 और सारंग ने भी शानदार हवाई सलामी दी. 92वें भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर चेन्नई के मरीना बीच पर, लाइटहाउस और चेन्नई पोर्ट के बीच आयोजित इस समारोह को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, राज्य के मंत्री, चेन्नई की मेयर आर. प्रिया और अन्य गणमान्य लोगों ने देखा.एयर शो के दौरान विरासत विमान डकोटा और हार्वर्ड, तेजस, एसयू-30 और सारंग ने भी अपनी उपस्थिति से शो को और शानदार बना दिया. सुखोई एसयू-30 ने अपनी अद्वितीय लूप-टंबल-यॉ जैसी उड़ान क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिससे आकाश में रोमांचक दृश्य पैदा हुआ.

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
कोई स्टेज, कोई लक्षण
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
हमारा लक्ष्य
धनबाद फर्स्ट
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार,
राँची स्मार्ट सिटी अंतर्गत राँची नगर निगम के सहयोग से
अपोलो हॉस्पिटल इन्टरप्राइजेज के
300+ बेड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का
शिलान्यास समारोह
एवं
इस्लाम नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
अंतर्गत निर्मित 291 आवासों का
उद्घाटन समारोह
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा
विशिष्ट अतिथि
श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद, राँची लोकसभा
श्री बन्ना गुप्ता
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड
श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड
डॉ० महुआ माजी
माननीय सांसद, राज्यसभा
श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह
माननीय विधायक, राँची विधानसभा
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा
डॉ० प्रीता रेड्डी
एक्जीक्यूटिव वाईस चेयरमेन, अपोलो मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लि०
दिनांक : 07 अक्टूबर, 2024 (सोमवार), समय : अपराह्न 01:00 बजे से
स्थान : एरिया बेस्ट डेबलपमेंट क्षेत्र, स्मार्ट सिटी, धुर्वा, राँची
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-338162 (IPRD) 24-25



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, सोमवार, 07 अक्टूबर 2024| पेज 2

# बदली है चिनियां की तस्वीर, सारी सुविधाएं होंगी उपलब्ध : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** चिनियां प्रखंड वासियों को दशहरा का बहुत बड़ा तोहफा मिला है। चिनियां प्रखंड मुख्यालय में लगभग साढ़े 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सर्व सुविधा संपन्न सामुदायिक स्वास्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काटकर, विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब चिनियां की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है। आज से चार वर्ष पूर्व चिनियां आने के लिए लोगों को सोचना पड़ता था। यहां कोई भी मूलभुत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अब यहां सर्वसुविधा युक्त अस्पताल का भी निर्माण हो चुका है। बहुत जल्द यहां इलाज की सारी सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री ने कहा कि 2.1 एकड़ भूमि में 30 बेड के इस अस्पताल का निर्माण किया गया है। मंत्री ने कहा कि यदि कोई भी जनप्रतिनिधि इमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाये तो क्षेत्र को विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग से यहां 206 करोड़ रूपये की लागत से 99 किमी सड़क का निर्माण किया गया है। साथ ही अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। मंत्री ने कहा कि पहले यहां डबल इंजन की सरकार थी लेकिन वो भी झूठ सच बोलने में रह गई। मौके पर मुख्य रूप से सीएस डॉ अशोक कुमार, संवेदक अनिल सिंह सहित कई चिकित्सा कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जमीनी विवाद में चली गोली, दोनों पक्षों की ओर से 28 लोगों पर मामला दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के मझिगांवा पंचायत के पूर्णा मझिगांवा गांव में शुक्रवार के सुबह जमीन विवाद में चली गोली मामले में दोनों पक्षों की और से 28 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी कार्रवाई करते हुए द्वितीय पक्ष के चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्णा मझिगावां गांव निवासी आशुतोष कुमार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। जबकि आशुतोष कुमार के लाइसेंसी हथियार डीबीबीएल बंदूक जब्त करते हुए घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया गया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि प्रथम पक्ष रविंद्र प्रसाद चौरसिया द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में 17 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है जबकि दूसरे पक्ष कृष्ण प्रसाद चौरसिया द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में 11 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। दोनों पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन के अनुसार जमीनी विवाद में गोली चलाई गई है।

# खिचड़ी भोग का किया गया वितरण



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौधराना बाजार स्थित शनि मंदिर में यंग जायंट्स ऑफ़ गढ़वा के द्वारा मंदिर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग लगाकर भक्तों को खिलाई गई। मौके पर ग्रुप अध्यक्ष अंशित केशरी, सचिव मनीष केशरी, आंतरिक उपाध्यक्ष प्रियांशु केशरी, वाह्य उपाध्यक्ष देव केशरी, राहुल केशरी कोषाध्यक्ष, किशन केशरी, कृषु केशरी, रोहन केशरी, वैभव प्रकाश, शुभ केशरी, प्रिंस गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद मे दुर्गापूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रभारी एसडीओ सह एलआरडीसी हुसैनाबाद गौरांग महतो, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में नवरात्र व दशहरा को लेकर हुसैनाबाद के भट्ठी रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार, जेपी चौक होते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी हुसैनाबाद पंकज कुमार, बीडीओ हुसैनाबाद रौशन कुमार, थाना प्रभारी हुसैनाबाद संजय कुमार यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता सहित दर्जनों पुलिस के जवान शामिल रहे।

# मतदानकर्मियो को प्रथम चरण का दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय में रविवार को सभी शिक्षकों, सहायक अध्यापकों, पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से सबंधित प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया था. प्रथम पाली में नगर उंटारी प्रखंड के सभी शिक्षक व सहायक अध्यापकों तथा द्वितीय पाली में रमना प्रखंड के सभी शिक्षक,सहायक अध्यापकों, नगर उंटारी व रमना प्रखंड व अंचल के पदाधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य विभागों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी चुनाव कर्मियों को चुनाव के पूर्व, चुनाव के दिन और चुनाव के पश्चात के कार्यो के बारे में विधिवत जानकारी दी गई। उन्हें मतदान केंद्र पर वोटिंग कंपार्टमेंट बनाने, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं भीभी पैट को सही तरीके से जोड़ने, मॉक पोल प्रक्रिया, मतदान की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक की प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से दिया। इसके अलावा, चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता हेल्पलाइन ऐप की जानकारी दी गयी। चुनाव प्रक्रिया में की जाने वाली आम गलतियों, इवीएम एरर, वेब कास्टिंग, एवं पोलिंग बूथ के लेआउट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मास्टर ट्रेनर अमित शुक्ला, अभिनशा सिन्हा, प्रदीप श्रीवास्तव, श्रीवत्स गर्ग, प्रदीप कुमार, अखिलेश प्रसाद, अविनाश कुमार, अमित शुक्ला, विकास पांडेय , सतीश चौबे, सूर्यकांत शर्मा, अरविंद कुमार यादव सहित सभी मास्टर प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में मतदानकर्मी उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड नगर उंटारी एवं सगमा के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं वीएलई का मनरेगा संबंधी तीन दिवसीय प्रशिक्षण का रविवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री सुरेन्द्र दुबे द्वारा मनरेगा योजनाओं का चयन, मजदूरों का जॉब कार्ड बनाने की प्रक्रिया, पोर्टल पर जॉब कार्ड प्रविष्टि, मास्टर रोल जेनरेशन, मजदूरों की सूची की निर्माण, मास्टर रोल का भुगतान, मुखिया एवं पंचायत सचिव का लॉगिन संचालन, एफटीओ का निर्माण, इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने बताया की प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा के पंचायत स्तरीय कार्यों को पंचायत से ही निष्पादित कराना है। झारखंड सरकार द्वारा संचालित डिजिटल पंचायत योजना अंतर्गत मजदूरों द्वारा कार्यों की मांग से लेकर उन्हें कार्य के पश्चात भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया पंचायत सचिवालय में प्रतिनयुक्त वीएलई के सहयोग से कराने का प्रावधान किया गया है। मास्टर ट्रेनर द्वारा मनरेगा कार्यों में ग्राम सभा के साथ साथ मुखिया एवं पंचायत सचिव की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण पर्वेक्षक सह प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार के द्वारा प्रशिक्षण का फीडबैक लेकर धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण में मुखिया सानिधा सोनी, सुशीला देवी, कुमारी रेखा, मनोज कुमार ठाकुर, फिरदौस अंसारी, अजय प्रसाद गुप्ता पंचायत सचिव के एम सीमा, सरोती कुमारी, नंद कुमार मेहता, बिरेंद्र कुमार सिंह, वीएलई अवसद कुमार, मिथलेश कुमार ठाकुर, नसीम अंसारी, फिदा हुसैन, ललन पटेल सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर रेहला पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा महोत्सव मे शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से रविवार को रेहला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला. मार्च की शुरुआत रेहला थाना चौक से हुआ. नगर भ्रमण करते हुए मार्च लगभग सभी पूजा पंडालों से गुजरा. मार्च मे विश्रामपुर के प्रभारी बीडीओ विजय प्रसाद मरांडी, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी संतोष कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे. सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों ने आम लोगों से नवरात्र पूजन और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने का अपील किया. थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस गस्ति बढ़ा दी गई है. किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दिया जायेगा.पुलिस असमाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी हुई है. शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जायेगा।

# सैकड़ो युवा बीजेपी में शामिल, सभी को विधायक ने भाजपा में किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत टाउनशिप स्थित विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर अरसली उत्तरी और झुमरी के झामुमों और बीएसपी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानु प्रताप शाही ने भाजपा का पट्टा पहना कर भाजपा में स्वागत किया। उक्त मौके पर शंकर चंद्रवंशी, उपेंद्र बियार, आजाद बियार, शशि शेखर रजक, गणेश राम, उदय प्रजापति, शिवनाथ पासवान, सीताराम, छोटू राम, संतोष चंद्रवंशी, अर्जुन राम, सुखलाल पासवान, सोनू राम, रवि पासवान, उपेंद्र पासवान, वीरेंद्र शर्मा, मुन्ना राम, संजय राम, जयकुमार प्रजापति, दिवांशु कुमार, पंकज चंद्रवंशी, रविरंजन रजक, राजू पासवान सहित अन्य लोगो ने विधायक की विकास और लोगो का विश्वास देख भाजपा में शामिल होने का निश्चय किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि झामुमो हमेशा सिर्फ और सिर्फ जनता को बर्गलाने का काम किया है, जबकि कोरोना काल में और अन्य समय जब जनता को जरूरत पड़ता है तब यह राजा और अन्य प्रत्याशी सब सो जाते हैं। जबकि अकेले भानु प्रताप शाही जनता के सेवा में शामिल रहता है, जनता के बीच में रहता है। और जब चुनाव आती है तो सब जाग जाते हैं और जनता को पर बर्गलाने का काम करते हैं। इसलिए आप सभी भाजपा से जुड़िए और भाजपा को मजबूत कीजिए।

# लालू से मिले एनपी के निवर्तमान उपाध्यक्ष, पेश की दावेदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद की राजनीति में तीन दशक से सक्रिय हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से उनके पटना स्थित आवास पर मिले। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि वह तीन दशकों से हुसैनाबाद की राजनीति में सक्रिय हैं। वह शुरू से जनता पार्टी जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने गत नगरपंचायत हुसैनाबाद में उपाध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर लड़े थे और जीत हासिल किया था। इस बीच उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहकर जनता की सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल से उन्हें टिकट मिलता है, तो वह हुसैनाबाद सीट उनकी झोली में डालने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह शुरू से सभी जात धर्म के लोगों को साथ लेकर चलते हैं। उन्हें सभी जाति धर्म के लोगों का समर्थन मिलेगा। ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी से भी मिले उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। लालू प्रसाद यादव व अब्दुल बारी सिद्दीकी ने उनके आवेदन पर विचार करने का आश्वाशन दिया है।

# चंचला देवी ने किया दर्जनों गांव का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** 78 अनुसूचित छतरपुर पाटन विधानसभा में सुदूरवर्ती क्षेत्र चूड़ा दोहर, टड़वा, भीखही पलवा समेत दर्जनों गाँव की दौरा छतरपुर - पाटन के भावी उम्मीदवार चंचला देवी ने सम्मानित जनता जनार्दन से मिले। लोगों का दुख हाल-चाल जाना। सुदूरवर्ती इलाके होने के कारण कोई भी प्रतिनिधि का क्षेत्र में आगमन नहीं हो पता है। इस कारण हम लोग विकास से कोसों दूर है। चंचला देवी ने कहा हम आप लोगों के साथ हर समय है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति उमाशंकर मोची, रंजू देवी सोनी देवी, कविता देवी, भीम चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, इंद्रदेव सिंह डॉक्टर गणेश चंद्रवंशी नरेश भारती पप्पू चंद्रवंशी पंकज कुमार, राकेश चंद्रवंशी, आकाश चंद्रवंशी, रूपलाल स्व, माइकल कुमार, मिथलेश चंद्रवंशीय, सुरेंद्रनाथ सिंह, राजेंद्र नाथ सिंक, हरिनंदन उरांव, उपेंद्र उरांव, रमेश उरांव, शिवकुमार भुइयाँ, कांग्रेस भुइयाँ, सुकुल स्व, संतु साहू, बसंत याद व, जमुना चंद्रवंशी तथा अन्य लोगों उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर बीडीओ ने पुलिस बल के साथ किया फ्लेग मार्च



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड के क्षेत्र में दुर्गा पूजा दशहरा को लेकर बीडीओ अमित कुमार झा के नेतृत्व मे पाटन पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, पाटन थाना प्रभारी लाल जी, ओपी प्रभारी निलेश कुमार के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। दुर्गा पूजा के लेकर पाटन की पुलिस एक्टिव मूड में है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि पाटन, किशुनपुर, लोईगा के क्षेत्र में घूम कर पूजा पंडालो का जायजा लिया। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील किया दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर हर जगह चौक चौराहे पर पुलिस की व्यवस्था की गई है। साथ में एएसआई समेत सैकड़ो पुलिस बल फ्लैग मार्च में शामिल थे।

# भाकपा माले का छतरपुर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरसैता में पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय भाकपा माले का कन्वेशन संपन्न हुआ। कन्वेशन में बतौर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह ने कहा कि आज के दौर में दोस्त और दुश्मन पहचानने की जरूरत है। भाजपा चुनाव जीतने के लिए सारी हदें पार कर रही है। भाकपा माले एक मात्र जमीनी पार्टी है। जो सामंत और जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और लड़ भी रही है। रविन्द्र भुइया ने कहा कि आज से 35 वर्ष पूर्व इस इलाके में दलित सबसे ज्यादा शोषित था। लेकिन भाकपा माले के आंदोलन के कारण इस इलाके में दलित शान से जी रहा है।भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य सुषमा मेहता ने कहा कि देश में महिलाओं के ऊपर लगातार अत्याचार हो रही है। भाजपा बलात्कारियों को पनाह दे रहे हैं। पूरे देश में बलात्कार की केस बढ़ रहे हैं। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है।काली चरण मेहता ने कहा कि पाटन छतरपुर के इलाका में लगातार भाकपा माले अपनी आंदोलन के बदौलत गरीब दलित मुस्लिम और आदिवासियों की हिफाजत की है और यही चीज यहां के विधायक और संसद को पसंद नहीं आ रहा है क्योंकि यहां का दलित सीन तानकर जी रहा है। कॉन्वेशन में प्रदीप विश्वकर्मा, कमेश सिंह चेरो, दिव्या भगत, त्रिलोकीनाथ, पवन विश्वकर्मा, कपिल प्रजापति, उषा देवी, ममता कुमारी आदि ने भी संबोधित किया।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया. सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम, जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया।संगीतांजली कार्यक्रम में राजकुमारी देवी, वृन्दा देवी व सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने नवरात्रि के अवसर पर सभी सत्संगियों को शुकमनाये देते हुये कहा कि यदि हम सब प्रतिदिन अपने माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन करते है तो हमसबों को माँ भगवती की कृपा अवश्य प्राप्त होगी.माँ भगवती प्रसन्न होगीं। हमे माँ भगवती से प्रार्थना करना चाहिये कि मेरे अंदर काम, क्रोध,मद, लोभ, अभिमान जैसे जो शत्रु हैं, उनका नाश कर हमे शक्ति प्रदान करे, जिससे भक्ति का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य सत चिंता में लगा रहता है तो,उसके अंदर सदभाव आते है।जिससे मनुष्य अध्यात्म के क्षेत्र में आगे बढ़ता है।याजक राजकुमार दा ने डीपी वर्क्स करने पर विस्तार से चर्चा किय्या। ऋत्विक विजय नंदन प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सत्संग में उपस्थित होकर सत्संग का प्रसाद ग्रहण करने से अवसाद मिटता है।अपने सत्संगी परिवार से मिलकर उनके वर्तमान स्थिति से अवगत होना डीपी वर्क्स कार्य है।उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को सम्पादित करने के लिये धन की आवश्यकता होती है।अर्थ एक ऐसी पूंजी है,जिसे अध्यात्म के क्षेत्र में लगाने से बहुत अधिक वृद्धि होती है जिससे जीवन का कल्याण होता है। सत्संग में संजय दा, गोविन्द दा, अजय दा, श्रीकांत कुमार, भोला प्रसाद, सीमा देवी, अनिता सिन्हा, प्रभा देवी, निर्मला जायसवाल, पप्पू, चंचला गुप्ता, मधुबाला देवी, चांदनी सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

# आम लोगों को राज्य सरकार की उपलब्धियां से कराएं अवगत : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** कांग्रेस द्वारा लक्ष्य विधानसभा चुनाव 2024 जनसंवाद अभियान के तहत शनिवार देर शाम आठ बजे विश्रामपुर विस क्षेत्र के बी मोड़ चौक पर चौपाल लगाय गया.जिसमे बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस के प्कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी व प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार सहित कई दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया.संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने किया.कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास किया. जनसंवाद के दौरान नेताओं ने कार्यक्रताओं और आम लोगों की बातें सुनी. स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए. मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रताओं से आह्वान किया कि गांवों में जाकर जानता के दुख दर्द को साझा करें और उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें, सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाते हुए केंद्र सरकार के दोहरी नीति व नाकामी को उजागर करें. उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रखी है.जिससे प्रदेश का हर परिवार लाभान्वित हो रहा है.झारखंड की जनता ईमानदार है.जो उनका काम व राज्य का विकास करेगा वे उसी को अपना समर्थन देंगे. श्री उरांव ने कहा कि भाजपा अन्य राज्यों के लोगों को बुलाकर जनता को गुमराह करने के मुहीम पर लगी हुई है.कार्यक्रताओं को उनकी इस विभाजनकारी मुहिम को जनता के सहयोग से ध्वस्त करना है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### सहज योग केंद्र में सत्य, साधना एवं ब्रह्मचर्य के महापर्व नवरात्रि का भव्य आयोजन

**रांची :** भारतीय उपासना में स्त्री तत्व की प्रधानता पुरूषों से अधिक मानी गई है। नारी शक्ति ही संसार की सार्थकता भी सिद्ध करती है। नारी शक्ति को ही चेतना का प्रतीक भी कहा जाता है। शक्ति की प्रतीक माँ दूर्गा के सभी नौं रूपों की पूजा एवं आराधना का भव्य आयोजन राँची के मनातू मैं नवनिर्मित निर्मलधाम सहजयोग केन्द्र में प्रतिदिन सुबह 07:00 से 09:30 बजे तक किया जा रहा है, जिसका समापन विजयादशमी के दिन किया जायेगा। पूजा में स्त्री-पुरूष के साथ नन्हे-नन्हें बच्चे सहित हजारों की संख्या में सहजयोगी भक्तगण प्रतिदिन इस नवनिर्मित निर्मल धाम में पहुंच रहे हैं। माँ दूर्गा के अलग-अलग रूपों का पूजन एवं मंत्रोच्चार के साथ परम पूजनीय श्री माताजी निर्मला देवी के आवाहन से वहाँ का वातावरण दिव्यता से प्रकाशित हो रहा है। नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की आराधना अनेकों भजन जैसे- 1.) तू ही जगत पिता, तू ही परमपिता, 2.) आओ जी आओ हमारे हृदय श्री माताजी, 3.) सहज की धाराओं का हम अमृत पीते हैं, 4.) नवदुर्गा की ज्योत जलाओ रे इत्यादि भजन गाकर की गई।

### हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह

**रांची :** इंडियन बैंक के राँची अंचल कार्यालय में दिनांक 14 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाई गई। जिसके तहत 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।। सभी प्रतियोगिताओं में सभी स्टाफ सदस्यों ने बड़-चड़कर भाग लिया। पखवाड़ा अवधि के दौरान स्टाफ सदस्यों को अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विस्थापितों को बसाने जा रहे हैं

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र



**रांची।** पांच और छह अप्रैल 2011 को झारखंड की राजधानी और नगर निगम वार्ड 16 व 17 इस्लामनगर जहां झोपड़पट्टी में जिंदगी बसर करने वाले गरीबों को एकाक बुलडोजर चलाकर उजाड़ दिया गया था।इस जद्दोजहद के 14 साल बाद आखिर मुख्यमंत्री के हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आसियाना मिलने जा रहा है। बताया गया कि इस्लाम नगर के लोगों को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 7 अक्टूबर 2024 को विधिवत ध्रुर्वा स्थिति स्मार्ट सिटी से इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों होना है। रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ने उद्घघाटन की सूचना जारी की है। जारी सूचना में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तृतीय घटक अन्तर्गत इस्लाम नगर एएचपी ÷ के नवनिर्मित आवसों का उद्घाटन कार्यक्रम 07.10.2024 को होगा। धुर्वा स्थित रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में इसको लेकर कार्यक्रम निर्धारित की गयी है।

**पांच अप्रैल 2011 को क्या हुआ था:** पांच और छह अप्रैल 2011 दो दिन जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। वर्षों से बांस बल्ली के सहारे बने गरीबों की आशियाने को उजाड़ दिया गया था। अभियान के तहत इसलामनगर के लगभग 1175 से अधिक बसें बसाये परिवारों का आशियाना उजड़ गया था। विरोध करने वाले में कई लोग घायल हुए और पुलिस की गोली से दो युवकों गोल्ड और गुड्डू की मौत हो गई थी।

**मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की सरकार थी:** तब राज्य के मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो और हेमंत सोरेन थे। नगर निगम महापौर रमा खलखो,उप महापौर अजयनाथ शाह देव,वार्ड 16 नजमा रजा, वार्ड 17 के पार्षद सलौद्दीन संजू थे। इस्लामनगर में दोनों वार्ड के लोग बसे हैं। उपायुक्त केके सोन थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की भाजपा सरकार में इस्लामनगर के विस्थापितों के लिए जी प्लस श्री मल्टीस्टोरिज बिल्डिंग तैयार किया गया था, उम्मीद थी की रघुवर सरकार में ही विस्थापितों के सपने साकार होंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में विस्थापितों का यह सपना पूरा होने जा रहा है।

**याचिकाकर्ता ने हैं:** इस्लाम नगर टूटने के बाद हमदर्द कमेटी से याचिकाकर्ता मो शकील सामने आये और झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे। राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी ने बस्तीवालों को बचाने के लिये अपना सहयोग दिया। हाईकोर्ट में याचिका दायर की। फिर इस्लामनगर वासियों ने केस जीता। उसके बाद तत्कालीन आयुक्त केके सोन ने सर्वे करा कर 1175 से 444 इस्लाम नगर वासियों की सूची तैयार की गई जो विस्थापित हो गये थे। लेकिन 291 लोगों के लिये फ्लैट तैयार किया गया चिन्हित 153 विस्थापितों को इस सुविधा से वंचित रखा गया।

**6 एकड़ 9 डीसमील जमीन को लेकर था विवाद:** कोर्ट में इस्लामनगर विस्थिपित थे तो दूसरी ओर पॉलिटेक्निक जिसकी हार हुई। लगभग 6 एकड़ 9 डीसमील जमीन को लेकर विवाद पैदा हुआ था।अभी 3 एकड़ जमीन में विस्थापित पुनर्वास निति के तहत 291 लोगों के लिये तीन एकड़ जमीन पर बने लगा 33 करोड़ की योजना राशि से जी प्लस श्री मल्टीस्टोरिज बिल्डिंग तैयार की गई है जिस आवंटित किया जाना है। लेकिन इस 291 में इस्लाम नगर में जिन गंवाने वाले मृतक गुड्डू और गोल्डन के परिवार पूरी तरह से वंचित रह गये। 291 में अब किसी कारणवश सिर्फ 288 लाभुकों को आवास मिलेगा। ये सभी ने पचास हजार करके राशि का भुगतान किये हैं।



**किसने क्या कहा:** हमदर्द कमेटी के मो शकील ने बताया माननीय न्यायालय के आदेश पर इस्लामनगर के विस्थापितों में 1175 आवेदन जिला प्रशासन को दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा सत्यापन के उपरांत 444 विस्थापितों को आवास देने की स्वीकृति प्रदान की थी, लेकिन नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त द्वारा 291 विस्थापितों का लॉटरी कराया गया। नगर निगम के आरएमसी एएचपी इस्लाम नगर रांची नाम से पीएमएवाई कोषांग में विस्थापितों ने अंशदान 50,000 रुपये जमा भी कराने के बाद आवास मिलने जा रहा है।



**बाकी विस्थापितों को भी आवास दिया जाए:** वार्ड 16 की निवर्तमान पार्षद नजमा रजा ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद आज इस्लामनगर वासियों का सपना पूरा होने जा रहा है, जो विस्थापित हुए थे, उसे आवास मिल रहा है। 291 विस्थिपितों को चिन्हित करके आवास दिया जा रहा है , जिसमें किसी कारणवश अब 288 विस्थापितों बचे हैं उसे ही आवंटित होगी। मैं सरकार से मांग करती हूं कि सभी विस्थापितों को भी सूची में शामिल किया जाए । 6 एकड़ 9 डीसमील जमीन है, 3 एकड़ जमीन पर फ्लैट बनाकर आवंटित क्या जा रहा है, तीन एकड़ छह डीसमील जमीन अभी भी है इस पर भी बचे बाकी सभी विस्थापितों को फ्लैट बनाकर आवंटित किया जाए।



**पूर्व पार्षद ने कहा बचे विस्थापितों को भी मिले घर:** वार्ड 17 के पूर्व पार्षद सलाउद्दीन उर्फ संजू ने कहा कि 1175 से अधिक लोगों का घर जिसे तोड़ा गया था । हमलोगों ने बहुत विरोध किये इसके बाद अब 444 विस्थापितों का सर्वे करके 291 विस्थापितों को पुनर्वास निति के तहत आवास दिया जा रहा है। लेकिन बाकी बचे विस्थिपितों को भी शामिल किया जाए जो लंबे समय से इस्लामनगर में बसे थे, लेकिन उसे विस्थापित सूची में शामिल नहीं करना और आवास नहीं मिलना दुखद है , उम्मीद करते हैं उन विस्थापितों को भी चिन्हित करके सरकार आवास आवंटित करायेगी, मृतक गुड्डू और गोल्डन के परिवार को भी सरकार आवास दें।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की पूजा पंडाल का अनावरण आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 7 अक्टूबर दिन सोमवार संध्या 6:00 बजे चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की पूजा पंडाल का अनावरण और उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व मेयर आशा लकड़ा एवं अन्य शहर के गणमान्यों के द्वारा मधुर नागपुरी भजन संध्या सुप्रसिद्ध नागपुरी भजन गायक कलाकार पवन रॉय, मनोज शहरी सुमन गुप्ता किया जाना है। इस उद्घाटन के इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं गण मौजूद रहेंगे ।

## इस्लामनगर वासियों के सपनों का आसियाना मिलने जा रहा है : डॉ महुआ माजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर विभिन्न गली मुहल्लों से आम जन अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं। सभी की समस्याओं से सांसद अवगत भी हो रही है। इसी दौरान राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने निवर्तमान पार्षद नजिमा रजा के आवेदन पर एवं शकील के आग्रह पर इस्लामनगर के विस्थापितों के लिए निर्मित भवन के उद्घाटन के संबंध में रांची नगर निगम के नगर आयुक्त एवं सचिव अर्बन डेवलपमेंट से टेलिफोनिक वार्ता कार इस पर पहल करने की बात कही ताकि उद्घाटन के बाद जल्द से जल्द आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो



सके। दुर्गा पूजा को लेकर राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के टीम के साथ राधा गोविंद स्ट्रीट एवं सदर अस्पताल के पास के सड़कों का निरीक्षण कर शहर के सभी खराब सड़कों को दुर्गा पूजा के पहले दुरुस्त करने के लिए रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को कहा। रांची सदर अस्पताल में लायंस क्लब के मेंबरों के साथ जरूरतमंदों के बीच माननीय सांसद ने खिचड़ी का भी वितरण किया।अपने आवास पर मंईया सम्मान योजना से संबंधित शिकायत लेकर आई महिलाओं का वार्ता कार उनके शिकायत का निपटारा किया।

## लोवाड़ीह स्थित टीओपी की मांग की गई थी जो अब तक नहीं हुई पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर के भीड़भाड़ के बीच बसे नामकुम थाना क्षेत्र के नजदीक लोवाडीह ,भुइंया टोली , मौलाना आजाद कॉलोनी और इसके आसपास में सुरक्षा की दृष्टिकोण से और अपराधी गतिविधियों की रोकथाम, नशाखोरों पर विराम लगाने के लिए पुलिस टीओपी स्थापित कराने की मांग की जा रही थी । इस संबंध में पुलिस की तैनाती के लिए 24 जुलाई 2023 को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के नाम अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत मौलाना आजाद कॉलोनी के द्वारा आवेदन दिया गया था। पंचायत के सदर हाजी साउद आलम ने बताया की लोवाड़ीह भुइंया टोली के कुछ साथियों के साथ हम लोगों ने वरीय पुलिस अधीक्षक

**इस संबंध में पुलिस की तैनाती के लिए 24 जुलाई 2023 को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के नाम अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत मौलाना आजाद कॉलोनी के द्वारा आवेदन दिया गया था।**

रांची तत्कालीन कौशल किशोर को आवेदन दिये थे और लोवाडीह स्थित मौलाना आजाद कालोनी रोड के सामने जो मंदिर है उसके बगल में एक पुलिस टीओपी खोलने की मांग किये थे, लेकिन अभी तक यह मामला लंबित है । प्रशासन से अनुरोध है कि इस पर अविलंब कार्रवाई हो, ताकि पुलिस टीओपी खुल जाने से आपराधिक घटनाओं पर कंट्रोल होगा, नशाखोरी पर विराम लगेगा और आम व्यक्ति को डर और भय से मुक्ति मिलेगी।

## युवा दस्ता दुर्गा पूजा में आये श्रद्धालुओं की करेंगे मदद : डीआईजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** युवा दस्ता का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रेस क्लब राँची में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी राँची अनूप बिरथरे , एसडीओ राँची उत्कर्ष कुमार , वशिष्ठ अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा , रामधन बर्मन , समाजसेवी शंकर दुबे, राजेश गुप्ता एवं उपेन्द्र रजक उपस्थित थे । सभी अतिथियों का भव्य स्वागत मंटू दुबे , राकेश सिंह , सुमित साहू , शाहिल कुमार ने अंगवस्त्र देकर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू एवं संचालन पीयूष आनंद ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू ने दिया ।प्रशिक्षण शिविर में दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रिय प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्रो में होने वाले कठिनाइयों की जानकारी बैठक में सभी लोगो के समक्ष रखी । डीआईजी राँची ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेंगे एवं प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात का ध्यान रखेंगे ।बैठक में एसडीओ राँची ने कहा कि पिछले वर्ष भी युवा दस्ता ने पूजा महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और हम आशा करते है कि इस वर्ष युवा दस्ता का सहयोग मिलेगा। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों से कहा कि सारे सदस्य पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे । मौके पर मनीष केसरी , राधे सिन्हा , राहुल सिन्हा चंकी ,रणधीर रजक , मुकेश कंचन , राजेश राम , अमित केसरी , टिंकू महतो , सोनू भारद्वाज , ओम प्रकाश शर्मा , अभिनव पासवान , सोनू पटवा , करण नायक , राजू सिंह , आयुष कुमार , नवनीत पांडेय , अतुल मिश्रा , राकेश सिंह एवं रितेश साहू ने अपने विचार रखे । मौके पर सैकड़ो सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

## बेवजह खुश रहिए क्योंकि वजह बहुत महंगी है : डॉ फादर एन लकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज रांची में 05/10/3024 को हम नहीं परन्तु आप प्रज्ञान नैशनल सर्विस स्कीम (एन एस एस ) 56वा वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसका आयोजन नेशनल सर्विस स्कीम संस्थान ने हर वर्ष जैसे इस वर्ष भी किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथि के आगमन के पश्चात द्वीप प्रज्वलित करने हुई । कार्यक्रम में लगभग पांच सौ छात्राओं ने मिल कर सहभागिता दिखाई और कई




संगीत ,नृत्य और फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी ।साथ ही आजादी का महोत्सव में हुए सभी प्रतियोगिता नुक्कड़ नाट्य ,संगीत , नृत्य और क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी थी उन सभी को पुरुस्कृत किए गया। महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर फादर नाबोर लकड़ा एस जे अपने अनमोल वचनों से सभी का उत्साह बढ़ाया और कहा बेवजह खुश रहिए क्योंकी वजह बहुत महंगी है ,साथ ही बताया कि स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है और अगर लोग अपना आंगन स्वच्छ रखेंगे तो पूरा पूरा भारत स्वच्छ भारत बनेगा। मुख्य अतिथि पूर्व एन 0एस 0एस 0 ऑफिसर डॉ कमल बोस ने विद्यालय के युवाओं को संबोधित किया और कहा एन 0एस 0एस वर्तमान नही भविष्य की बात करता है ।

## भारत आदिवासी पार्टी ने किया कमेटी गठित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी अड़की प्रखंड कमिटी की बैठक सेरेंगहातु अड़की मे संपन्न हुई । इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा एवं राज्य सचिव सोबरन सिंह मुंडा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम मे वक्ता गणों ने कहा कि भारत आदिवासी पार्टी पूरे तमार विधानसभा में दम खम के साथ लड़ेगी और आदिवासियों मुद्दे को लेकर के आवाज बुलंद करेगीद्य क्योंकि 23 वर्षो के अलग राज होने के बावजूद भी आदिवासियों मुद्दे धर्म कोड,पेसा कानून, स्थानीय नियोजन नीति,समता जजमेंट ट्राइबल सब प्लान यदि पर अभी तक काम नहीं हुआ है। इस बैठक में सर्वसमिति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए 1 सर्वसमिति से दुर्गा चरण मुंडा को प्रखंड कमेटी भारत आदिवासी पार्टी के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष पांडू मुंडा , उपाध्यक्ष मंगलेश्वर मुंडा , सचिव देवीलाल मुंडा , उपसचिव शंभूनाथ मुंडा , महासचिव हरि सोय को सड़क उप कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र मुंडा को सड़क कोषाध्यक्ष, खुदीराम मुंडा मीडिया प्रभारी , सोमा पातर महिला अध्यक्ष पार्वती देवी को नियुक्त किया गया। 2.प्रखंड कमेटी का आदिवासी सम्मेलन 27 अक्टूबर 2024 को आहूत की गई हैद्य इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिदाम सिंह मुंडा,अनिल सिंह मुंडा सुशीला मुंडा, बाहा लिंडा, महेश मुंडा, बिरसा पाहन,सबिता देवी, पीताम्बर मुंडा यदि शामिल थे।

## भाजपा कोर कमेटी में बनी चुनावी रणनीति

**रांची।** प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक बैठक की गई , जीसकीअध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में चुनाव से संबंधित बातों पर चर्चा की गई । इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री एवं सह प्रभारी हिमांता विश्व शरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा , नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी , झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई जी सहित कोर कमेटी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## हिन्दू नारी का आत्मबल जागरण शस्त्रपूजन का उद्देश्य : वीरेन्द्र विमल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिन्दू नारी अबला नहीं सबला है। वह यदि श्रद्धा है, तो शक्तिस्वरूपा भी है। जैसे भगवती दुर्गा ने समस्त देवताओं की शक्ति आत्मसात् कर संपूर्ण दुर्जेय दैत्यों का संहार किया था; उसी प्रकार आज आवश्यकता है, हिन्दू नारी जाति, भाषा, प्रान्त, वर्ग, आदि भेदों में विभाजित हिन्दू शक्ति को एकत्र कर राष्ट्र, धर्म, संस्कृति एवं समाज की सुरक्षा हेतु कटिबद्ध हो। इसी कार्य हेतु विश्व हिन्दू परिषद द्वारा दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति का गठन किया गया है।उक्त विचार विहिप के



झारखंड- बिहार के क्षेत्र मंत्री वीरेन्द्र विमल ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम में माता बहनों को संबोधित करते हुये व्यक्त किया। दुर्गावाहिनी का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आज गुरुगोविन्द सिंह नगर के देवी मंडप पथ स्थित हेसल अखाड़ा श्री हनुमान मंदिर में आयोजित था। कार्यक्रम में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या देवी होलकर की त्रिशताब्दि तथा गोंडवाना की महारानी दुर्गावती की पंचशताब्दी के उपलक्ष में उनको श्रद्धांजलि देते हुये उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा ग्रहण करने का संकल्प लिया गया। शस्त्रपूजन में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा विहिप के प्रान्त अध्यक्ष चन्द्रकान्त रायपत विशेष रूप से उपस्थित हुये। शस्त्रपूजन के बाद एक शोभायात्रा अखाड़ा हनुमान मंदिर से निकलकर जतरा मैदान होते हुये पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ शिव मंदिर गई और वहाँ से देवी मंडप होकर वापस लौटी। कार्यक्रम में मातृशक्ति की दीपारानी, उषा सिंह,

## सरकार बाबा साहब अंबेडकर के सपनों की हत्या कर रही है : लाल सिंह आर्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने 6 अक्टूबर को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्यमंत्री, इंडी गठबंधन के नेता संविधान की किताब दिखाते हुए हर सभा में बोलते थे कि मोदी जी और भाजपा को 400 सीट दे दी तो वे संविधान बदल देंगे। आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन संविधान और आरक्षण की रक्षा करेगी। राहुल गांधी ने ऐसा कर दलित, आदिवासी, पिछड़ों को भड़काकर कुछ प्रतिशत वोट हासिल करने का काम कर लिया। वोट लेने के बाद जैसे ही वे अमेरिका गए, वहां उन्होंने पत्रकार से बातचीत में कहा कि अगर भारत में हम ताकत में आ गए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र है। लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने से पहले दूसरा चरित्र था और लोकसभा चुनाव के बाद उनका दूसरा चेहरा सामने आया। आम जनता कहती है कि राहुल गांधी बड़ी झूठ की मशीन है। यह उन्होंने अपने




चरित्र से भी सिद्ध किया है।उन्होंने कहा कि केवल राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात नहीं करते हैं बल्कि 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि हम आरक्षण का पक्ष में नहीं हैं। आरक्षण से आयोग और दोयम दर्जे को लोग पैदा होते हैं। उन्होंने आरक्षण के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए काका कालेलकर की कमेटी पंडित नेहरू ने बनाई थी। आरक्षण देने के लिए जब रिपोर्ट आई, तब उन्होंने उसको खारिज कर दिया। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग बनाया, लेकिन मंडल आयोग की सिफारिश को कचरे में डाल दिया।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा कि आरक्षण से बुद्धू पैदा होते हैं। पिछड़ा वर्ग को एससी, एसटी को आरक्षण की जरूरत नहीं है, बल्कि मुस्लिम लोगों को आरक्षण की जरूरत है।

## 170 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद मे उमडा जन सैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमज़ आरज़ एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल संतोष देवी अग्रवाल एव उनके परिवार के सौजन्य से शारदीय नवरात्री की चतुर्थी के उपलक्ष्य में अनील,मनोज,अनुप अग्रवाल सह पत्नी शोभा, वंदना,सीमा एवं परिवार के सदस्यों ने श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ, सज्जन पाडिया,बिष्णु सोनी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे निराश्रित मंदबुद्धि मानव उनकी देखभाल कर ने वाले सेवादार सेवा साथीयों और आये हुए बच्चों के बीच 170 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया।

## दर्द उन्मूलन साप्ताहिक कैंप का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिल्वे मैं दर्द उन्मूलन साप्ताहिक कैंप का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने किया ।उन्होंने बताया की स्वस्थ रहने के लिए एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पैथ आयुर्वेद बहुत ही जरूरी है ।यदि हम महंगी दवाओं, जांच,चिरफाड से बचना चाहते हैं तो हमें नेचुरल पैथ को आगे बढ़ना पड़ेगा ।इसके लिए प्रेस,जन सेवक ,जनप्रतिनिधि का सहयोग बहुत ही आवश्यक है।इस अवसर पर टेनिस एल्बो,सटिका ,गठिया, कंधे का दर्द ,घुटना दर्द, पीठ दर्द, गठिया स्लिप ,डिस्क ,सर्वाइकल आदि के मरीज का इलाज किया गया ।आयुर्वेद सलाहकार लखी नारायण सिंह मुंडा एवं नस रोग विशेषज्ञ महेश्वर महतो एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ ललिता कुमारी ने मरीजों का जांच और इलाज किया।हम उम्मीद करते हैं कि आज जिन रोगियों का इलाज किया गया है उनके दर्द रविवार तक सही होने का 90त्न है। यह कैंप प्रत्येक रविवार को चलेगा।इसकी जानकारी प्रेस को एक्यूप्रेशर परिषद सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी।

## सरला बिरला में फैशन फ्यूचरिस्टा और साउंडस्केप प्रतियोगिता



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में छात्रों के लिए फैशन फ्यूचरिस्टा और साउंडस्केप प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें रैंप वॉक और संगीत की प्रस्तुति शामिल थी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। छात्रों ने इको-फ्रेंडली यानी पर्यावरण के अनुकूल चीजों का इस्तेमाल करके अपने प्रॉप्स और कपड़े खुद बनाए, जो बहुत ही सराहनीय था। उन्होंने अपनी कला और कल्पना का प्रदर्शन करते हुए इस आयोजन को विशेष बना दिया। साउंडस्केप में उन्होंने बीटबॉक्सिंग की और रोजमर्रा प्रयोग की जाने वाली घरेलु वस्तुओं से संगीत बनाया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पर्यावरण की रक्षा और रचनात्मक जीवनशैली को समझा और इसे अपनाने के लिए रचनात्मक विचारों के साथ सामने आए, जो आज के समय की बहुत बड़ी जरूरत है।

## स्वसी समाज का बैठक हुआ संपन्न



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी के स्थानीय राजस्था भवन,खूंटी में स्वांसी समाज एकता संघ की मासिक बैठक की गई। जिसमे खूंटी जिला के सभी जिला पदाधिकारीगण एवं कर्रा, तोरपा, खूंटी,रनिया, मुरहू एवम अड़की के सभी प्रखंड अध्यक्षों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया,जिसमे समाजिक उत्थान और विकास पर चर्चा हुई।साथ ही जातिगत परेशानियों को लेकर जिला प्रतिनिधिमंडल जल्द ही स्थानीय सरकारी पदाधिकारीयों से मिलने के बारे में विचार बना।मौके पर जिलाध्यक्ष सुखलाल स्वांसी, सहदेव स्वांसी, लोजो स्वांसी, सहज स्वांसी,अभिराम स्वांसी,रतनलाल स्वांसी,मालती स्वांसी, पूसा स्वांसी,विजय स्वांसी,पुस्पेंद्र स्वांसी,दीपक स्वांसी,प्रदीप स्वांसी,गोपी स्वांसी,विश्वनाथ स्वांसी तथा सभी स्वांसी,समाज के लोग उपस्थित हुए।

## दो दिवसीय ऐतिहासिक जतरा को लेकर समिति और प्रशासनिक पदाधिकारियों की हुई बैठक



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के मुड़मा में 18 और 19 अक्टूबर को लगने वाले दो दिवसीय ऐतिहासिक जतरा को लेकर रविवार 1 बजे प्रशासनिक पदाधिकारी और जतरा समिति की हुई बैठक।

बैठक में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार राँची पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार अग्रवाल धर्मगुरु बंधन पुलिस उपाधीक्षक खलारी अंचल अधिकारी मांडर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे समिति के द्वारा प्रशासन को विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने कहा कि सभी मांगों पर विचार करके जतरा में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर उपाय किए जाएंगे।

# सुरक्षा को लेकर पंडालों का किया गया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में बन रहे पूजा पण्डाल में सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन के तहत सुरक्षा को लेकर रविवार को खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर विजय कुमार सिंह ने घुम-घुम कर निरीक्षण किया। इसी क्रम में वे खलारी स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में बन रहे पूजा पण्डाल पहुंचे। मौकेपर उन्होने समिति के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू व सचिव अवधेश यादव से निर्माण कार्य को लेकर जानकारी लिया। साथ ही पूजा पण्डाल में लगने वाले सीसीटीवी,अग्निशामक यंत्र का भी जानकारी लिया। साथ ही पण्डाल में श्रद्धालुओ के प्रवेश व निकासी के रास्ते को भी देखा। मौके पर उन्होने वोलेन्टियर के लिये पहचान पत्र निर्गत करने,पण्डाल के आसपास प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने सहित अन्य कई आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावे वे करकट्टा, मोहननगर डकरा, धमधमियां सहित अन्य पूजा पण्डाल का भी निरीक्षण किया।



## अज्ञात वहान की चपेट में वृद्धा की मौत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के सिल्ली साहेब बांध के समीप अज्ञात वहान की चपेट में आने से वृद्धा युवती की मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक बृध्दा की पहचान नहीं हुई थी सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

## विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर त्वरित कार्रवाई की



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अड़की विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल के कुशल नेतृत्व में, अड़की प्रखंड के सिंदरी पंचायत अंतर्गत पिस्काहातू ग्राम में जनहित योजनाओं का व्यापक स्तर पर सफल आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, और सर्वजन पेंशन योजना के तहत 300 से अधिक लाभार्थियों के आवेदन भरे गए, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान मिला। साथ ही, आरईओ के जेई अमित कुमार को पीसीसी से संबंधित निर्देश, पीएचडी विभाग के जेई ओमकार सिंह की उपस्थिति में क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए, व्यापक शौचालय सर्वे का आयोजन किया गया ताकि नए शौचालयों का निर्माण हो सके और खराब जलमिनार की मरम्मत के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में खेलकूद को प्रोत्साहित करने के लिए, पुरुष फुटबॉल टीम को जर्सी और महिला टीम को फुटबॉल वितरित किया गया, जिससे ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और सहभागिता को बढ़ावा मिला। मनोज मंडल ने इस अवसर पर कहा, ÷यह केवल एक पहल नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचाना और खेलकूद के माध्यम से युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाना है।÷ इस अवसर पर ग्राम प्रधान नवल किशोर सिंह मुंडा, उप मुखिया दीनू हजाम, जल सहिया, और क्षेत्र के प्रमुख लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शामिल सभी गणमान्य नागरिकों ने विधायक प्रतिनिधि की कार्यों की सराहना की और इसे क्षेत्र के विकास की नई दिशा करार दिया।

# नवरात्र-पूजन के चौथे दिन मां दुर्गा की चतुर्थकम् शक्ति देवी कूष्माण्डेति की हुई पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल में शारदीय नवरात्र-पूजन के चौथे दिन रविवार को मां दुर्गा की चतुर्थकम् शक्ति देवी कूष्माण्डेति की पूजा हुई। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होती है। नवरात्र की अवधि पूर्ण रूप से मां दुर्गा के 9 स्वरूपों के लिए समर्पित मानी जाती है। मान्यता है कि इस अवधि में मां दुर्गा का धरती पर आगमन होता है और वह अपने भक्तों का उद्धार करती हैं। इस दौरान साधक माता रानी के नौ स्वरूपों की भक्ति-भावना के साथ पूजा-अर्चना कर उनकी कृपा प्राप्त करता है। इसी के तहत रविवार को सर्वप्रथम नित्य पूजा के बाद दुर्गा सप्तसती का 13 अध्याय का पाठ और माता की आरती उतारी गई। उसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। इस संबंध में खलारी के दीपक कुमार पाण्डेय बताते हैं कि इस दिन देवी दुर्गा अपने चौथे स्वरूप में कुष्मांडा के नाम से जानी जाती हैं, जिन्हें आदिशक्ति कहा गया है। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इन्हें पूजा-आराधना करने से भक्तों के रोगों व शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है।



**जगमग हो रहे पूजा पंडाल, मां के दर्शन की बेताबी भक्त :** खलारी कोयलांचल के लगभग पूजा पंडाल अब जगमगाना शुरू हो गया हैं। पंडालों के पट खुलने की महज अब कुछ ही दिन शेष है। क्षेत्र कई पूजा पंडालों के पट छठी तिथि बुधवार को तो कहीं सप्तमी तिथि गुरुवार को उद्?घाटन के बाद श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया जाएगा। इधर जैसे-जैसे दुर्गा मां की पट खुलने का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं में मां के दर्शन की बेताबी बढ़ता जा रहा है। वहीं दुर्गा मां की प्रतिमाएं और पंडालों का निर्माण अपने अंतिम चरण पर है।

## विश्रामपुर मैनेजर बंगला खेल मैदान में वीर शहीद नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर पंचायत स्थित मैनेजर बंगला खेल मैदान में रविवार को वीर शहीद नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी एवं विषिष्ट अतिथि विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली उपस्थित थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अब्दुल्लाह अंसारी के द्वारा फीता काटकर किया। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बुड़मू और जामडीह की टीम के बीच खेला गया। मैच का आरंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा फुटबॉल को किक मार किय गया। जिसमें जामडीह की टीम दो गोल से विजय रही। इसके बाद टूर्नामेंट दुसरा मैच बगलता बनाम पतरातू (लगवा) की टीम के बीच हुआ। जिसमें एक गोल से पतरातू (लगवा) की टीम विजय हुई। वहीं तीसरा मैच पतरातू (लगवा) बनाम जामडीह टीम के बीच हुआ। जिसमे पेनाल्टी शूट आउट में जामडीह की टीम ने 5-4 गोल के अंतर से टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं आयोजन समिति ने बताया कि सोमवार 07 अक्टुबर को पहला मैच कुसुम टोला और जोबरा 11 की टीम के बीच खेला जाएगा और दूसरा मैच बिरसा विस्थापित और करमकट्टी के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर धर्मेंद्र गंझू, अनिकेत गंझू, दीपक गंझू, अजीत भोगता, सुजीत, संजीत, दीपक, सुनील, किशोर लोहार, आर्यन, अमन, विक्की, अरविंद, आयुष, अस्मित, अभिषेक आदि उपस्थित थे।



## क्रिकेट टूर्नामेंट में एनके एरिया की जीत पर काउंसिल ने दी बधाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार एरिया की मेजबानी मे संपन्न हुए सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट मे एनके एरिया टीम के विजेता बनने पर ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल ने बधाई दी है।साथ ही खेल के क्षेत्र में आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने एरिया का नाम रोशन करने की अपील की है।बधाई देने वालो मे काउंसिल के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसेन, एरिया सचिव रतन लाल, दिलिप गंझु,रामचंद्र उरांव, दिलिप पासवान,अधिवक्ता इस्लाम अंसारी,मो जुलफान, सूरज मुंडा,प्रेमचंद कुमार, बिजय बेदिया सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## कल्याणपुर मेलाटांड़ में सफाई कराने की मांग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में तीन दिवसीय जितिया जतरा मेला संपन्न होने के बाद मेलाटांड में कूड़ा कचड़ा फैल गया है,जिससे आस पास के लोगो को काफी दिक्कत हो रही है।कचड़ा से गंदगी बदबू आ रही है।प्रत्येक बृहस्पतिवार को इसी मैंदान में बाजार भी लगया जाता है।इस संबंध मे टण्डवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने बताया कि मेला संपन्न होने के बाद यहां कूड़ा कचरा का अंबार लगा हुआ है,जिसके कारण गंदगी और बदबू से आसपास के लोग काफी परेशान हैं।उन्होने सीसीएल प्रबंधन से मेलाटांड़ में साफ सफाई कराने की मांग की है।

## मांडर पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना पुलिस ने अवैध हथियार के बट से मार कर जख्मी करने के मामले में अघनु पाहन को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को दो बजे बताया कि मांडर थाना निवासी अमरजीत कुमार सिंह ने आवेदन दिया था कि इनके मित्र आनन्द एक्का को अघनु पाहन ने अवैध हथियार के बट-से मारकर जख्मी कर दिया है। गिरफ्तार आरोपित ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्तौल को बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व से दो मामले दर्ज हैं।

# जन संवाद कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के कई नेता पहुंचे पिपरवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी के द्वारा राज्य भर मे चलाये जा रहे जन संवाद कार्यक्रम के तहत रविवार को कांग्रेस पार्टी के कई नेता पिपरवार पहुंचे।जिसमे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह स्वतंत्र राज्य मंत्री राजेश ठाकुर,आवास बोर्ड के चैयरमैन संजय लाल पासवान,गौ सेवा आयोग के राजीव रंजन प्रसाद का नाम शामिल है।

इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार क्लब मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने तीनों नेताओं का जोरदार तरीके से स्वागत किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीनों नेताओं को माला पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।जिसके बाद संगम विहार क्लब में तीनों नेताओं ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।इस बैठक में पार्टी की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया गया।साथ ही बुथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता जन संवाद कार्यक्रम के तहत हर जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत बनाने एवं कार्यकर्ताओं की समस्या से अवगत हो रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यो और योजना का लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है।वर्तमान की राज्य सरकार जनता के हक और अधिकार के लिए काम कर रही है,जिससे भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है।उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा गोगो दीदी योजना लाकर राज्य की महिलाओं को लुभाने का काम कर रही है।झारखंड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की नकल करते हुए भाजपा इस योजना को ला रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा को यदि महिलाओं की चिंता है तो सबसे पहले भाजपा शासित राज्यों में गोगो दीदी योजना को लागू करें।उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस, अभय कुमार सिंह,युथ कांग्रेस के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज,श्रमिक प्रतिनिधि विद्यापति सिंह, सतीश कुमार पांडेय,महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी सिंह,कयूम अंसारी, सचिन पासवान,गुरुदयाल सिंह,मंगल सिंह,रमेश कुमार सिंह,बैजू सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जेबीकेएसएस की बैठक में पताल पंचायत कमेटी का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** जेबीकेएसएस/जेएलकेएम की बैठक में पाताल पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया।यह बैठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया।जिसकी अध्यक्षता सोमर गंझू एंव संचालन विनोद महतो ने किया।बैठक में पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें महिला मोर्चा अध्यक्ष मुनिता देवी,सचिव सावित्री देवी,कोषाध्यक्ष रीता देवी, मीडिया प्रभारी अनिता कुमारी,प्रवक्ता सुनिता देवी, उपाध्यक्ष मुनिका देवी,पूनम देवी,उपसचिव मनीषा देवी को बनाया गया।वही पंचायत अध्यक्ष सोमर गंझू,सचिव जोगेश्वर गंझू,कोषाध्यक्ष मनोज मुण्डा,उपाध्यक्ष संतोष महतो को बनाया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के निर्देश पर पंचायत स्तर पर पार्टी का गठन किया जा रहा है।बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने एवं पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार महतो,केन्द्रीय संगठन सचिव विकाश महतो,राजकिशोर चौधरी, अनिल मुंडा,मनोज कुमार, महेन्द्र कुमार,दिलीप कुमार, मनकू महतो,नागेश्वर महतो, मोहन महतो,सनोज महतो, मनोज मुंडा,रामजी मुंडा, जगदीश महतो, अरविन्द कुमार, प्रकाश महतो,तापेश्वर महतो, अंगद महतो सहित सैकड़ो लोग मौजुद थे।



# कोल वाहन का टायर फटने से एक मजदूर हुआ घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी चौक स्थित एक गैरेज में वाहन का टायर फटने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार बीओसी चौक के पास गैरेज मे काम करने वाला मजदुर शहजाद खान शनिवार की शाम एक कोल वाहन के टायर मे हवा भर रहा था,इसी दौरान अचानक टायर फटने से उक्त मजदूर घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया है।डॉक्टर के अनुसार घायल मजदूर के सिर में गंभीर चोटे लगी है।आसपास के लोगों ने बताया कि शहजाद खान बिहार के शेरघाटी का रहने वाला है और वर्तमान में बीओसी मे रहकर एक गैरेज मे काम करता है।शनिवार को एक कोल वाहन के टायर में हवा भरने के दौरान टायर फट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।इधर घटना की सूचना पाकर कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस बचरा अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजने में सहयोग किया।वही घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## जमशेदपुर प्रखंड की चार सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से स्वीकृत 15 किलोमीटर की चार सड़क योजनाओं का विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास किया। इसकी अनुमानित लागत लगभग 20 करोड रुपए है. इनमे घोड़ाबांधा बीनापानी हाई स्कूल भाया धानचट्टानी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 4.750 कि. मी.), खैरबनी अखाड़ा से फैक्ट्री तक सड़क निर्माण कार्य (लम्बाई 1.500 कि. मी.), कदमा हितकु चौक से गोविन्दपुर रेलवे हाल्ट वाया महतोडीह बारी आश्रम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 5.300 कि. मी.),खुकड़ाडीह से टिपुडांग तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 3.300 कि. मी.) का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार में लगातार ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछ रहा है। मौके पर पल्टन मुर्मू, जोगन दास, नारायण सोरेन, रजनी दास, संजय दास,समीर दास,संजय महतो, कृष्णा महतो आदि झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुड़मालि भाखीचारी अखड़ा लोवाडीह में आदिवासी कुड़मी समाज का बैठक संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के लोवाडीह स्थित कुड़मालि भाखीचारी अखड़ा में रविवार को आदिवासी कुड़मी समाज का एक बैठक डॉ माधव चंद्र महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 20 अक्टूबर को भाखीचारी अखड़ा लोवाडीह में सोहराय मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए समाज के जयराम महतो ने बताया कि मिलन समारोह में समाज के लोगों द्वारा ओहिरा गीत व महिलाओं के लिए चौखपूरा अंकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जयराम महतो, डॉ माधव चंद्र महतो, पूर्ण चंद्र महतो, फनी भूषण महतो, रामकृष्ण महतो, मृत्युंजय महतो, विकास महतो, साधुपद महतो आदि उपस्थित थे।

## भाजपा एमजीएम मंडल में सांगठनिक बैठक संपन्न



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा एमजीएम मंडल में रविवार को मंडल अध्यक्ष सूरज साहू की अध्यक्षता एक सांगठनिक बैठक मंडल कार्यालय में संपन्न हुई। मंडल प्रभारी के रूप में मंटू चरण दत्त शामिल हुए। जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष परेश मुखी के उपस्थिति में आयोजित बैठक में मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्रों के संयोजक, सह संयोजक एवं विभिन्न बूथों के अध्यक्ष शामिल हुए। मंडल प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु पंचप्रण योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गोगो दीदी योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को उक्त योजना में जोड़ने के लिए पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है। बैठक में मंडल अध्यक्ष सूरज साहू, परेश मुखी, मंटू चरण दत्त, मनेश्वर गौर, सुशिल महतो समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टाटा जू में वन्यजीव सप्ताह समारोह संपन्न, अंतिम दिन ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव सप्ताह समारोह के अंतिम दिन प्राथमिक (नर्सरी - कक्षा 1) और जूनियर (कक्षा 2 - कक्षा 5) श्रेणियों के लिए ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 21 स्कूलों के कुल 506 छात्रों ने भाग लिया। समापन समारोह में ऑन द स्पॉट पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता की सभी श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन समारोह में अतिथि विनय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष टीएसजेडएस, डॉ. एम. पालित, प्रभारी अधिकारी, टीएसजेडपी उपास्थि थे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. किशोर ओझा, श्री कृष्ण शरण महतो और सुश्री लवली जेना थे। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की ओर से ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान उप निदेशक डॉ. नईम अख्तर, क्यूरेटर डॉ. एस. के. महतो और चिड़ियाघर के सभी कर्मचारी मौजूद थे। बता दें, वन्यजीव सप्ताह समारोह 2 अक्टूबर को शुरू हुआ और इसमें ऑन-द-स्पॉट निबंध प्रतियोगिता, इंटर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस परेड और ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम हुए। इन प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक संस्थानों के लगभग 1000 छात्रों ने भाग लिया।

## 8 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका गई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आंगनबाड़ी सेविका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल गई हैं। आंगनबाड़ी सेविका के हड़ताल पर जाने से बीएलओ का कार्य प्रभावित हो गाया है। साथ ही आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को पोषकहार नहीं मिल पाएगा। आंगनबाड़ी सेविका की मांग हैं कि विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियमावली की संसोधन हेतु समर्पित आवेदन पर अविलंब विचार हो। रांची नगर निगम, सहायक अध्यापक पारा शिक्षकों के समान आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को मानदेय वेतनमान की स्वीकृति देते हुए वार्षिक मानदेय की जटिलताओं को वृद्धि की जटिलताओं को दूर किया जाए। ताकि समय पर वार्षिक मानदेय वृद्धि में कोई परेशानी नहीं हो। मानदेय भुगतान केन्द्राश एवं राज्यांश मद की राशि एक साथ समसय हो तथा इसके समय पर भुगतान के लिए चक्रिय कोष की व्यवस्था हो। सेवानिवृत्त के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एक मुश्त सेवानिवृत्ति का लाभ भुगतान हो तथा अंतिम मानदेय का 50 फीसद पेंशन के रूप में भुगतान की स्वीकृति दी जाए। महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत प्रतिशत वरीयता के आधार पर आंगनबाड़ी सेविका को प्रोन्नति दी जाए। न्यायालय के आदेशानुसार सभी समाज कल्याण के संविदा कर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आंगनबाड़ी कर्मियों को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता भुगतान की स्वीकृति दी जाए। सभी को नियमित कर पूर्ण सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ग्रेच्युटी भुगतान की जाए। विभागीय कार्य सम्पादन हेतु ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाइल टेब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाए तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराया जाए। मौके पर झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के हड़ताल पर जाने से बीएलओ का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगा।

### कांग्रेस के जनसंवाद लक्ष्य 2024 में कार्यकर्ताओं ने लिया पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प

# मईया सम्मान योजना की सफलता से बौखला गई है भाजपा : प्रदेश अध्यक्ष

- **कार्यकर्ता सम्मेलन में डा. अजय ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई**
- **भाजपा राज्य में गोगो दीदी योजना की झूठी फार्म भरवा रही है महिलाओं से**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को सिदगोड़ा टाउनहॉल में जनसंवाद लक्ष्य 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अतिथि प्रदेश नेता रमा खलको, सीड्ब्लूसी सदस्य तीन राज्य प्रभारी डॉ अजय कुमार, रियाज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव बिजय खान, अमरेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, सामंता कुमार, काल्टू चक्रवर्ती, के के शुक्ल, अवधेश सिंह ने हिस्सा लिया। वहीं पूर्वी विधानसभा के सबसे मजबूत दावेदार डा. अजय कुमार ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अपनी दमदार उपस्थिती दर्ज कराई. कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन का सरकार बेहतर कार्य कर रही है. मईया सम्मान योजना की सफलता से भाजपा बौखला गई है. और भाजपा राज्य में गोगो दीदी योजना की झूठी फार्म महिलाओं से भरवा रही है. सरकार की सफल योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेवारी आपकी है.



जनता को बताना है कि हेमंत सरकार प्रदेश की लोगों के कल्याण के लिए क्या कार्य कर रही है. वहीं डा. अजय कुमार ने कहा कि जनता भाजपा की नियत को समझ गयी है. वह अब हर राज्य में भाजपा को नकार रही है. हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता भाजपा को नकार दिया है. झारखंड की जनता भी मन बना चुकी है. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को एक बार फिर ठगने के लिए भाजपा ने चुनावी जुमले की घोषणा की है. जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी का कारवां चल चुका है, हर हाल में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस पार्टी जनता के सहयोग से जीत हासिल कर दिखाएंगे. कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, राकेश कुमार तिवारी, प्रदेश महामंत्री विजय खान, सामंता कुमार, काल्टू चक्रवर्ती, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, बृजेंद्र तिवारी, अरुण कुमार सिंह, शशी कुमार सिन्हा, धर्मा राव, राजेश कुमार, संजय घोष, संजय कुमार, महेंद्र पाण्डेय, सफी अहमद खान, अमरजीत नाथ मिश्रा, जवाहरलाल, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, रियाजुद्दीन खान, अमित श्रीवास्तव, सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सोनकर, अमित राय, प्रिंस सिंह, कमलेश कुमार पाण्डेय, श्री राम साहू, इंदू भूषण यादव, विजय यादव, बबलू झा, अफसर इमाम, नलिनी सिन्हा, रीता शर्मा, राजा सिंह, राजकुमार वर्मा, रविंद्र मौर्य, हरिहर प्रसाद, उदय कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, एसपी सिंह, मनोहर सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, राज किशोर प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, गुरुपदो गोराई, सत्यम सिंह, रंजीत सिंह, सभी नेताओं का स्वागत कार्यक्रम गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अतुस गुप्ता सहित पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं प्रखण्ड के पदाधिकारी ने सभी नेताओं का अंगवस्त्र ओढ़ाकर कर स्वागत किया। सम्मेलन की संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद और धन्यवाद ज्ञापन अतुल गुप्ता ने किया।

## भाजपा के पंच प्रण को डॉ. अजय कुमार ने बताया चुनावी जुमला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने भाजपा के पंच प्रण को चुनावी जुमला करार दिया है. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने झारखंड की जनता को फिर ठगने के लिए चुनावी जुमला की घोषणा की है. जब झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं को मईया सम्मान योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपये दे रही है तो भाजपा ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए रांची हाईकोर्ट में याचिका दायर करवाती है. वहीं दूसरी ओर चुनाव को देखते हुए भाजपा ने 2100 प्रति माह देने के घोषणा की है. सवाल यह है कि जिन राज्यों में भाजपा की



सरकार है क्या उन प्रदेशों में महिलाओं को इस प्रकार की योजना का लाभ वहां की सरकार दे रही हैं, शायद नहीं. वहीं 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात भी जुमला ही है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि भाजपा जब झारखंड के लोगों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा कर रही है तो देश के अन्य राज्यों में रहने वाले लोगों ने क्या गुनाह किया है ? यह सब चुनावी जुमलेबाजी है जो भाजपा चुनावी वैतरणी पार करने के लिए कर रही है. डा. अजय ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था। आज देश में बेरोजगारी पिछले 20 वर्षो का रिकार्ड तोड़ चुकी है. महंगाई चरम पर है लेकिन भाजपा को इससे कोई मतलब नहीं उन्हें बस सत्ता की भूख है. लेकिन अब देश की जनता भाजपा की नियत और नियती को समझ चुकी है. इसलिए धीरे धीरे जनता ने भाजपा को नकारना शुरु कर दिया है. हरियाणा की जनता ने भाजपा को नाकार दिया है. झारखंड की जनता पर भी भाजपा की जुमलेबाजी का असर नहीं होने वाला है.

## हुंडरु पाथरडीह से चिंगरा तक 3.20 किमी सड़क निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी पथ से चिंगरा तक निर्माण होने वाले 3.20 किमी सड़क का शिलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने शीलापट्ट अनावरण कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी पथ से चिंगरा तक निर्माण होने वाले 3.20 किमी सड़क का निर्माण 265.253 लाख रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक



को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। समारोह मे झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, विश्वनाथ गोप, हरेकृष्ण सिंग सरदार, हरिपोदो महतो, टिंकू महतो, यदुपति महतो समेत काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आनंदपुर के सीएनआई चर्च काड़ेदा में धूमधाम के साथ मना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर/आनंदपुर :** आनंदपुर प्रखंड के सुदूर हारता पंचायत अंतर्गत काडेदा ग्राम में रविवार को 59वां संत थोमस उपासनलय सह चर्च स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद जोबा माझी शामिल हुई। कार्यक्रम में पहुंचने पर सांसद जोबा माझी का पारंपरिक तरीके से नृत्य और गीत के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चर्च स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए स्थापना से जुड़े इतिहास की जानकारी दी। सांसद जोबा माझी ने लोगों को चर्च स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा यहां आकर अच्छे विचार मिलते हैं। उन्होंने लोगों से एक दूसरे का सहयोग करने और प्रेम सद्भाव के साथ रहने की अपील की। वहीं सांसद ने उन्होंने लोकसभा चुनाव में समर्थन दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा आपने पहले से बड़ी ताकत दी हैं। आपकी बातों और समस्याओं को अब देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में रखकर समाधान का प्रयास करूंगी। साथ ही ग्रामीणों



की मांग पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुटूंगा का चारदीवारी, शौचालय आदि निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर सांसद ने महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम में इस मौके पर फादर थॉमस मुंडू, पुरोहित संतोष मुंडू, प्रचारक पैतृक डांग, सचिव जीवन प्रकाश भुईयां, पौलुस भुईयां, मेरी भुइयां, जीरन भुइयां, सुशाना डांग, प्रीतिवंती डांग, प्रमोद बरजो, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अजय कच्छप, सेवानिवृत्त शिक्षक दानिएल भुंइयां समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अचानक बिगड़ी तबीयत, टीएमएच में भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तबीयत अचानक से बिगड़ गई है। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया गया है। वे आज साहिबगंज के भोगनाडीह जाने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वो नहीं जा सके। चंपाई सोरेन के अचानक अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनके समर्थक स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे। इसके बाद चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि वह स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की वजह से आज वीर भूमि भोगनाडीह में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के अनुसार चिंता की कोई खास बात नहीं है। मैं शीघ्र स्वस्थ होकर वापस अपने लोगों के बीच लौटूंगा।



## जमशेदपुर ट्रेड फेयर अब अंतिम 2 दिनों तक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर कार्निवल के समापन में अब मात्र 2 दिन ही बचे हैं अब यह फेयर 8 अक्टुबर तक ही है। फेयर में दर्शकों ने पूजा पूजा की शॉपिंग का जमकर आनंद उठाया। मेले में आए दर्शकों ने देश-विदेश से आए उत्पादों की जमकर खरीदारी की। मेला के आयोजक ने बताया कि राज्य के लोग अपने पड़ोसी राज्यों की उत्पादन को समझें और उसका उपयोग करें। उन्होंने कहा बिहार मधुबनी पेंटिंग से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों के बंबू तक से बने उत्पाद को जगह देकर पीएम के मेकिंग इंडिया का सपना साकार करने का प्रयास किया गया है। इस मेले में चेन्नई से आई पीतल के बर्तन और एंटीक पीस सामानों की उद्यमी सोफिया ने बताया कि उनके यहां पूजा पाठ से लेकर गृह सज्जा की उत्पाद है। आदित्यपुर से आई निशा शर्मा और प्रियंका शर्मा ने बताया कि मेले में किचन के आइटम से लेकर गृह सजा की सामग्री उपलब्ध है। कारपोरेट जगत की बात करें तो यहां मिल रहा है। श्री कृष्णा सिटी असंगी में एक लाख रुपए तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है।

## ईस्ट जोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स में 16 दिव्यांगों ने जीते पदक

- **ड्रेस मेकिंग में जमशेदपुर की गुलफशन ने स्वर्ण और कुंती को कांस्य**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई) द्वारा आयोजित ईस्ट जोन क्षेत्रीय एबिलिंपिक्स 2024 का समापन शुक्रवार को हो गया। जमशेदपुर के टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट में आयोजित इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्यों से आए 100 दिव्यांगजनों की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें 16 प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए गए 4 स्वर्ण, 5 रजत, और 7 कांस्य। आईसीटी श्रेणी में, वर्ड प्रोसेसिंग में पश्चिम बंगाल के चिन्मय मंडल ने स्वर्ण पदक जीता, और ओडिशा की ज्योतिर्मयी प्रधान ने रजत पदक हासिल किया। फोटोग्राफी में पारस मणि मंडल ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि डाटा प्रोसेसिंग में बिहार के मुकेश कुमार ने रजत पदक प्राप्त किया। श्रवण बाधित बिहार की शुभ्रा सिन्हा ने पेंटिंग में रजत पदक जीता, जबकि झारखंड के विक्की शर्मा और बिहार की रिंकी कुमारी ने क्रमशः पेंटिंग और एम्ब्रॉयडरी में कांस्यपदक अपने नाम किए। ओडिशा के नित्यानंद, जो श्रवण बाधित हैं, ने 25 प्रतिभागियों में से कांस्य पदक जीता। टेलरिंग और ड्रेस मेकिंग एक प्रमुख श्रेणी रही, जिसमें सात योग्य दिव्यांगजनों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। बिहार के शमीम आलम ने टेलरिंग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि बिहार के विनोद कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया। जबकि ड्रेस मेकिंग में जमशेदपुर की गुलफशन बानो ने स्वर्ण पदक जीता, बिहार के यासीन अंसारी ने रजत पदक हासिल किया, और जमशेदपुर की कुंती कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। मौके पर नेशनल एबिलिंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई) के महासचिव डॉ. जितेंद्र अग्रवाल मौजूद थे।

## दबिस्ताने जमशेदपुर ने महान शायर मुजफ्फरपुरी को याद किया, महफिले मुशायरा का आयोजन

- **उर्दू भवन के मुख्य सभागार शायक मुजफ्फरपुरी के नाम से करने का ऐलान**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लौह नगरी जमशेदपुर की साहित्यिक संस्था दबिस्तान-ए-जमशेदपुर ने उर्दू के महान शायर शायक मुजफ्फरपुरी की याद में उनकी 16वीं बरसी पर महफिले मुशायरा का आयोजन प्रो अहमद बद्र की अध्यक्षता हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ हसन इमाम मल्लिक (स्पोर्ट्स मैनेजर, टाटा स्टील तथा उर्दू भवन के अध्यक्ष) उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि शायक मुजफ्फरपुरी का नाम भुलाया नहीं जा सकता। वे इस शहर की उर्दू शायरी के माहौल के सबसे बड़े संस्थापक थे। उन्होंने ऐलान किया कि उर्दू भवन का मुख्य सभागार शायक मुजफ्फरपुरी के नाम से होगा। फरहान खान फरहान ने उपस्थित शायरों तथा साहित्यकारों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शायक मुजफ्फरपुरी एक उस्ताद शायर थे। उन्होंने शायरी की चार




किताबें लिखीं और अनगिनत शिष्यों को शायरी के हुनर सिखाए। इस मुशायरे में जमील मजहर, अनवर अदीब, बद्रे आलम खालिश, गौहर अजीज, रिजवान औरंगाबादी, खुर्शीद अजहर, जीडी अहमर, असर भागलपुरी, सद्दाम गानी, सफीउल्लाह सफी, फरहान खान फरहान, शोएब अख्तर, सफदर हारून, सैफ अली सैफ, सरफराज शाद तथा वालीउल्लाह वली ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में प्रो अहमद बद्र ने अध्यक्षीय विचार प्रस्तुत किए। मुशायरे का संचालन शायर गौहर अजीज ने किया। सभा में डॉ एस एम यहिया इब्राहिम, डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ, मौलाना अब्दुल्लाह कासमी तथा कहानीकार अख्तर आजाद, डा शहबाज अंसारी, साजिद परवेज, जूबीउज्जमा, जीशान सल्फी के अलावा शहर के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियो उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# सियासी फासलों का खेल

जहा फैसले नहीं होते, वहां सियासी होते हैं फासले। इन्हीं फैसलों के फासले गांधी जयंती के अवसर पर तब टकराए जब धर्मशाला में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और इसके बरअक्स हरियाणा चुनाव में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक दूसरे की पोल खोली। अपनी बरवाला जनसभा में सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल की आर्थिक स्थिति पर शुरू की गई चर्चा पर स्पष्ट किया कि केंद्र ने प्राकृतिक आपदा पर जिस राज्य को फूटी कौड़ी नहीं दी, वहां असल में फैसलों का नहीं, फासलों का खेल है। यह जाहिर है कि डबल इंजन सरकारों की वकालत जब से हिमाचल में ढह गई, दिल्ली की निगाह प्रदेश को नजरअंदाज कर रही है। दूसरी ओर गांधी जयंती के ही दिन धर्मशाला पधारे केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के पिटारे से भी फासलों का जिक्र निकला। पठानकोट-मंडी फोरलेन परियोजना में हो रही देरी पर कांगड़ा व मंडी के बीच दूरी कम नहीं हो रही, तो फासला मिटाने को निर्णायक कौन होगा। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय धर्मशाला के प्रस्तावित कैंपस से देहरा परिसर में चल रहे निर्माण की दूरी पर प्रश्न उठाए, तो सारा पाठ्यक्रम सामने आ गया। जदरांगल परिसर सियासी फासलों का ऐसा उदाहरण है जो केवल एक पक्ष या एक सरकार नहीं, बल्कि राजनीतिक चरित्र का अति निर्लज्ज चेहरा है। यह कहानी है चेहरे और चरित्र के बीच बंटती सियासत की और विद्वेष की भावना में जीत और हार का चित्रण भी। अबकी केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा पूछ रहे हैं क्योंकि पूछना आसान है, लेकिन यह दास्तान कई केंद्रीय मंत्रियों और हिमाचल के मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों की है जो जदरांगल परिसर को खारिज करने की परिपाटी में प्रेम कुमार धूमल से शुरू होकर सुक्खू तक पहुंच जाती है। ऐसा भी नहीं कि संस्थान को गैरों ने चोट पहुंचाई, बल्कि जब किशन कपूर मंत्री व स्थानीय विधायक थे तो उन्होंने ही सर्वप्रथम 'दो इंच जमीन नहीं' का नारा देकर राजनीति को नचाया था। हैं कसूरवार इस प्रांगण में बहुत, तू तो बस इक मोहरा है। प्रश्न उठते हैं कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने देहरा को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की वजह से तरजीह दी या अब वर्तमान मुख्यमंत्री का 'सब तेरा' का वादा देहरा के पक्ष में काम कर रहा है। यह इसलिए भी कि धर्मशाला उपचुनाव में मुख्यमंत्री ने आचार संहिता के बाद जरदांगल को मोहलत में गारंटी दी थी। मल्होत्रा पूछ रहे हैं, तो यह भी बता दें कि पूरे खेल में अनुराग ठाकुर, स्मृति इरानी व जयराम ठाकुर की भूमिका कैसी रही। ऐसे में फासले मापने या गिनाने से क्या फर्क पड़ेगा। कम से कम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को स्थिति स्पष्ट करके कह देना चाहिए कि वह दो साल की उपलब्धियों में जदरांगल परिसर की बजाय देहरा की जमीन पर झंडे गाडऩा चाहते हैं। बेहतर होगा यहां के हिस्से में आए ढाई सौ करोड़ भी देहरा परिसर को रवाना किए जाएं ताकि कम से कम संस्थान अपनी आवारगी से तो बच जाए। रही बात जदरांगल की जमीन को लेकर, तो बेहतर यह होगा कि वहां पूर्व प्रस्तावित आई टी पार्क बना दिया जाए। आश्चर्य यह है कि हिमाचल की सबसे कठोर परीक्षाएं देकर भी केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर फेल किया जाता रहा और आज भी हो रहा है। मामला यहां तक विकराल है कि देहरा की सियासी गोद में आश्रय लेने वाले पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने इस संस्थान की पैरवी में धर्मशाला और इसकी संभावना को ही लांछित कर दिया। तब किशन कपूर के कारण या हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की वजह से जदरांगल अभिशप्त हुआ या अब कांग्रेस से छिटके और भाजपा में अटके विधायक सुधीर शर्मा के कारण यह परिसर लटक गया, शायद ही भोली, लेकिन आंदोलनरत जनता तथा राजनीतिक वादों पर विश्वास करने वाले लोग कभी समझ पाएंगे।

केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और इसके बरअक्स हरियाणा चुनाव में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक दूसरे की पोल खोली। अपनी बरवाला जनसभा में सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल की आर्थिक स्थिति पर शुरू की गई चर्चा पर स्पष्ट किया कि केंद्र ने प्राकृतिक आपदा पर जिस राज्य को फूटी कौड़ी नहीं दी, वहां असल में फैसलों का नहीं, फासलों का खेल है। यह जाहिर है कि डबल इंजन सरकारों की वकालत जब से हिमाचल में ढह गई, दिल्ली की निगाह प्रदेश को नजरअंदाज कर रही है। दूसरी ओर गांधी जयंती के ही दिन धर्मशाला पधारे केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के पिटारे से भी फासलों का जिक्र निकला। पठानकोट-मंडी फोरलेन परियोजना में हो रही देरी पर कांगड़ा व मंडी के बीच दूरी कम नहीं हो रही, तो फासला मिटाने को निर्णायक कौन होगा। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय धर्मशाला के प्रस्तावित कैंपस से देहरा परिसर में चल रहे निर्माण की दूरी पर प्रश्न उठाए, तो सारा पाठ्यक्रम सामने आ गया।

## विश्व युद्धों ने एक बार फिर दुनिया का राजनीतिक नक्शा बदल दिया

# इजरायल के विवाद में ईरान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

एशिया में यहूदियों की भूमि पर जब ईसाई मजहब और इस्लाम मजहब ने आकार ग्रहण करना शुरू किया तो हालात ऐसे बने कि यहूदियों को अपने देश से भागना पड़ा। जिसको जहां भी आश्रय मिला, वह उसी देश में जाकर बस गया। बहुत से यहूदी हिंदुस्तान में आकर भी बस गए। लेकिन देखते-देखते पूरा यूरोप अपने पूर्वजों के रास्ते को छोड़ कर ईसाई मजहब के नए रास्ते पर चल पड़ा। बाद में एशिया में उसी क्षेत्र में जहां ईसाई मत पैदा हुआ था, इस्लाम पंथ का उदय हुआ। इस नए मत में दीक्षित हुए अरबों और तुर्कों ने एशिया/जम्बू द्वीप के देशों को तो पकड़ा ही, लेकिन इसके साथ ही उसने अफ्रीका और यूरोप के देशों में भी ईसाई मजहब को अपदस्थ करने के लिए युद्ध छेड़ दिया।

इजराइल को लेकर फिलिस्तीन, लेबनान और बेरूत में विवाद चलता रहता है। एशिया में यहूदियों की भूमि पर जब ईसाई मजहब और इस्लाम मजहब ने आकार ग्रहण करना शुरू किया तो हालात ऐसे बने कि यहूदियों को अपने देश से भागना पड़ा। जिसको जहां भी आश्रय मिला, वह उसी देश में जाकर बस गया। बहुत से यहूदी हिंदुस्तान में आकर भी बस गए। लेकिन देखते-देखते पूरा यूरोप अपने पूर्वजों के रास्ते को छोड़ कर ईसाई मजहब के नए रास्ते पर चल पड़ा। बाद में एशिया में उसी क्षेत्र में जहां ईसाई मत पैदा हुआ था, इस्लाम पंथ का उदय हुआ। इस नए मत में दीक्षित हुए अरबों और तुर्कों ने एशिया/जम्बू द्वीप के देशों को तो पकड़ा ही, लेकिन इसके साथ ही उसने अफ्रीका और यूरोप के देशों में भी ईसाई मजहब को अपदस्थ करने के लिए युद्ध छेड़ दिया। इन संघर्षों का सबसे ज्यादा नुकसान यहूदियों को ही भुगतना पड़ा। उनका देश खत्म हो गया, लेकिन इसके साथ ही यहूदियों को यूरोप में भी ईसाइयों के प्रहारों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन विश्व युद्धों ने एक बार फिर दुनिया का राजनीतिक नक्शा बदल दिया। नए नक्शे में यहूदियों को एक बार फिर से उनका परम्परागत देश वापस मिल गया। दुनिया के नक्शे पर फिर से इजरायल दिखाई देने लगा। दुनिया भर में बिखरे यहूदी अलग-अलग देशों से आकर इजरायल में बसने लगे।

जाहिर है अब यहूदियों के लिए पवित्र इस क्षेत्र का कुछ हिस्सा उन फिलिस्तीनी, लेबनानी या दूसरे लोगों को छोडऩा पड़ा जो इस लम्बे कालखंड में यहां बस गए थे। इतना ही नहीं, इस कालखंड में यहां बस गए लोगों ने इस्लाम या ईसाईयत नाम के अलग मजहबों को भी अपना लिया था। वैसे तो यहूदी, ईसाई और मुसलमान तीनों ही 'पीपल्स ऑफ दि बुक' माने जाते हैं, लेकिन काल के अंतराल ने अब इनको एक-दूसरे का शत्रु ही बना दिया था। वैसे भी इजराइल चारों ओर से अपने विरोधी मजहबों को मानने वाले देशों से ही घिरा हुआ है। इन देशों को यह भी लगता है कि इजराइल उनको अपदस्थ करके स्थापित हुआ है। अपने निर्माण काल से ही इजराइल को निरंतर अपने अस्तित्व की लड़ाई लडऩी पड़ रही है। लेकिन प्रश्न है कि इस सारे खेल में ईरान क्या कर रहा है? ईरान इजराइल से शत्रुता धर्म किस आधार पर निभा रहा है? क्योंकि सभी जानते हैं कि लेबनान और



दूसरे स्थानों पर ईरान, इजराइल के खिलाफ एक आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह को शह देता रहता है। केवल शह ही नहीं, कुछ विद्वान तो यह कहते हैं कि हिज्बुल्लाह ईरान की ही अवैध संतान है। लेकिन प्रश्न फिर वही है कि ईरान का उस पचड़े से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से क्या लेना-देना है? इसके लिए सबसे पहले ईरान की अपनी स्थिति या इतिहास को समझ लेना होगा। दरअसल जिस वक्त अरबों ने हजरत मोहम्मद के रास्ते पर चलने का निर्णय किया, उसी समय अरब के अनेक कबीलों में एकता भी दिखाई देने लगी। जाहिर है एकता के इस प्रदर्शन के साथ ही अरबों ने उस एकता का लाभ लेने के लिए अपने परम्परागत शत्रुओं पर सैनिक हमले शुरू कर दिए। ईरान उसका पहला शिकार हुआ। वह अरबों से पराजित ही नहीं हुआ, बल्कि उसको सजा देने के लिए हमलावरों ने यह शर्त भी लगा दी कि पराजित ईरानियों को अपना मजहब छोड़ कर अरबों का नया मजहब ही अपनाना होगा। विवशता में ईरानियों को अपना परम्परागत मजहब छोडऩा पड़ा। उन्होंने अरबों का मजहब स्वीकार तो कर लिया, लेकिन अपने इस अपमान को भुला नहीं पाए। लेकिन उनको अपना अवसर इस्लाम मजहब के संस्थापक हजरत मोहम्मद के 632 में हुए देहावसान के लगभग पांच दशक बाद 680 में मिला। अरबों में हजरत मोहम्मद के उत्तराधिकारी को लेकर विवाद तो उनके देहावसान के तुरंत बाद ही शुरू हो गया था।

अरबों के बड़े व ताकतवर कबीलों ने हजरत मोहम्मद (उनका कोई बेटा नहीं था) के दामाद हजरत अली को उत्तराधिकारी, जिसे खलीफा कहा गया, मानने से इन्कार कर दिया। यह स्थान अबू बकर को दिया गया। इसके बाद भी बारी हजरत उमर और उस्मान की ही आई। हजरत अली को दूर ही रखा गया। तीसरे खलीफा के देहांत के बाद अली खलीफा तो बना दिए गए, लेकिन विरोधी पक्ष के अरबों ने जल्दी ही उनकी नमाज अता करते समय हत्या कर दी। लेकिन अब तक अरबों ने कई देशों पर कब्जा भी कर लिया था और वहीं बलपूर्वक अरबों का यह नया मजहब भी लागू कर दिया था। लेकिन स्वयं अरब देशों में और अरबों द्वारा कब्जा किए गए देशों में प्रशासन अच्छा और न्यायपूर्ण नहीं था। लोग मुसलमानों के इस अत्याचारी शासन से बहुत त्रस्त थे। हजरत अली के सुपुत्र हजरत हुसैन ने इसे चुनौती दी, लेकिन मुसलमानों ने उनको पूरे परिवार समेत कर्बला के मैदान में धोखे से अमानवीय तरीके से मार दिया। इस युद्ध में हजरत हुसैन की सहायता करते हुए मोहियाल ब्राह्मण भी मुसलमानों के खिलाफ लड़े थे। ब्राह्मण सेनापति राहिब दत्त के सातों बेटे इस लड़ाई में शहीद हो गए थे। मोहियाल ब्राह्मणों का उद्गम पेशावर के आसपास माना जाता है और ब्राह्मणों में मोहियाल मार्शल रेस माने जाते हैं। जम्मू कश्मीर के पुंछ में आज भी मोहियाल ब्राह्मणों के घर हैं। इमाम हुसैन के पक्ष में लडऩे के कारण मोहियाल ब्राह्मणों को हुसैनी ब्राह्मण भी कहा जाता है। हजरत हुसैन की शहादत के बाद उसके अनुयायियों ने शिया मजहब के नाम से नया पंथ चलाया। ईरान के लोगों ने तुरंत इस नए पंथ को अपना लिया। ईरान और अरबों का झगड़ा तो इस्लाम मजहब के उदय होने से भी पहले का है, लेकिन बीच के एक छोटे से कालखंड में उन्हें अरबों का मजहब ही मानना पड़ा। परंतु जल्दी ही वे शिया पंथ के विस्तारक हो गए। लेकिन काल का चक्र यहीं नहीं रुका। धीरे-धीरे विश्व राजनीति में अरब हाशिए पर आ गए। ओटोमन साम्राज्य के ध्वस्त होने के बाद तुर्क भी हाशिए पर पहुंच गए। ईरान की शक्ति बढऩे लगी। काल का एक चक्र पूरा हो गया लगता है। अब ईरान चाहता है कि अरब देश उसका नेतृत्व स्वीकार करें। ईरान न्यूक्लिअर शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। अरब देशों का इजराइल से वैर है। लेकिन वे इजराइल को चुनौती देने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में यदि इजराइल को चुनौती देता है तो जाहिर है अरब देश इतना तो मान ही लेंगे कि यदि भविष्य में इजरायल अरब देशों को तंग करता है, तो वे कम से कम ईरान की शरण में तो जा ही सकते हैं। यह युद्ध भयंकर स्थिति की ओर बढ़ रहा है।

दृष्टि कोण

# आधुनिक युग में रामलीला की प्रासंगिकता

देवभूमि में रामलीला और रामायण देव-परम्परा देवभूमि हिमाचल प्रदेश की सबसे मूलभूत और सशक्त पहचान रही है। हमारे दैनिक जीवन, परम्पराओं, रीति-रिवाजों और जीवन मूल्यों पर देवी-देवताओं का गहरा प्रभाव देखने को मिलता है। वहीं, इन देवी-देवताओं की आस्था का अभिकेन्द्र भगवान रघुनाथ (भगवान श्रीराम) रहे हैं। जिस प्रकार से हिमाचली समाज देवी-देवताओं की आराधना करता है, उसी प्रकार से हमारे देवी-देवता भगवान रघुनाथ को अपना आराध्य देव मानते हैं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में देवभूमि हिमाचल प्रदेश के देवी-देवता भगवान रघुनाथ के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा को अभिव्यक्त करते हैं। इस अवसर पर हर वर्ष भगवान रघुनाथ की एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। सभी देवता इसमें उपस्थित होकर भगवान रघुनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। सम्भवतः इसी कारण देवभूमि हिमाचल प्रदेश में रामलीला मंचन को लेकर विशेष आस्था और आकर्षण देखने को मिलते हैं। इस प्रकार, देव परम्परा के केंद्र में स्थित भगवान राम हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रमुख आधार हैं और उनके प्रति समर्पण रामलीला जैसे आयोजनों में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है। तीन अक्तूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न कस्बों और गांवों में रामलीला का मंचन भी प्रारम्भ होगा। इसमें भगवान श्रीराम की जीवन यात्रा का नाटकीय रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाता है। रामलीला में स्थानीय कलाकार पारम्परिक वेशभूषा धारण करके रामायण के पात्रों को जीवंत करते हैं। इस लोक नाट्य रूप में मंचित रामलीला में गीत, संगीत, नृत्य और संवाद के माध्यम से भगवान राम की कथा का मंचन किया जाता है। यह रामलीला लोगों को भगवान राम के आदर्श जीवन की स्मृति दिलाती है और समाज को धर्म और मर्यादा का पालन करने की प्रेरणा देती है। इससे समाज में आपसी सद्भाव और धार्मिकता को बल मिलता है। इस प्रकार रामलीला का मंचन हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखता है और देव समाज की धार्मिक आस्थाओं को मजबूत करता है। हिमाचल प्रदेश में रामलीला का मंचन केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और एकता का भी एक महत्त्वपूर्ण प्रतीक है। रामलीला की विशेषता यह है कि इसमें हर जाति, मत और वर्ग के लोग एक साथ मिलकर भाग लेते हैं। विभिन्न समुदायों से आने वाले लोग एक क्लब या समूह में शामिल होकर रामायण की कथा का सामूहिक मंचन करते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का जातीय भेदभाव या सामाजिक असमानता नहीं होती, बल्कि सभी समान रूप से भगवान राम के आदर्शों और रामायण की शिक्षाओं को प्रस्तुत करने के लिए सहयोग करते हैं। इससे सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास होता है। यह प्रक्रिया समाज में समानता और सहिष्णुता को प्रकट करती है, जिसमें सब लोग धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था और समर्पण को साझा करते हैं। इससे समाज में सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित होता है। इस प्रकार रामलीला हिमाचल प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है, जो पूरे समाज को एकजुट रखने में सहायक है। रामलीला मंचन भारतीय संचार परम्परा की एक अनूठी एवं प्रभावशाली परम्परा है। मध्यकाल से ही भारत में रामलीला का मंचन होता आ रहा है। इसके बावजूद दर्शकों में इसके प्रति आकर्षण कभी कम नहीं हुआ है। हर वर्ष रामलीला मंचन की विषयवस्तु एक ही रहती है। दर्शकों को मालूम होता है कि किस समय कौनसा दृश्य आएगा। हर साल इसका कथानक और घटनाक्रम समान रहता है, फिर भी यह हर बार दर्शकों के लिए नई प्रेरणा और अनुभव लेकर आता है। यह दर्शाता है कि किस प्रकार भारतीय संचार परम्पराएं स्थायित्व और ताजगी के साथ पुनरावृत्ति में भी प्रभावी होती हैं। इस प्रकार रामलीला केवल धार्मिक नाटक भर नहीं है, बल्कि यह संवाद का एक जीवंत उदाहरण है, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग एकत्र होकर सांस्कृतिक अनुभव साझा करते हैं। हिमाचल प्रदेश में रामलीला मंचन की परम्परा निरंतर समृद्ध होती जा रही है। हर वर्ष नए क्लब खड़े हो रहे हैं। खास बात यह कि ये रामलीला क्लब और कार्यक्रम बिना किसी सरकारी प्रश्रय के आगे बढ़ रहे हैं।

कुछ अलग

# ढाई आखर प्रेम का...

मैंने ढाई आखर (प्रेम) पढ़ लिया था, इसलिए बी.ए. अथवा एम.ए. करने की आवश्यकता ही नहीं रही। पिता जी ने अवश्य कहा -''बेटा पढ़ लेते तो ठीक रहता।'' मैंने कहा – ''पिता जी, मैंने प्रेम का ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अतः औपचारिक शिक्षा की मुझे जरूरत नहीं है।'' पिता जी बोले – ''नौकरी धंधे के लिए पढ़ा-लिखा होना जरूरी है।'' मैंने कहा – ''मैं बकौल कबीर ढाई आखर पढ़ कर पण्डित हो गया हूं। आप किसी प्रकार की चिंता न करें।'' यही बात मैंने प्रेम में बंधी अपनी नायिका से कही तो वह भी एक बार तो चकरा गई और बोली ''यह मैंने क्या कर लिया?'' मैंने कहा -''घबराओ नहीं, तुम्हारा निर्णय सौ फीसदी सही है। तुम्हारा चयन प्रश्न-चिन्ह लगाने लायक है ही नहीं।'' नायिका बोली -''मैंने पी.एच.डी. कर रखी है और तुम निपट गंवार। तुमने मुझे अंधेरे में रखा है। ढाई आखर से काम चल जाता तो मैं पी.एच.डी. क्यों करती? पता नहीं अब क्या होगा? मैं ठहरी एकानिष्ठ, पिता को पता चलेगा, तो वे मेरा पता नहीं क्या हाल करेंगे?'' मैं बोला- ''बहकी-बहकी बातें मत करो। मैंने बड़ी कठिनाई से ढाई आखर का पाठ पढ़ाया है, वरना तुम तो पढ़ाई में मशगूल थी।'' नायिका तमतमा रही थी, बोली- 'भले आदमी तुम मुझे बताते तो सही कि तुमने अनौपचारिक शिक्षा ग्रहण की है। बिना कमाए हम क्या कमाएंगे-खाएंगे? माफ करना अब यह ड्रामा आगे नहीं चल पाएगा।' ''इसे ड्रामा मत कहो प्रिय, मैं गोपाल काण्डा नहीं हूं। मैंने तुमसे जो वादे किए हैं, वे सब निभाऊंगा। तुम अपनी कसमों से मुकरो मत। प्रेम को इतना साधारण मत समझो। यह खुदा की इबादत के समान है।'' मैंने कहा तो नायिका और भडक़ उठी- ''तेल लेने गया तुम्हारा प्रेम। किसने पढ़ाया है तुम्हें यह प्रेम का पाठ?'' ''यह पाठ मैंने तुमसे ही सीखा है प्रिय! तुम बदल क्यों रही हो। ऐसा करो तुम्हारी नौकरी लगने के बाद शादी कर लेंगे।'' ''और तुम क्या करोगे?'' ''मैं सिर्फ प्रेम करूंगा तुमसे। मैंने केवल ढाई आखर पढ़ा है, इसलिए मुझे कोई नौकरी नहीं देगा। नौकरी का भार तो तुम्हारे कंधों पर ही रहेगा। मैं अपने होने वाले बच्चों को संभाल लूंगा।'' मेरे कथन पर नायिका भडक़ उठी- ''बच्चे और तुमसे? यह मुंह और मासूर की दाल। मैं अपनी गलती को ठीक करके तुम्हारे प्रेमपाश को त्यागती हूं।'' ''तुम ऐसा कैसे कर सकती हो? मेरा क्या होगा, तुम्हारे अलावा जमाने में मेरा और है भी कौन? जरा मेरी आंखों में देखो, उसमें तुम्हारे लिए कितना प्यार है?'' नायिका को लगा जैसे मैं कुछ ठीक कह रहा हूं। उसने मेरी आंखों में देखा और बोली- ''अरे तुम तो रो रहे हो? रोओ मत, ढाई आखर का पाठ बुरा नहीं है। चलो कमा मैं लूंगी और तुम मुझे ढेर सारा प्यार देना।'' मैं बोला- ''इतना प्यार कि तुम्हारी झोली छोटी पड़ जाएगी प्रिय। मैं वही करूंगा, जो तुम कहोगी।'' नायिका ने बढक़र मुझे गले से लगा लिया। ढाई आखर साकार होता देख मेरी आंखों से आंसू टपक पड़े। नायिका ने अपने हाथों से आंसू पोंछे और बोली- ''चलो हम अपने माता-पिता को अपनी मर्जी का करने की बात बताते हैं।'' मैं खुश हो गया। तभी मेरे पिता जी ने आकर प्रियतमा के सिर पर हाथ फेरा और कहा- ''घबराओ मत बेटी, तुम्हारे पिता से बात मैं करूंगा।'' हम दोनों पिता के पीछे-पीछे चल दिए। हम खुश थे।

देश दुनीया से

# निस्तारण की व्यावहारिक योजना पर हो अमल

सरकारें इस बाबत तब होश में आती हैं जब इस समस्या के चलते वायु प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से लोगों का सांस लेना भी दूभर हो जाता है। पराली जलाने की घटनाओं में हुई कई गुणा बढ़ोतरी हालात की विकरालता का जीता-जागता सबूत है। धान की कटाई के रफ्तार पकड़ने के साथ ही पराली जलाने की घटनाओं में दैनंदिन होती बढ़ोतरी को खतरा माना जाना चाहिए। पराली जलाने से हर साल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, उत्तर प्रदेश का पश्चिमी अंचल, हरियाणा, पंजाब और किसी हद तक राजस्थान का सीमांत क्षेत्र सितम्बर से दिसम्बर के आखिर तक भयावह स्तर तक प्रभावित रहता है। ये महीने इन क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बनकर आते हैं। इन राज्यों की सरकारों द्वारा इसे रोकने की दिशा में किए गये सारे प्रयास, अभियान और किसानों को जागरूक करने के सभी कदम बेमानी साबित हो जाते हैं।

पराली जलाने से हुए प्रदूषण से निपटने के दावे हर साल किए जाते हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। यह समस्या हर साल और विकराल होती चली जा रही है। सरकारें इस बाबत तब होश में आती हैं जब इस समस्या के चलते वायु प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से लोगों का सांस लेना भी दूभर हो जाता है। पराली जलाने की घटनाओं में हुई कई गुणा बढ़ोतरी हालात की विकरालता का जीता-जागता सबूत है। धान की कटाई के रफ्तार पकड़ने के साथ ही पराली जलाने की घटनाओं में दैनंदिन होती बढ़ोतरी को खतरा माना जाना चाहिए। पराली जलाने से हर साल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, उत्तर प्रदेश का पश्चिमी अंचल, हरियाणा, पंजाब और किसी हद तक राजस्थान का सीमांत क्षेत्र सितम्बर से दिसम्बर के आखिर तक भयावह स्तर तक प्रभावित रहता है। ये महीने इन क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बनकर आते हैं। इन राज्यों की सरकारों द्वारा इसे रोकने की दिशा में किए गये सारे प्रयास, अभियान और किसानों को जागरूक करने के सभी कदम बेमानी साबित हो जाते हैं। विडम्बना यह है कि यह सब तब होता है जबकि पराली जलाने पर पाबंदी है। सुप्रीम कोर्ट भी इस बाबत गंभीर चिंता जाहिर कर चुकी है कि यह कैसा प्रबंधन है कि प्रतिबंध के बावजूद राज्यों में पराली जलायी जा रही है। हालात इस बात के सबूत हैं कि दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन अधिनियम की अवहेलना हुई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग इस पर नियंत्रण कायम करने में नाकाम रहा है। क्योंकि एक भी ऐसी मिसाल नहीं मिली है कि आयोग ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन अधिनियम के तहत एक भी दंडात्मक कार्रवाई की हो। हालात तो यही इशारा करते हैं कि पराली जलाने के खिलाफ निषेधात्मक निर्देश केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। गौरतलब है कि राजधानी क्षेत्र में दुनिया के दस फीसदी अस्थमा से पीड़ित लोग रहते हैं। नतीजतन पहले से ही अस्थमा से परेशान लोगों के लिए बढ़ता वायु प्रदूषण जानलेवा बन जाता है। वैसे भी मौसम में आ रहे बदलाव के चलते प्रदूषण बढ़ रहा है। फिर वहीं, पराली जलाये जाने से पीएम के स्तर में बढ़ोतरी चिंताजनक है। बीते 5 सालों के आंकड़े बताते हैं कि पराली जलाने के 75 फीसदी मामले अकेले पंजाब में ही हुए हैं। इस बार पंजाब में धान की कटाई के बाद 200 लाख टन पराली बचेगी, जबकि राज्य का लक्ष्य 19.52 लाख टन पराली के प्रबंधन का ही है। जाहिर है शेष पराली प्रबंधन के अभाव में जलाई ही जायेगी। ऐसे हालात में एसोचेम का कहना सही है कि स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना केन्द्र, राज्य, समाज और लोगों की संयुक्त जिम्मेदारी है। लेकिन इसमें हम विफल रहे हैं। खासतौर पर जब सर्दियों में आसमान धुंध और विषाक्त गैसों से घिरा होता है, के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे साल के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए एक समन्वित कार्य योजना बनायी जाये। गौरतलब है कि बीते साल दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि पड़ोसी राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाये जाने से हर साल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस दौरान वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। इस पर लगाम लगाई जाये और पराली से कंपोस्ट खाद बनाये जाने का आदेश दिया जाये। ऐसा करने से जहां खाद बनाने से बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगेगी, वहीं दूसरी ओर, किसान इस खाद का उपयोग कर बेहतर और रसायनविहीन पैदावार हासिल कर सकेंगे। चूंकि, मनरेगा पंचायत स्तर की सरकारी योजना है, इसलिए खाद बनाने की प्रक्रिया को मनरेगा से जोड़ा जाये। लेकिन उस पर कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। बेशक, वायु प्रदूषण में पराली की अहम भूमिका है, लेकिन सड़कों की धूल, फैले कूड़े, वाहनों की धूल और बायोमास का भी नकारात्मक रोल होना है। इससे वातावरण में ज़हर के कॉकटेल का निर्माण होता है। वातावरण में सबसे अधिक घातक अजैविक एयरोसेल का निर्माण, बिजलीघरों, उद्योगों, ट्रैफिक से निकलने वाले सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रोजन आक्साइड तथा कृषि कार्य से पैदा होने वाले अमोनिया के मेल से होता है। दरअसल, 23 फीसदी वायु प्रदूषण की वजह यह कॉकटेल ही है। दिल्ली में वायु प्रदूषण, धुंध का 20 फीसदी उत्सर्जन दिल्ली के वाहनों से, 60 फीसदी दिल्ली के बाहर के वाहनों से तथा 20 फीसदी के आसपास बायोमास जलाने से होता है। आसट्रिया स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फार एप्लायड सिस्टम एनालीसिस और नीरी के शोध के अनुसार दिल्ली में प्रदूषित हवा के लिए 40 फीसदी दिल्लीवासी और 60 फीसदी पड़ोसी राज्य जिम्मेदार हैं। डब्ल्यूएचओ शोध-अध्ययन के अनुसार देश की हवा दिनोंदिन ज़हरीली होती जा रही है। इसलिए पराली जलाने पर किसानों को कोसने से कुछ नहीं होने वाला। इसके लिए सरकारी प्रशासनिक तंत्र की निष्क्रियता पूरी तरह जिम्मेदार है। वायु प्रदूषण की समस्या किसी युद्ध की विभीषिका की आशंका से कम नहीं है। ज्ञानेन्द्र रावत पराली जलाने से हुए प्रदूषण से निपटने के दावे हर साल किए जाते हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। यह समस्या हर साल और विकराल होती चली जा रही है।

आप का नजरीया

# बार-बार पैरोल

डेरा सच्चा सौदा का प्रमुख गुरमीत राम रहीम फिर जेल से बाहर आया है। हरियाणा चुनाव के मतदान से ऐन पहले उसे 20 दिन के पैरोल पर रिहा किया गया है। चार साल में 15वीं बार उसे पैरोल पर जेल से बाहर आने का मौका मिला है। न कोई आपातस्थिति है, न कोई आकस्मिकता है और न ही कोई मरणासन्न है, लेकिन किसी 'फैमिली मैटर' के आधार पर पैरोल दी गई है। वह पारिवारिक मामला क्या है? क्या बाबाओं का भी पारिवारिक मामला होता है? बेशक छद्म ही सही, राम रहीम लाखों श्रद्धालुओं के लिए पूज्य है, आस्था का पात्र है, लेकिन वह नाबालिग साध्वियों के साथ बलात्कार और एक पत्रकार की हत्या सरीखे जघन्य अपराधों में सजायाफ्ता है। उसे एक मामले में 20 लंबे साल और अन्य मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। बेशक पैरोल एक सजायाफ्ता कैदी का स्थितिजन्य अधिकार है और फरलो को जेल के दस्तावेजों और नियमों में 'इनाम' करार दिया गया है। जब भी पुलिस और जेल सुधारों का उल्लेख होता है, तो उनमें कैदी को ज्यादा से ज्यादा जेल के बाहर रखना 'सुधारात्मक' माना गया है। उससे कैदी के व्यवहार और मानसिकता में सुधार होगा और वह ज्यादा सामाजिक होगा। उन सुधारों में ही 'फरलो' को एक इनाम माना गया है, जो जेल प्रशासन एक कैदी को दे सकता है। हालांकि अलग-अलग राज्य में फरलो की अवधि तय है। फरलो का ही विकल्प पैरोल है। बहरहाल यह संयोग है या कोई प्रयोग है कि राम रहीम को लोकसभा, विधानसभा, नगरपालिका या पंचायत चुनावों के दौरान ही पैरोल या फरलो दी जाती रही है। बेशक वह एक प्रभावशाली शख्स है और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, पश्चिमी उप्र और राजस्थान आदि राज्यों में डेरे के असंख्य भक्त और अनुगामी हैं, लिहाजा डेरा प्रमुख के किसी आह्वान या अपील का असर भक्तों पर व्यापक तौर से होता है। हालांकि चुनाव इस अनुपात में प्रभावित नहीं होते, लेकिन राजनीतिक दलों का फायदा जरूर होता है। अब राम रहीम को पैरोल पर छोड़ा गया है, तो एक अनिवार्य शर्त यह है कि वह चुनावी गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेगा। वह किसी भी दल या उम्मीदवार विशेष के पक्ष में कोई अपील जारी नहीं करेगा। क्या इन शर्तों पर कानून की कोई पहरेदारी मौजूद है? राम रहीम उप्र के बागपत के बरनावा स्थित आश्रम में मौजूद है। उसके जेल के बाहर आते ही डेरे की सूचना कमेटियों ने हरियाणा की संगत को 3 अक्तूबर को ब्लॉक स्तरीय 'नामचर्चा' करने के आदेश दिए हैं। माना जा रहा है कि इसमें डेरे की तरफ से किसी दल को समर्थन देने के संकेत दिए जा सकते हैं। यदि डेरे में हरियाणा की संगत जमा होती है, तो चुनावों की चर्चा भी संभव है। हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी, जेल प्रशासन और राज्य सरकार ने राम रहीम की पैरोल मंजूर की है और फिलहाल सभी 'भाजपाई' हैं। बीते 10 साल के शासन-काल में भी भाजपा की मेहर राम रहीम पर रही है, जाहिर है कि डेरे में भाजपा के पक्ष में बहुत कुछ प्रचारित किया जा सकता है। बेशक राम रहीम के मुंह से यह प्रचार सार्वजनिक न हो! दरअसल पैरोल या फरलो आपातकालीन होनी चाहिए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

## थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार रविवार को कुन्दा थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई मामलों में सुलह समझौता किया गया व लोगो को कानूनी जानकारी दी गई। वही प्रखंड क्षेत्र के लेवाड़ गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को बाल मजदूरी, बाल विवाह, डायन प्रथा व सड़क दुर्घटना के बारे में विधिक जानकारी दी गई। शिविर में कुन्दा पुलिस पदाधिकारी, पीएलवी अजीत कुमार, संजय चौधरी, मुन्ना दास समेत कई लोग शामिल थे।

# मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की टक्कर में एक युवक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड मुख्यालय के तेली टोला में रहने वाले अनुज ठाकुर के पुत्र नीतीश कुमार की मृत्यु देर शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश अपने घर प्रतापपुर से कुंदा थाना क्षेत्र के बौद्धाडीह जा रहा था लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर थी विपरीत दिशा से आ रहा ट्रैक्टर और नीतीश की मोटरसाइकिल में टक्कर बैरियाचक समीप हो गई। नीतीश गिरकर बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया। दुर्घटना की जानकारी जैसे ही कुंदा थाना के थानेदार प्रिंस कुमार को प्राप्त हुई वह अपने दल बल के साथ जाकर नीतीश कुमार को अपनी गाड़ी से प्रतापपुर अस्पताल लाये। जहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। नीतीश की मृत्यु की खबर सुनते ही स्थानीय सैकड़ो लोग प्रतापपुर



स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। मृतक के परिजन के क्रंदन चीत्कार से पूरा क्षेत्र गमगीन माहौल में बदल गया। जानकारी के मुताबिक विपरीत दिशा से आ रहा ट्रैक्टर एक ही लाइट जला रहा था और इधर से जा रहे नीतीश कुमार को संभवत ऐसी गलतपहमी हुई होगी कि उधर से एक मोटरसाइकिल आ रही है और इसी भ्रम में ट्रैक्टर से टक्कर हो जाती है क्योंकि ट्रैक्टर बड़ा गाड़ी है उसका तो कुछ नहीं बिगड़ा लेकिन नीतीश की जान चली गई।

## एसडीओ पहुंचे गिद्धौर पूजा पंडाल एवं मूर्ति विसर्जन स्थल का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड में हो रहे दुर्गा पूजा की व्यवस्था एवं पूजा पंडाल की देखरेख तथा मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लेने रविवार को एसडीओ सनी राज गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अंजुला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा पहुंचे। और ठाकुरबारी के प्रांगण में हो रहे मां भवानी दुर्गा माता की पूजा स्थल जाकर एसडीओ पूजा अर्चना किए।एवं पूजा का प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात पंडाल की सुरक्षा से संबंधित कई जानकारियां पूजा अध्यक्ष राजेश कुशवाहा से जानकारियां जुटाई। उपरांत मूर्ति विसर्जन स्थल रामसागर जाकर के वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर अंचला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा को आदेश कीए। और दो दिन के अंदर ही जल्द से जल्द बंबू मार्केट नेट लगता कर झंडा के तौर पर लाल कपड़े लगाकर रिपोर्ट मांगी है ताकि किसी भी तरह की कोताही न हो मौके पर उपस्थित गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी सामाजिक बुजुर्ग काशीराम दांगी डांडिया गरबा अध्यक्ष प्रेम राणा मुखिया पति उपेंद्र दांगी लखन दांगी मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी परनाथ दांगी पूर्व दुर्गा पूजा अध्यक्ष दशरथ दांगी प्रकाश दांगी व अन्य पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## चतरा भाजपा सांसद पहुंचे पांडे महुआ हनुमान मंदिर में किया पूजा अर्चना



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत चतरा चौपारण मुख्य सड़क स्थित पांडे महुआ चौक में चतरा भाजपा सांसद कालीचरण सिंह रविवार को पहुंचे। जहां भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से पुष्प गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उसके बाद हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किए। और कान्हाचट्टी भरमन के लिए निकल गए। इस मौके पर जितेंद्र सिंह सौरभ सुमन प्रेमजीत पांडेय प्रसादी पासवान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर संचालकों ने किया सामूहिक बैठक, महासमिति संघ का किया गठन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित कालेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को ट्रैक्टर संचालकों ने बैठक किया। एवं महासमिति संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवकुमार दांगी व संचालन तौकीर आलम ने किया।बैठक में मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया।सभी ट्रैक्टर मालिक एकता का परिचय दिए। और सर्वोसहमति से लोगों ने अध्यक्ष बबलू कुमार साव सचिन अजय भारती कोषाध्यक्ष सुवेश कुमार उपाध्यक्ष उपेंद्र दांगी सहसचिव प्रकाश दांगी सह कोषाध्यक्ष तौक़ीर अंसारी मीडिया प्रभारी राजेश कुमार दांगी निर्देशक शिव कुमार दांगी एवं सदस्य के रूप में सुधीर दांगी, अजय यादव, अरविंद साव, पिंटूभारती, समरेश दांगी, राहुल कुमार दांगी, मनोज कुमार, चंद्रिका कुमार, मनोज भारती, विनोद साव, छोटू आलम, भोला पासवान एवं सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# आजसू की बैठक की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के कैलाश सिंह के आवास पर आजसू की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष अशोक साव ने किया वहीं संचालन पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव पारसनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य संदीप सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी एवं छोटू सिंह भोक्ता उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि पारसनाथ सिंह ने कहा कि पूरे सिमरिया विधानसभा में पार्टी को मजबूत करें और एनडीए से जो भी उम्मीदवार होगा उसे भारी से भारी बहुमत से विजय बनाना है। चुनाव को लेकर चूल्हा प्रमुख पंचायत स्तर पर बनाना है हर बुथ पर पर 50-50 वालंटियर बनाएं। केंद्रीय सदस्य



संदीप सिंह ने कहा कि आज पूरे झारखंड में आजसू पार्टी ही एक ऐसा है जो सबको सम्मान देता है और गरीब असहाय का मदद करता है। बैठक में पूरे सिमरिया विधानसभा में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की बात कही गई एवं समय पर दाखिल खारिज समय पर राशन का वितरण करवाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, शिव शंकर यादव, सुरेश साव, जनकधारी राणा, सुनील कुमार, कामेश्वर महतो, तबस्सुम आरा, जैबुन मिया , अभो देवी, शांति देवी, बधनी देवी, प्रीतम, सविता देवी, मंगरी देवी, मुन्नी देवी, जयप्रकाश साव, शंभूगंझु, प्रभु गंझू, महेश गंझू, रूपलाल गंझू, छोटू गंझू, बंधन गंझू, नरेश गंझू, किरण देवी, मोहनगंझू, केशव साव, गणेश राणा, महेश तुरी एवं सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल थे।

## आखिरी सांस तक समाजसेवी स्व.बंसी यादव ने लड़ी भेदभाव और उच्च नीच की लड़ाई, 82 वां जयंती मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** समाज से सती प्रथा, उच्च नीच, भेदभाव और आडंबर जैसे विचारधाराओं के कट्टर विरोधी रहे परोरिया गांव निवासी स्व.बंशी यादव की 82वां जयंती मनाया गया। इस मौके पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के भावी उम्मीदवार श्री अशोक कुमार रजक राजद नेता इंद्रदेव ठाकुर पूर्व सैनिक आदित्य यादव मयूरहंड प्रखंड बीस सूत्री कमिटी के सदस्य जमील अख्तर समेत प्रखंड के सैकड़ो लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्वर्गीय बंसी यादव के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत शिक्षक समाजसेवी और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के भावी उम्मीदवार श्री अशोक कुमार रजक ने प्रभात मंत्र से कहा स्वर्गीय बंसी बाबू अपने जमाने में एक ऐसे शख्स थे जिन्होंने



बेईमानों को लोहे के चने चबाने पर मजबूर कर देते थे।इंद्रदेव ठाकुर ने कहा जब देश गुलामी के दौर से गुजर रहा था और देश में छुआछूत चरम पर था वैसे समय में स्वर्गीय बंसी यादव ने समाज से उंच-नीच भेदभाव और छुआछूत जैसी परंपराओं को खत्म करने का बीडा उठा रखा था और आखरी सांस तक इन्होंने स्वयं को समाज के उत्थान में ही समर्पित कर दिया।इनके जानने वालों ने प्रभात मंत्र से दो टूक कहा स्वर्गीय बंसी बाबू गांव के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1958 में मैट्रिक परीक्षा पास कर अपने गांव का मान बढ़ाया था।इन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा और अपने गांव में लोगों को शिक्षित करने का बीड़ा उठा लिया। स्वर्गीय बंसी बाबू की देन है कि आज गांव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।रिटायर्ड फौजी आदित्य यादव ने इस खास मौके पर बताया कि बंसी चाचा के बारे में जो मैं सुना हूं बस इतना सुना हूं कि जो ये जो ठानते थे उसे पूरा करके ही छोड़ते थे।इनके रगों में सच्चाई का खून दौड़ता था। आईए जानते हैं कौन है बंसी यादव और आज इनका परिवार किस दौर से गुजर रहा है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया सुभाष चौक के निकट स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया।घायल युवक सिमरिया थाना क्षेत्र के पुंडरा गांव निवासी छोटे लाल साव पिता शिवलाल साव का नाम शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने पैतृक गांव पुंडरा सिमरिया आया हुआ था पूजा का सामग्री लेने ।इसी बीच बैंक के पास पूर्व से खड़ी चार पहिया वाहन पर सवार लोगों ने अचानक वाहन का दाहिना तरफ का गेट खोल दिया और गेट बाइक सवार से टकरा गया। मोटर साइकिल सवार युवक अनियंत्रित होकर सिमरिया चतरा मुख्य सड़क पर गिर कर घायल हो गया। घटना में बाइक सवारी युवक का दाया हाथ टूट गया जिसे सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी मानव मयंक व पत्रकार मोकिम अंसारी की मदद से घायल युवक को सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर अफान द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। चिकित्सा अफान ने बताया कि घायल युवक को अंदरुनी चोटें नहीं है,परंतु घटना में युवक का हाथ टूटने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस 108 से सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# नगर प्रशासक ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नगर प्रशासक राजीव रंजन ने रविवार को शहरी क्षेत्र स्थित विभिन्न पूजा पंड़ालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात की और कई एहतियात बरतने की बात कही। उन्होंने पूजा पंडालों में सीसीटीवी व अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करने की बात कही।बिजली का प्रयोग बहुत ही सावधानी से करने की अपील की। कहा कि छोटी छोटी गलतियों के कारण बड़ी हादसे हो जाती है। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने भी कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। मौके पर श्री रंजन ने पूजा पंडालों एवं शहर की साफ सफाई करने, खुले नालियों को स्लैब से ढकने, पथ प्रकाश को दुरुस्त करने आदि का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पूजा को देखते हुए सभी पूजा पंड़ालों में नोडल अधिकारी और दो सफाई कर्मी नियुक्त किये गये हैं। निरीक्षण के क्रम में नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संदीप कुमार गुप्ता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह और क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर शामिल थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में पिड़ित छात्राओं का अधिकारियों ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरवाडीह की 61 छात्राओं को फूड प्वाइजनिंग मामले और लापरवाही को लेकर रविवार को एरिया ऑफिसर ऋषिकेश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह और जिप सदस्य संतोषी कुमारी की टीम ने विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के किचन की जांच करते छात्राओं से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान छात्राओं ने बताया कि शनिवार को दोपहर में खिचड़ी खाने को दिया गया।इस दौरान दो छात्राओं के खिचड़ी में छिपकली का मुंडी व धर देखकर बोमेटिंग होने लगा। इसी के साथ कुछ और छात्राएं का तबियत खराब होने लगा जिससे विद्यालय में अफरातफरी का माहौल बन गया।आनन फानन में छात्राओं को हॉस्पिटल भेज कर प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं छात्राओं की बात सुनकर ऋषिकेश कुमार, जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने वार्डेन सांगिता कुमारी और पूर्व वार्डेन रुबी कुमारी पर भड़क उठे और डांट फटकार लगाई। वहीं घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने भी विद्यालय पहुंचकर मामले का जायजा लिया।

## राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रतापपुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** राज्य के मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर प्रतापपुर पहुँचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता प्रखंड क्षेत्र के एघारा पंचायत के ग्राम नेभी में ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माण होने वाले अम्बेडकर चौक नेभी से बिहार सिमाना तक पथ निर्माण कार्य एवं ग्राम अम्बाटांड़ में अम्बाटांड़ से जमवा आर.ई.ओ रोड भाया अशनाही तक पथ निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इसके पश्चात करीब आधा दर्जन सड़कों का विधिवत ऑनलाइन शिलान्यास किया। साथ ही स्थानीय उत्क्रमित विद्यालय में छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण भी किया। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम के दौरान चतरा विधानसभा क्षेत्र भावी प्रत्याशी श्रीमती रश्मि प्रकाश, जिला मंत्री प्रतिनिधि भोला प्रसाद गुप्ता, जिला मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, राजद युवा नेता प्रदीप यादव, राजद युवा नेता जितेंद्र सार्थक, विशाल यादव, जगदीश यादव, राजद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## आदिवासी महिला ने छेड़छाड़ व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने का लगाया आरोप

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बुकरू ग्राम की एक आदिवासी महिला ने बालूमाथ निवासी मोहम्मद शहीद पिता स्वर्गीय मोहम्मद रफीक पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि रविवार को सुबह लगभग 9:00 बजे वह घर पर अकेली थी इसी बीच शाहिद मियां उसके घर पहुंचा और पूछा कि आपके पति कहां गए हैं मेरे द्वारा बालूमाथ कहे जाने के बाद वह अकेली होने का नाजायज़ फायदा उठाने का प्रयास करने लगा और वह मेरे साथ छेड़छाड़ करते हुए मुझे पकड़ कर जबरन घर के अंदर ले जाने लगा।तथा विरोध करने पर कहने लगा कि तुम आदिवासी की क्या औकात और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गलत करने की कोशिश करने लगा मेरे द्वारा हल्ला करने पर बगल के रहने वाले सविता देवी एवं रेखा देवी दौड़कर पहुंची तब मोहम्मद शाहिद मुझे छोड़कर भाग गया। वह जाते समय धमकी दिया कि यह बात किसी से कहेगी तो मैं तुम्हें तथा तुम्हारे पति को जान से मार देंगे। महिला ने कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह थाना प्रभारी से किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि आवेदन के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ के आयोजन से राममय हुआ लातेहार

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय वासी इन दिनों भक्ति सागर में गोते लगा रहे हैं। पूरा शहर राममय हो गया है।शहर के बीचोबीच अंबाकोठी में आयोजित 51 वें श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ परिसर मे श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ रही है। यज्ञाचार्य पंडित अनिल मिश्र के सानिध्य में पूजन कार्य संपन्न हो रहे है। वहीं गिरिडीह से आये मानस वाचस्पति अनिल जी भारद्वाल एवं उनकी मंडली के द्वारा परायण पाठ किया जा रहा है। पूरे शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये गये हैं।प्रात- पांच बजे से पूजन कार्य प्रारंभ हो जाता है। परायण पाठ पूर्वाह्न आठ बजे से दो बजे तक आयोजित होता है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह ने कहा कि महायज्ञ समिति को पूरे शहरवासियों को अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे शारदीय नवरात्र की तिथि बढ़ती है महायज्ञ की परिक्रमा करने वालों की संख्या भी बढ़ती जाती है।श्री सिंह ने कहा कि सप्तमी से नवमी तिथि तक यहां महायज्ञ परिसर की परिक्रमा करने वालों की संख्या अधिक रहती है।

# करोड़ों की लागत से दो सड़क का मंत्री ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार को शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से दो सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने सदर प्रखंड के धर्मपुर मोड़ पीडब्ल्यूडी रोड से विशुनपुर गांव होते हुए केडू भाया तुम्बाखूंटा तथा सीसी पंचायत अन्तर्गत ग्रम कल्याणपुर से डेमू गेट भाया सीसी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास नारीयल फोड़कर और शिलापट लगाकर किया। मौके पर विधायक सह मंत्री ने कहा कि उक्त दोनों सड़क का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों के द्वारा पिछले कई वर्षो से किया जा रहा था। सड़क बन जाने से यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन सड़क बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक को यथाशीघ्र



सड़क निर्माण कार्य शुरू तथा कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने डीएमएफटी फंड से समहारणालय प्रवेश द्वार से हाई स्कूल गेट तक पीसीसी सड़क और नाली निर्माण की भी आधारशिला रखी। उक्त कार्य एनआरपी विभाग द्वारा किया जाएगा। मौके पर दया पाण्डेय, पंकज तिवारी, रंजन प्रसाद, विजय प्रसाद, मुखिया विजय उरांव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बरवाडीह में विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य सड़क के समीप ग्राम मुर्गीडीह में करोड़ों की लागत से स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग से 30 शय्या वाले नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह और जिप सदस्य संतोषी कुमारी के द्वारा नारियल फोड़कर विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों के बाद नवनिर्मित सीएचसी भवन में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब प्रखंड के लोगों को बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि सीएचसी भवन बन जाने



से प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के लोगों को काफी सहुलियत मिल गई है हालांकि स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी होने पर,ऐसे में लोगों को प्राथमिक उपचार मलेरिया डायरिया के इलाज के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति घायल इलाज जारी,नहीं हो सका है पहचान



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरीया सिमांत क्षेत्र में शनिवार की मध्य रात्रि में एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसे बारियातु थाना प्रभारी राजा दिलावर के पहल पर ईलाज के लिए भेजा गया।जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय पुलिस के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग की स्थिति गंभीर बनी हुई है लेकिन इलाज जारी हैं। उसकी पहचान नहीं हो पाने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं ले जाया जा सका है।साथ ही उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा है कि - बुजुर्ग व्यक्ति को कोई पहचानते हो तो पहचान कर उनके परिजनों तक जानकारी पहुंचाने की कृपा करें व बारियातु थाना मो.न.8825335189 में संपर्क करें। ताकि बुजुर्ग का बेहतर इलाज हो सके।

### बरही में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

# दोनों ही पार्टियों की पकड़ है, मजबूत कार्यकर्ता कमर कस के हैं तैयार, टिकट बंटवारे का इंतजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान बस कुछ दिनों में होने वाली है, जिसे लेकर तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है, चुनाव आयोग की टीम भी झारखंड की दौरा कर चुकी है और चुनाव का जायजा सभी अधिकारियों के साथ बैठक करके ली है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बहुत ही जल्द बजने वाला है ,इसी कड़ी में बरही विधानसभा की सीट काफी हॉट सीट मानी जा रही है यहां पिछले कई चुनाव मे भाजपा और कांग्रेस में सीधे तौर पर कांटे की टक्कर देखी जाती रही है, अब तक बरही विधानसभा से सबसे ज्यादा जीत का स्वाद कांग्रेस पार्टी ने ही चखा है। बता दें कि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव कांग्रेस से ही वर्ष 1995 के अलावा वर्ष 2000 वर्ष 2005 व वर्ष 2009 में चुनाव जीते थे जबकि वर्ष 2014 में सिर्फ एक बार भाजपा उम्मीदवार उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस उम्मीदवार मनोज कुमार यादव को हराया था, इसके बाद 2019 के चुनाव में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए वहीं वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, परिणाम यह रहा की 2019 में भी बरही विधानसभा में जीत का स्वाद कांग्रेस ही चखा और उमाशंकर अकेला विधायक बने 2024 के चुनाव में भी भाजपा व कांग्रेस के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकती है , जीत हार का अंतर काफी कम हो सकता हैं, वहीं दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता भी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और वोटरों को समझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, उम्मीदवारी पेश करने वाले कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टियों के विचारों को जनता तक पहुंचा रहे हैं यूं कहा जाए कि इस बार भी भाजपा व कांग्रेस के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकता है। लेकिन बरही विधानसभा में कुछ महीनो से भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में अलग-अलग मोर्चा देखने को मिल रही है जिसके कारण आला कमान को बहुत ही सूझबूझ से टिकट का वितरण करना होगा ताकि पार्टी में बने मोर्चा को एक साथ समेटा जा सके तभी चुनाव जीता जा सकता है यदि टिकट बंटवारे से पहले पार्टी में बैठे मोर्चा को नहीं सुलझाया गया तो तीसरी मोर्चा भी तैयार हो सकता है और यदि तीसरी मोर्चा तैयार हुई तो दोनों पार्टियों के लिए राहें मुश्किल हो सकती है।

# भाजपा के मांडू विधान सभा प्रतिनिधिमंडल ने किया प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते जा रहा है, राजनीतिक पारा चढ़ते जा रहा है। खासकर भाजपा खेमे में मांडू विधानसभा क्षेत्र में सरगर्मी काफी तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारे में मांडू सीट आजसू कोटे में चले जाने की हवा चल रही है।कई राजनीतिक गुरुओं का कहना है कि यह सीट तो आजसू को मिल गई है,केवल घोषणा होना बाकी है। चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम शुक्रवार को प्रदेश पदाधिकारियों से मिलने रांची प्रदेश कार्यालय पहुंची। टीम में सुखदेव रजवार, अशोक मंडल, कैलाशपति सिंह, एमके पाठक,बसंत प्रजापति, गिरधारी महतो,मनोज गिरी,संजय साह,राजेश कुमार समेत कई लोग शामिल थे। ये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्णवीर सिंह और नागेंद्र नाथ त्रिपाठी से मिले। इन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि यहां कि सीट भाजपा की है,भाजपा का संगठन मांडू में मजबूत है। 1995 में यहां पहली बार भाजपा को चुनाव में उतारा गया था और रामेश्वर साहू ने 20728 वोट लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद यह सीट गठबंधन में समता पार्टी और जदयू को दिया गया।यहां से लगातार भाजपा लोकसभा में अच्छा प्रदर्शन करता रहा है।चालू सत्र में तो भाजपा ने यहां से अपना प्रत्याशी आयातित उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को उतारा था,चुनाव जीतने के बाद वे लोकसभा चुनाव के वक्त कांग्रेस में चले गए। इसलिए आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा का अपना कार्यकर्ता को ही टिकट मिले।जिनका नाम रायशुमारी में आया है,उनमें से ही किन्ही को उम्मीदवार बनाया जाए। प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए वापस भेजा है।

## बहेरा पंचायत भवन मे कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहेरा पंचायत भवन में रविवार को कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस पार्टी के सभी पंचायत के अध्यक्ष इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अपनी शिरकत दी। पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए तथा आगामी विधानसभा चुनाव में किस तरह से तैयारी की जाए इसको लेकर कई तरह से विचार विमर्श किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं को टास्क के तहत समझाया गया कि किस तरह से पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करना है। बैठक को संबोधित करते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि कई कोयला कारोबारी जो कल तक इधर का माल उधर करने में लगे रहते थे आज उनका बेटा घर-घर जाकर क्षेत्र में विकास करने की बात कह रहा है। वह लोग पूछते हैं की बीते 40 वर्षों में हुआ क्या है मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं कि स्वर्गीय टेकलाल महतो ने क्षेत्र में घर-घर जाकर विकास कार्य करने का काम किया टेकलाल महतो जन-जन के नेता थे। जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज कई राजनीतिक पार्टियों हैं जो सिर्फ अपने परिवार का सोचती हैं कि किसको कहां से चुनाव में खड़ा किया जाए। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं आंदोलनकारी टेकलाल महतो का पुत्र हूं और मैं मांडू विधानसभा की जनता और मांडू विधानसभा का विकास करने में विश्वास रखता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कुछ नई पार्टियों के बारे में भी कहा कि यह सब पार्टियां सिर्फ वोट काटने का काम करसकती हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी चुनाव को लेकर सभी तैयारी में लगे और मेहनत करें ताकि विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से जेपी यादव जिला महासचिव, अकबर हुसैन, चोलेश्वर महतो, इन्द्रनाथ महतो,राहुल कुमार महतो, नागेश्वर महतो,प्रदीप करमाली,विजय महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता डॉ. आर आरसी मेहता ने सदर प्रखंड के दर्जनों गांव में किया जनसंपर्क



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ सदर प्रखंड के ओरिया ,बहरी, सखिया, कानी मुडवर, बीरबिर इत्यादि दर्जनों गांव में जनसंपर्क किये। कानी मुडवार के अनुसूचित जाति/ जनजाति के लोगो की स्थिति को देखते हुए डॉ मेहता ने नुक्कड़ सभा में कहा कि हजारीबाग जिले में किसान मजदूर बेरोजगारो की स्थिति अच्छी नही है । आजादी के बाद भी इनकी स्थिति दयनीय है जो चिंता का विषय है सरकार को किसान मजदूर पर विशेष सहानुभूति और सहयोग की जरूरत है केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से अपेक्षा करता हूं कि किसान, मजदू,र बेरोजगार, विद्यार्थियों को विशेष सुविधा दिया जाए। जनसंपर्क के दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए. ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है। सबो ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं. कांग्रेस के नेता डॉ आरसी मेहता ने ग्रामीणों से सवाल जवाब किया । बेटियों और महिलाओ ने कहा- मइयाँ सम्मान योजना से 1000 रुपय मिल रही है जिससे घर बार चलाने मे मदद मिल जाती है।दर्जनों किसानो ने बताया की सरकार ने किसानो का 2 लाख तक लोन माफ़ करके बहुत बड़ा काम किये हैं।

## बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर का सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को पुजा पंडाल के समीप दरिद्र नारायण सेवा का भव्य आयोजन किया गया। सेवा कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुई, कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष,सचिव सहित तमाम करने गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुरूआत किया गया। इसके बाद उपस्थित तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने करीब 500 से भी अधिक असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों को महाप्रसाद स्वरूप पुड़ी, मिठाई, सब्जी का भोजन करवाया,इसके पश्चात सभी के बीच कंबल,वस्त्र, साड़ी एवं छोटे बच्चे बच्चियों के कपड़े का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम महासमिति के द्वारा पिछले 23 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिलती है। अधिकांश लोग इस सेवा का इंतजार करते हैं। यह कार्यक्रम नवरात्रि के प्रथम शुक्रवार एवं रविवार को किया जाता है। कार्यक्रम में महासमिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा भावना के साथ इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया। समिति का उद्देश्य है कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन किया जाता रहेगा। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। उन्होंने महासमिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि हर वर्ष दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इस महोत्सव की खुशियों में सहभागी हो सकें। इस वर्ष भी समाज के 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं वस्त्र वितरित किए गए। महासमिति के द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन वर्ष 2001 से लगातार किया जा रहा है।

# बरही में बालू का खेल निराला : रात के अंधेरे से लेकर दिन के उज्जाले में भी हो रहा अवैध बालू का तस्कर





**एनजीटी के नियमों का खुलकर उड़ाई जा रही है धज्जियां, प्रतिदिन दर्जनों गाड़ियों से हो रही है बालू का उठाव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही में एनजीटी के आदेश लागू के बाद भी नदी घाटों से बालू तस्करी जोरो पर है। प्रखंड के कोल्हुवाकला, बेरीसाल, करगईयो, बेहराबाद, आदि नदी घाटों से बालू का कारोबार पूरे चरम सीमा पर है। धड़ल्ले से बालू का उठाव किया जा रहा है। बालू के अवैध कारोबार में शामिल चंद लोग मालामाल हो रहे हैं, वहीं सरकार को प्रतिदिन राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। लेकिन इस कारोबार को रोकने की कोई पहल प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही है, जिस कारण अवैध धंधे में शामिल लोगों का मनोबल बढ़ गया है। तस्कर दिन दहाड़े रात के अंधेरे में या अहले सुबह बरही के विभिन्न नदी घाटों से बालू का उठाव अनवरत कर रहे हैं, और उसे लखना, दुलमाहा, नईटांड़ के रास्ते से जीटी रोड होते हुए एवं खुर्दजवाड़, करगईयो, बेहराबाद की बालू लोड ट्रैक्टर गुंजरा मोड से होकर गुजर रहें है, जिसे बरही पंचमाधव, करियातपुर, धनवार, कोरियाडीह, दूधपनिया रालो, लठिया सहित कई आपूर्ति स्थानो तक भेजा जाता है। इस धंधे में कई लोग शामिल हैं, जिन्हे प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। जानकारी के अनुसार हर दिन इन नदियों से लगभग एक सौ ट्रैक्टर बालू लोडकर बरही के विभिन्न क्षेत्रों के निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया जाता है। एक ट्रैक्टर बालू की कीमत दूरी के अनुरूप ढाई से तीन हजार रुपये तक वसूला जाता है। स्थानीय प्रशासन कार्रवाई के नाम पर कभी कभार एक या दो ट्रैक्टर को पकड़ कर कोरम पूरा कर लेते हैं। बता दे की अवैध बालू का खनन के खेल से, वाटर लेवल नीचे हो गया और जल पर संकट मंडरा रहा है। जिसे लेकर क्षेत्र के किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के कच्चे रास्ते से गुजरते बालू ट्रैक्टर से स्थानीय लोग भी हलकान है।

## आजसू जिला सचिव बने टेकलाल यादव, लोगों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आजसू पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रमेश्वर महतो ने जिला कमिटि का विस्तार करते हुए विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो निवासी आजसू पार्टी के सक्रिय जुझारू नेता टेकलाल यादव को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए आजसू पार्टी जिला सचिव पद पर टेकलाल यादव उर्फ करन यादव को मनोनीत किया।इस संबंध में नवनिर्वाचित जिला सचिव टेकलाल यादव उर्फ करण यादव ने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का भरसक प्रयास करूंगा। टेकलाल यादव को आजसू पार्टी जिला सचिव बनाए जाने पर जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी,साथ ही उनकर शुभचिंतको ने भी सोशल मीडिया पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष रूपेंद्र महतो,प्रखंड सचिव हरीश पटेल,पंकज महतो, हेमंत आर्या, मुकुल साव, नितीश पासवान, राजू,रोशन कुमार, गुड्डू पासवान,राजकुमार, आदित्य, धर्मेन्द्र, सचिन,संतोष,सुभाष, राजन सहित दर्जनों पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**अवैध बालू लदे 8 ट्रैक्टरों को किया गया जब्त**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा तड़के करीब 3 बजे बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्यवाई मे अवैध बालू लदे 08 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल और कटकमसांडी क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ छापामारी कर 08 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। अवैध बालू के कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि अवैध बालू के कारोबारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध बालू के कारोबारी बालू का अवैध कारोबार बंद कर दे अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के इस कार्रवाई को लेकर अवैध बालू के कारोबारियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ है। इस छापामारी के दौरान अवैध बालू कारोबार से जुड़े शशि कुमार प्रजापति, अनुज कुमार दांगी, अनिल कुमार यादव, देवेंद्र राणा, विमल साव, गुलाब साव, बालेश्वर गोप, आनंद राम के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने ग्रामीणों की सुनी समस्या, दिया मदद का भरोसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** एनएच 33 से करसो अनुसूचित मोहल्ला कोनियाडीह तक सुगम आवागमन के लिए पक्की सड़क, सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन और करसो स्कूल की चाहरदीवारी निर्माण की मांग ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से की। ग्रामीणों ने इन बुनियादी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव से आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए यथासंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि वे हर संभव प्रयास करेंगे कि इन मांगों को पूरा किया जा सके, जिससे गांव के विकास को गति मिले और लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इसके अलावा, अनुसूचित मोहल्ले में उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें बैठकी दरी भेंट की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को एकजुट रहने का संकल्प दिलाया और उन्हें एक मजबूत समुदाय के रूप में संगठित रहने की अपील की। मौके पर अगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक ने सभी ग्रामीणों से भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, प्रमोद यादव, राजेंद्र यादव, उमेश यादव, राजदेव यादव, पूर्व मुखिया प्रभु भुइयाँ, अशोक यादव, वेदप्रकाश सिंह, मिथिलेश सिंह, उपेंद्र सिंह, गोपाल राणा, तिलेश्वर राणा, विनोद रविदास समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ढेंगुरा मे हिंदू व मुस्लिम समुदाय ने किया एक साथ बैठक

**पर्व त्योहारों को शांति व सौहार्द के साथ मनाने का लिया निर्णय**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेंगुरा के पंचायत भवन में ढेंगुरा ग्रामवासियों ने रविवार को एक बैठक का आयोजन किया । बैठक की अध्यक्षता ढेंगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजीव यादव ने की। वहीं इस बैठक में हिंदू समाज व मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही जहां हिंदू समाज की ओर से प्रकाश यादव अध्यक्ष के रुप मे वही मुस्लिम समुदाय की ओर से सदर मोहम्मद जावेद अध्यक्ष के रूप में मौजूद थे। इस बैठक में हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दुर्गा पूजा के साथ-साथ आगामी सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया। सभी पक्षों का एक स्वर में कहना था कि हम अपने गांव में किसी भी प्रकार की कोई सांप्रदायिकता को पनपने नहीं देंगे चाहे पर्व हिंदुओं का हो या मुसलमानों का सभी आपसी सहभागिता व भाईचारे के साथ मनाएंगे । बैठक में हिंदू समाज की ओर से शंभू यादव, दिलीप कुमार राणा, सूरज गोप ,गोपाल गोप, प्रकाश यादव, मनोज राणा, कामेश्वर दास, राज रविदास ,महेंद्र प्रसाद राणा, विशेश्वर गोप, सुरेश यादव व मुस्लिम समाज से मो कासिम, मो जावेद ,मो नईम, मो मुसाहिद, मो अख्तर ,मो मेराज, मो रफीक, मो मंजूर, अख्तर हुसैन, मो शकील मौजूद थे।

## जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में कांग्रेस कोर कमेटी मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी का मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे व संचालन मजहर खान और निरंजन साव ने किया। प्रखंड के सभी 23 पंचायत के कांग्रेस कोर कमेटी के भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू को पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सभा को संबोधित करते योगेंद्र साहू ने कहा कि मैं कोल कंपनी का विरोध नहीं करता हूं मैं भी चाहता हूं कि कंपनी खुले परंतु कंपनी 2013 कोल विस्थापन नीति लागू करें ताकि उसका लाभ, अधिकार विस्थापित क्षेत्र के रैयतों को पूर्ण रूप से मिल सके। जल जंगल जमीन को बचाने के लिए मेरा निरंतर आंदोलन जारी रहेगा मैं जेल जाने से नहीं डरता हूं। मुझे और मेरे परिवार को नेस्तानाबूद करने के लिए एक कंपनी के द्वारा 100 करोड रुपए खर्च किया गया था। जिसकी पुष्टि कंपनी के लोग ही मेरे पास आकर जानकारी दिया और उसने माफी भी मांगा। क्षेत्र के विकास के लिए विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा हजारों करोड़ रूपया खर्च किया जा रहा है। जब भी क्षेत्र में सांप्रदायिक मामला होता है तो अंबा प्रसाद के ऊपर ठीकरा फोड़ दिया जाता है। आपके के लिए मुझे जेल भी जाना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा।

# बड़कागांव में बदलाव की लहर : सैकड़ों लोग आजसू पार्टी में शामिल

- **बड़कागांव विधानसभा में इस बार परिवर्तन की लहर है : रोशन लाल चौधरी**
- **आजसू पार्टी ही बड़कागांव विधानसभा का संपूर्ण विकास कर सकती है : कोलेश्वर गंझू**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम अंबाजीत में राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में आजसू पार्टी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन अवधेश सिंह ने किया। मिलन समारोह में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू उपस्थित हुए। जहां पर सैकड़ो लोगों ने दूसरे पार्टी को छोड़कर आजसू पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने माला और पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी की सदस्यता दिलाई। लोगों को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास कर सके। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना। वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार से स्थानीय ग्रामीण त्रस्त हो चुका है। इसलिए बड़कागांव में इस बार बदलाव निश्चित है इसलिए सभी लोग बदलाव करने के लिए हमारे कारवां में जुड़ रहे हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि कोलेश्वर गंझु ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की बयार बह चुकी है और इस बार बदलाव निश्चित है। क्योंकि पिछले 15 सालों से एक ही परिवार का राज होने के बावजूद भी विकास कार्य जीरो हुआ है? बड़कागांव का विकास सिर्फ और सिर्फ रोशन लाल चौधरी और आजसू ही कर सकता है। मौके पर राजकुमार सिंह, मिशन सिंह, शंकर सिंह, निवारण सिंह, जगदीश सिंह, गणपति सिंह, श्याम नंदन सिंह, धर्मेंद्र पांडे, सुधीर सिंह, भोला सिंह, गुडन सिंह, राजा सिंह, प्रभात सिंह, किशोर सिंह, सतीश सिंह, छोटू सिंह, गुड्डू सिंह, पंकज सिंह, सोनू पांडे, अमन कुमार, सीटू सिंह, गौरव सिंह, नवल सिंह, कृपाल सिंह, हेमंत सिंह, विवेकानंद सिंह, योगेंद्र सिंह, किशोर भुईया, दुकान भुईया, धनेश्वर पासवान, मनोज भुईया, विपिन सिंह, रामू भुईया, अभिनंदन सिंह, प्रकाश कुमार पांडे, शिव शंकर पांडे, पोखन भुईया, मन्नू राम, प्रवीण सिंह, रमेश भुईया ,भूषण सिंह ,संजय कुमार, राज किशोर भुईया ,राहुल कुमार, मुकेश दास ,विक्की सिंह, रामनंदन सिंह ,अजीत सिंह सहित अन्य लोग पार्टी में शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रामेश्वर महतो, लीलारधन साव, संदीप कुशवाह, जिला सचिव गीरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, दिनेश महतो, मनोज दांगी, घनश्याम मेहता, पंकज कुमार, जावेद हुसैन, दिनेश कुमार, सुरेश महतो, मुरली प्रसाद, अजीत कुमार, गजा सिंह, मोदस्सर खान, भोला महतो, सुनील यादव, सरजू साहू, कपिल सिंह, बबलू सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्व.नरेन्द्र प्रसाद के निधन से समाज को हुई अपूरणीय क्षति : अरुण कुमार



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला कार्यकारणी सदस्य और दैनिक समाचार पत्र के प्रभारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा के पूज्य पिता नरेन्द्र सिन्हा के निधन पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेन्द्र सिन्हा कायस्थ समाज के हर गतिविधि में हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। और महासभा के विस्तार में अग्रणीय रहे हैं। उनका सहयोग समाज के लिए अविस्मरणीय है। उनके अचानक परलोक सिधार जाने से हमसब मर्माहत हैं। आज उनके निधन का समाचार सुनकर कायस्थ परिवार स्तब्ध है कायस्थ परिवार के सभी सदस्य स्वर्गीय नरेन्द्र सिन्हा के निधन पर गहरा शोक जताया है।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी सदस्यों ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि नरेन्द्र सिन्हा के निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। ईश्वर उनके पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।इस मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंट्टू बाबु, प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा,अमित कुमार सिन्हा, बामेस्वर प्रसाद, राजीव पामदात्त , विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार, मुन्ना श्रीवास्तव अधिवक्ता आनंद कुमार, मनोज कुमार सिन्हा,धनंजय वर्मा, सुजीत नारायण सिन्हा ,उपेंद्र कुमार ,कुंवर बक्शी सुजीत कुमार सिन्हा ,अनिल कुमार सिन्हा, संजय लाला, सूरज देव प्रसाद कर्ण, दीपक कुमार सिन्हा , सुनील कुमार सिन्हा,अवधेश कुमार सिन्हा, ज्योति कुमार सिन्हा ,उमेश प्रसाद सिन्हा ,रोहित वर्मा, आशुतोष कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा , डॉ उदय श्रीवास्तव,डॉ संजीव कृष्ण जमुवार , डॉ के चंद्रा, डॉ उदय श्रीवास्तव ,अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा ,डॉक्टर राजेश कुमार सिन्हा, वीरेंद्र कुमार सिन्हा,सूर्यवंश श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, विश्व रंजन सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार दास, संतन कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, नितेश रंजन, संजीव कुमार सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिन्हा , सनत कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, सहित महासभा के सभी सदस्यों ने स्वर्गीय नरेन्द्र सिन्हा के आकस्मिक निधन को कायस्थ परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चे बॉक्सिंग में नेशनल खेलेंगे



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वाराणसी के हरि बंधु इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में श्री कृष्ण विद्या मंदिर के कक्षा 12वीं के शान सिन्हा एवं अर्चित भारद्वाज ने अंडर - 19 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय की कक्षा आठवीं की छात्रा रूत रानी बेक ने अंडर - 14 में काश्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय के कोच दिव्यांश कुमार के नेतृत्व में इन बच्चों ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सफलता हासिल की। दिनांक 17, 18 एवं 19 नवंबर को हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर पर उक्त प्रतियोगिता में दोनों स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बच्चे प्रतिभागी के रूप में भाग लेंगे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव विमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल समेत सभी सदस्यों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। अध्यक्ष महोदय ने विद्यालय के खेल शिक्षक मनोरंजन चौधरी, कोच दिव्यांश कुमार, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों एवं संबंधित अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है एवं भविष्य में खेल के अन्य क्षेत्रों में भी सफल होने की कामना की। संपूर्ण विद्यालय परिवार बच्चों की इस अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त कर रहा है।

# रामगढ़ मे पिछले 60 वर्षों से हो रहा है गरबा का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के झंडा चौक में गुजराती समाज के



द्वारा 65 वर्षों से लगातार रमणीक भाई के लकड़ी टाल में नवरात्रि का भव्य आयोजन किया जाता हैद्य इस बार भी गुजराती समाज रामगढ़ यहां भव्य तरीके गरबा नृत्य का आयोजन किया है। इसमें गुजराती समाज के द्वारा भव्य मां का दरबार सजाया जाता है। एकम से लेकर विजयदशमी तक मां का कलश का स्थापना और सुबह और शाम उनका पूजन किया जाता है और रात्रि बेला में 10ः00 बजे से लेकर रात्रि 2ः00 बजे तक मां के दरबार में क्या बच्चे क्या बूढ़े क्या माता एवं बहाने सारे मिलकर डांडिया रास करते हैं। महिला मंडल के द्वारा बहनों लोको विशेष कॉस्ट्यूम के साथ डांडिया रास का आयोजन होता हैद्य रात्रि बेला में मां का भव्य आरती और प्रसाद वितरण कर समाप्त किया जाता है है डांडिया रास के कार्यक्रम में गुजराती समाज के धनवान व्यक्ति लोग भी उपस्थित रहते हैंद्यइस मौके पर संतु भाई मानिक सुनील कोटेचा महेश कोटेचा राजू भाई राठौड़ पप्पू गंगानी नीलेश भाई भारत कोटेचा रघु कोटेचा अश्विन भाई राय माजिया सुशीला बेन मानिक वर्षा कोटेचा पूनम कोटेचा डॉली मानिक सारिका राठौर, दिया मानिक, निधि राय मंगिया, नेहा कोटेचा आर्यन दत्तानी,कोमल कोटेचा भूमिका कोटेचा प्रेगना कोटेचा किरण कोटेशन काम्या कोटेचा,पारुल मानिक, मीना बडेरा, गीता जोबनपुत्र लिपिक ठक्कर ख्याति जोबनपुत्र आदि लोग उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष का रामगढ़ में स्वागत

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री बंधु तिर्की झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता किशोर सहदेव रविवार को हजारीबाग से रांची जाने के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रामगढ़ में मिले और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। चुनाव घोषणा पत्र के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू से चुनाव घोषणा पत्र को लेकर सुझाव आमंत्रित करने के लिए कहा। जिससे जन सरोकार की एक घोषणा पत्र तैयार की जा सके। हमारे नेता राहुल गांधी ने यह स्पष्ट आदेश दिया है ।

# शपथ पत्र

मैं नासीर हुसैन पिता MD.NAIMUDDIN उम्र लगभग 37 वर्ष निवास स्थान ग्राम आरा सारूबेड़ा पो0 सारूबेड़ा थाना मांडू जिला रामगढ़ झारखंड निवासी हूं मेरा सही व वास्तविक नाम नासीर हुसैन है जो मेरे आधार कार्ड संख्या 861145544606 एवं मतदाता पहचान पत्र संख्या GLM7033251 मेरा बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा सारूबेड़ा में एक बचत खाता संख्या 4 8 6 9 10 110002887 जिसमें मेरा नाम नासीर अंसारी दर्ज है यह की नासीर हुसैन NASIR HUSSAIN एवं नासिर अंसारी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं स्वयं हूं और मैं नासिर हुसैन के नाम से जाना जाता हूं

# वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में दो घरों में हुई लूट की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** 21सितंबर को वेस्ट बोकारो ऑ0पी0 अंतर्गत ग्राम सोनडीहा से संतोष सोनी पिता रामप्रकाश सोनी के घर में 3-4 अज्ञात हथियारबंद अपराधकर्मी एवं दिनांक-26/27 सितंबर को रात्रि में वेस्ट बोकारो ऑ0पी0 अंतर्गत ग्राम सोनडीहा निवासी बबलू सोनी पे0 शिवचरण साव के घर में 06 अज्ञात हथियारबंद अपराधी घर में घुसकर घर के सदस्यों को कब्जे में लेकर घर में रखे जेवरात तथा कैश रुपये लूटने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संदर्भ क्रमशः 1. माण्डू (वे0बो0) थाना काण्ड संख्या 226/24 एवं 2. मांडू (वे0बो0) थाना काण्ड संख्या-230/24 दर्ज किया गया।उक्त दोनों काण्ड की गंभीरता को देखते हुए अजय कुमार (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों का पता लगाते हुए छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान मानवीय एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर दो व्यक्ति दीपक कुमार उम्र 28 वर्ष, पिता अखिलेश्वर प्रसाद, अतना, माण्डू (वे0बो0) रामगढ़ एवं 2. शमीम खान उर्फ सोनी खान उम्र 39 वर्ष, पिता-स्व0 शमशेर भादवा, माण्डू (वे0बो0) रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से आवश्यक पूछताछ करते हुए उनका अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया एवं उनके निशानदेही पर काण्ड में लूटी गयी सामान चरही स्थित श्रृष्टि ज्वेलर्स दुकान से बरामद किया गया तथा ज्वेलर्स दुकान के मालिक रविन्द्र सोनी उम्र 40 वर्ष, पिता-मनोहर सोनी, कजरी, चरही हजारीबाग को भी गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों काण्डों में शामिल अन्य 06 अपराधियों कि गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान की जा रही है।गिरफ्तार उक्त तीनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर बाइक रजि0नं0- JH02B 6392, 12 जोडा चांदी का पायल वजन करीब 475 ग्राम, 06 पीस चांदी का चौन-66 ग्राम , सोने का बिस्कुट का कटिंग वजन करीब 10 ग्राम (24 कैरेट) ,चांदी का बिस्कुट वजन करीब 948 ग्राम बरामद किया गया है। इस छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदा0 परमेश्वर प्रसाद, अनु0पु0पदा0 रामगढ़, सुरेश लिण्डा, पु0नि0 माण्डू अंचल , पु0अ0नि0 सदानंद कुमार प्रभारी, प्रभारी वेंस्ट बोकारो , पु0अ0नि0 संजय बेदिया, स0अ0नि0 राजेश कुमार राय एवं वेस्ट बोकारो ऑ0पी0 सशस्त्र बल शामिल थे।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पुरे धूमधाम से 31 अक्टूबर को मनाया जायगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ पटेल छात्रावास कांकेबार के सभागार बैठक रखी गयी । जिसमे आगामी 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 149 वॉ जयंती हर साल की भांति इस वर्ष भी पुरे धूमधाम से मानाने हेतु निर्णय लिया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव शीतल प्रसाद, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता टिकेंदर महतो, कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वर महतो ऊर्फ डि एम, धनेश्वर चौधरी, नुनुलाल महतो, तेजपाल महतो, महेश महतो, भुनेश्वर महतो, मुकेश महतो, जेठू महतो, मनोज मण्डल, गोविन्द महतो, योगेंद्र कुमार, चुनीलाल महतो, नंदू महतो,शिवचरण महतो, ईश्वर महतो इत्यादि शामिल हुये।

# रामगढ़ पुलिस ने भारी मात्रा में नकली ब्रांडेड शराब किया बरामद, एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुर्गा पूजा के अवसर पर रामगढ़ जिला अंतर्गत अवैध शराब के कारोबारियों व्यापारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतू लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम पारसोतिया में एक किराये के कमरा में अवैध तरीके से विभिन्न तरह के नकली सस्ता शराब को मिक्स कर उसे विभिन्न कम्पनी के ब्रांडेड बोतल में भरकर, रैपर लगाकर उसपर ढक्कन एवं सीलबंद कर रामगढ़ के बाजार में ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है। साथ हीं काफी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। पुलिस अधीक्षक के



द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा परसोतिया स्थित एलवेस्टर सीट के एक कमरा में छापामारी किया गया। उक्त कमरा से खुले एवं बंद कार्टुन में विभिन्न कंपनियों के अँग्रेजी शराब का बोतल, खाली बोतल, शराब का रैपर तथा शराब सील करने वाला झारखण्ड सरकार का मुहर लगा स्टीकर बरामद किया गया। तथा एक युवक को पकड़ा गया। पकड़ाये युवक श्याम कुमार उर्फ श्याम कुमार कसेरा उम्र 24 वर्ष पिता अशोक प्रसाद कसेरा न्यू कॉलोनी बगीचा रामगढ़ से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि सभी अंग्रेजी शराब नकली है, जिसे जैनामोड़, बोकारो से सस्ता शराब एवं शराब का खाली बोलत को अपने कमरा में लाकर सस्ते शराब को मिक्स कर विभिन्न प्रकार की ब्रांडेड कंपनी के खाली बोतलों में भरकर उसपर शराब कंपनी का रेपर साटकर तथा ढ़क्कन के उपर सील करने हेतू प्रयोग किये जाने वाले झारखण्ड सरकार का मुहर वाला स्टीकर लगाकर पैक कर उसे कार्टुन में भरकर रामगढ़ के विभिन्न जगहों पर बिक्री करते है तथा दुर्गापूजा के अवसर पर रामगढ़ के बाजार में बेचने की तैयारी हेतू कमरा में जमा कर रहे थे। इस छापामारी दल में शामिल प्रमेश्वर प्रसाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कृष्ण कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी रामगढ, पु0अ0नि0 मंजेश कुमार सिंह, पु0अ0नि0 सलीमुद्दीन खान एवं रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# पंडाल व लाइट एंव पुजा पर खर्च होंगे 15 लाख रुपए, रांची से मंगाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी उरीमारी में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होगा। इसे लेकर तैयारी पुरी कि जा रही है। भव्य पूजा पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं उरीमारी में इस वर्ष बंगाल के मायापुरी का सिस्कान टेम्पल का प्रारूप का भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा। केवल लाइटिंग के साथ पूजा पंडाल 15 लाख रूपये की लागत से बन रहा है।जामताड़ा से आए कारीगर दिन रात मेहनत कर पंडाल निर्माण में लगे हुए है। बताते चले कि मायापुर का सिस्कॉन टेंपल विश्वप्रसिद्ध है। यहां हर साल लाखो भक्त आते है। इधर उरीमारी मे बन रहे भव्य पूजा पंडाल के अंदर और बाहर बेहतरीन लाइटिंग भी होगी।साथ ही पंडाल के समीप पौधे भी खूबसूरती मे चार चांद लगाएंगे। पंडाल का निर्माण करा रहे शिव टेंट हाउस के संचालक शिवशंकर बेदिया ने बताया गया कि उरीमारी मे पंडाल करीब 80 फुट उंचा और 110 फुट चौंडा होगा। पंडाल के अंदर बेहतरीन सजावट के बीच मां दुर्गा मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की भव्य मूर्तियो की स्थापना कि जाएगी। मा दुर्गा कि प्रतिमा को कारीगर अंतिम रूप दे रहे हैं। और रांची से मां दुर्गा कि प्रतिमा मंगवा जा रही है। वहीं पुजा के अवसर पर भव्य मेले का भी आयोजन होगा। जबकि विजयादशमी के दिन रावण के पुतले का दहन भी होगा। उरीमारी में दुर्गापूजा को ले समिति के अध्यक्ष उरीमारी पीओ दिलीप कुमार,बिरसा पीओ डी शिवादास,सचिव सीताराम किस्कू, कोषाध्यक्ष लालो महतो,सह सचिव महावीर प्रसाद,गणेश मांझी, भोला यादव, रामटहल पासवान, सुरेश प्रसाद, रुस्तम सोहराब, मन्नालाल मांझी, जयपाल, राजू राम, रामचन्द्र नोनिया आदि सक्रिय है।

# रामगढ़ विधानसभा को मैं दोबारा नंबर वन विधानसभा बनाउंगी : सुनीता चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड के लारीकला में डीएमएफटी फंड से 72 लाख की लागत से शिवा महतो की जमीन से सिमरानाला समशान घाट तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल व पुलिया निर्माण कार्य, बड़कीपोना पारडीह में विधायक फंड से 5 लाख लागत से चितरंजन महतो के घर से अरुण महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, बड़कीपोना छठ तालाब में विधायक फंड से 5 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य व डीएमएफटी मद से लगभग 79 लाख की लागत से बड़कीपोना अखरा टोला स्थित शोभा मुंडा के घर से हरी मंदिर होते हुए मुकेश पासवान के घर तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि सुधा देवी द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए मैने आज चार जगहों पर पीसीसी पथ, नाली, पुल व शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया हूँ। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही लोगों को इस पथ में आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में विकास के मायने में रामगढ़ विधानसभा को मैं दोबारा नंबर वन विधानसभा बनाउंगी। इसके लिए पूरी तरह से मैं ततपर हूं। इस दौरान उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अतिथियों के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। मौके पर ज्योति चौधरी, अमृतलाल मुंडा, रमेश दांगी, भानुप्रकाश महतो, मलेश्वर नायक, अशोक राम बेदिया, आकाश कुमार, चिंतामणी महतो, बिजय कुमार, सुराली महतो, विशेश्वर महतो, किशोर महतो सहित कई मौजूद थे।

# दुकानदारों से सामान फुटपाथ पर नहीं रखने और वाहन चालकों से सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने का किया अपील - निर्भय कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** दुर्गा पूजा के मद्देनजर रविवार को भुरकुंडा पुलिस ने भुरकुंडा बाजार में सड़क जाम की समस्या को देखते हुए व्यापक अभियान चलाया।जिसकी अगुवाई भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने की। अभियान में क्षेत्र के गणमान्य और बुद्धिजीवी भी शामिल रहे। इस दौरान मेन रोड पर गुरूद्वारा से लेकर जनता टॉकीज तक दुकानदारों को दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान न रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस द्वारा कई दुकानदारों का नाम और मोबाइल नंबर भी नोट किया गया। वहीं अभियान के क्रम में व्यवसायिक और निजी वाहन चालकों से सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने की अपील की गई।इस दौरान ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सड़क जाम की समस्या से लोगों को परेशानी नहीं हो और वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से बना रहे इसके लिए सभी को सहयोग करना होगा। पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर है। निर्देश की अवहेलना कर मनमानी करनेवालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।इस अभियान में पु.अ.नि. कुणाल कुमार, अविनाश कुमार , चमनलाल, प्रदीप मांझी, डब्लू पांडेय, रोबिन मुखर्जी, मुस्तकीम, प्रेम कुमार, कृष्ण यादव, अजय साहू सहित अन्य शामिल रहे।

# रामगढ़ पुलिस मुख्यालय में नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों के पिपिंग समारोह का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ जिला पुलिस मुख्यालय में रविवार को नवप्रोन्नत पुलिस कर्मियों के पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अजय कुमार मौजूद रहे। समारोह में जिला पुलिस के दो सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार सिंह और शिवनंदन यादव को स्टार लगाकर पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति का जिला आदेश जारी किया गया। वहीं 18 साक्षर आरक्षी को स्टार लगाकर सहायक अवर निरीक्षक के रूप में प्रोन्नति का जिला आदेश जारी किया गया।सहायक आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत पुलिस कर्मियों में संजय कुमार गोराई, अरविन्द कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार मेहता, राम महली, सुनील मुण्डा, अशोक कुमार सिंह, राजेश तिर्की, दामोदर राम, फांसिस सोय, दुर्गा उरांव, अटल गुड़िया, दिपक उरांव, बिनोद गाड़ी, गन्दूर उरांव, निर्मल लकड़ा, हीरा कुमारी, बसंती तिर्की, जुलियाना धान शामिल हैं।

# बिहार और झारखंड का कुख्यात चोर गिरोह का सरगना धराया

▶ पाकुड़ शहर के भगतपाड़ा से की गई दो स्कार्पियो की चोरी,बिहार से बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता




**पाकुड़ :** पाकुड़ पुलिस ने भगतपाड़ा से की गई दो स्कार्पियो चोरी को बिहार के गोपालगंज और मुजफ्फरपुर से बरामद कर लिया है. हालांकि स्कार्पियो संख्या एस 11डब्लू बी 66 ए सी/8905 गोपालगंज जिला के कुचायकोट थाना में जब्त है,जबकि एस 7 जेएच 16डी/1201 को मुज़फ्फरपुर के एक कबाड़ में दुकान से बरामद करने में सफलता पाई है.पुलिस कप्तान प्रभात कुमार ने रविवार को नगर थाना पाकुड़ में प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को जानकारी दी है. एसपी ने बताया की शहर के सबसे पोश इलाके से एक रात में दो-दो स्कार्पियो की चोरी हो जाना पुलिस ने चैलेंज के रूप में लिया है.एसपी ने बताया की एसडीपीओ डी एन आज़ाद के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम की गठन की गई.जिसमें तीन अलग अलग टीम बनाई गई. सभी टीम में पुलिस ऑफिसर को तैनात किया गया था.टीम में टेक्निकल एक्सपर्ट को शामिल किया गया था. पुलिस ने तकनिकी एवं मानवीय सोर्स के माध्यम से बिहार के मुजफ्फरपुर, गोपालगंज एवं वैशाली जिलों में लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया.पुलिस ने काफ़ी मेहनत करते हुए चोरी की दो स्कार्पियो को बरामद करते हुए कांड में शामिल शतरोहन कुमार उर्फ़ चंदन और मोहम्मद अली उर्फ़ राजा को गिरफ्तार किया गया.दोनों कुख्यात अपराधी बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के है. दोनों पर झारखंड और बिहार में दो दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज है.जबकि एक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है. पुलिस जल्द ही एक फरार अपराधी को जेल के सलाखों में भेजनें की बात कह रही है.

**स्थानीय अपराधी की हो रही तलाश**

पुलिस कप्तान प्रभात कुमार ने बताया की दोनों धराये अपराधी से कड़ी पूछताछ की गई है.उन्होंने कहा की जल्द ही दोनों अपराधियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी. एसपी ने बताया लोकल अपराधियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है.पुलिस पता कर रही है आखिर किसके सह पर बाहर के अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा है.एसपी ने कहा जल्द ही सारे मामलों का खुलासा किया जाएगा.उन्होंने कहा पाकुड़ पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है.दोबारा ऐसी घटना न हो उसके के लिए स्थानीय अपराधियों को पता लगाने में जुटी है.

**दो ट्रकों में लाया गया कबाड़ खाने से स्कार्पियो**

एसपी ने बताया की दोनों अपराधियों ने ज़ब पाकुड़ के भगतपाड़ा से स्कार्पियो चोरी कर बिहार भागने लगे तो पाकुड़ पुलिस की टेक्निकल टीम और मानवीय सुचना के आधारा पर पता लगाकर तीन अलग अलग टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया.लेकिन अपराधी इतने शातिर थे के चोरी करने से पूर्व ही कबाड़ के दुकानदारों से बात कर चूका था.अपराधियों ने जाते ही स्कार्पियो को कबाड़ी के दुकान पर पहुंचा दिया गया. कबाड़ वालों ने एक स्कार्पियो के सभी पार्ट को अलग अलग करके खोल दिया गया. परन्तु पुलिस ने चेचीस नंबर और इंजन नंबर से गाड़ी की पहचान कर ली. सभी पार्ट्स को एक जगह जमा कर दो छोटे ट्रक पर लाया गया.

**टीम के सभी पुलिस ऑफिसर को किया जाएगा सम्मानित**

एसपी ने बताया की जिस तरह से शातिर अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था.और बार बार लोकेशन बदल दिया जा रहा था. यहाँ तक की रात्रि में मोबाईल को स्विच ऑफ कर दिया जा रहा था. जिस कारण पुलिस ऑफिसर को अपराधियों तक पहुँचने में काफ़ी परेशानी हो रही थी.बावजूद पुलिस ऑफिसर ने अपराधियों तक पहुँचने में कामयाब रहे. सभी पुलिस ऑफिसर बधाई के पात्र है.एसपी ने कहा टीम में शामिल सभी पुलिस ऑफिसर को सम्मानित किया जाएगा.

**कौन कौन होंगे सम्मानित**

एसपी ने बताया की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आज़ाद,नगर थाना प्रभारी हरीदेव प्रसाद,पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार,विकर्ण कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा,राहुल गुप्ता,अनूप कुमार सिंह,दिलीप कुमार बास्की,सनातन मांझी के अलावे अवधेश यादव सहित सशस्त्र बल जवान है.एसपी ने बताया उक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा.

**क्या है मामला**

बीते 29 सितंबर 2024 की रात्रि में नगर थाना क्षेत्र के भगतपाड़ा मुख्य सड़क से जगदीश भगत के घर के सामने से दो स्कार्पियो की चोरी हो गई.अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस ने कांड संख्या 245/2024 दर्ज करते हुए पाकुड़ पुलिस ने उक्त घटना को चुनौती के रूप में लिया. पुलिस कप्तान प्रभात कुमार ने इस घटना की प्रतिदिन अपडेट लें रहे थे. तीनो टीम से लगातार रिपोर्ट लें रहे थे.बिहार के मुजफ्फरपुर,वैशाली और गोपालगंज के एसपी से लगातार सम्पर्क में थे.टीम में शामिल किसी भी पुलिस अधिकारियो को कोई दिक्कत न हो इसके लिए तीनों जिला के एसपी से भी सहयोग ले रहे थे.अंततः पांच दिनों में पाकुड़ पुलिस को सफलता मिल गई.

## जिप सदस्य रीना देवी ने कुर्गी बस्ती में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप सदस्य रीना देवी ने रविवार को प्रखंड के कुर्गी बस्ती में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से शिलापट से पर्दा उठा कर किया। पीसीसी सड़क का निर्माण एनएच से सरफराज मास्टर के घर होते हुए दीना मास्टर के घर तक किया जाएगा। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से गांव वालों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर सिरील लकड़ा, सुनीता कुजूर, मो इजहार, शमसाद, दिलीप, आतिश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्गा सोरेन सेना पंद्रह अक्टूबर को मनाएगी स्थापना दिवस



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर ब्लॉक के कालीदासपुर पंचायत के काशिला गांव में दुर्गा सोरेन सेना के आदिवासी मोर्चा की बैठक आयोजित हुई. बैठक जिलाध्यक्ष उज्जवल भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम की कार्य योजना पर विस्तृत से चर्चा हुई.बैठक में गांव वालों ने अबुआ आवास योजना में योग्य लोगों को आवास नहीं मिलने की शिकायत की।जिलाध्यक्ष उज्जवल भगत ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या जब दूरभाष पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखी गई तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए ग्राम पंचायत पर ठीकरा फोड़ दिया।जिला अध्यक्ष ने सभी जनसमस्याओं को ग्रामीणों के साथ उपायुक्त के समक्ष रखेगी। बैठक में दर्जनों लोगों ने दुर्गा सोरेन सेना की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की और किसी भी परिस्थिति में सेना के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।बैठक में जिला महामंत्री परमजीत कुमार मिश्र, जिला सचिव मनोज सिंह,जिला लेखा पदाधिकारी राहुल मुखर्जी,वरीष्ठ कार्यकर्ता सुनील भगत,वरीष्ठ कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता संजीत मुखर्जी ,लाल बाबू मड़ैया,आकाश साह,बसंत मरांडी, चंद्र टुडु,अविनाश मरांडी,दुर्गा मरांडी, मोहन टुडु,सकल टुडु आदि दर्जनों कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रेमिका का हत्यारा पकड़ाया, भेजा गया जेल

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के करमपाड़ा गांव के जंगल से बीते 19 सितंबर को एक 14 वर्षीय नाबालिक बच्ची की हत्या मामले में पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया शव के पास से बरामद मोबाइल का तकनीकी जांच रिपोर्ट के आधार पर नरेश पहाड़िया को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया पूछताछ से पता चला कि नरेश पहड़िया मृतिका का प्रेमी था और शादीसुदा था।मृतिका गंगा पहाड़िन प्रेमी नरेश पहड़िया पर अपने पहले पत्नी को छोड़कर शादी का दबाव बना रही थी।इसी बात से तंग आकर प्रेमी ने योजना बना कर घटना के दिन मोबाईल से फ़ोन कर प्रेमिका को हटिया बुलाया।शाम को घर पहुंचाने के बहाने गांव के पास जंगल पर ले गया जहाँ पहले से प्रेमी का और दो साथी मौजूद था.इसके बाद प्रेमिका गंगा पहाड़िन का गला दबाकर व चाकू से वार कर हत्या कर शव को घने जंगल में फेंक कर फरार हो गया। उन्होंने बताया घटना में शामिल अन्य दो व्यक्ति की तलाश जारी है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## नवरात्रि के पांचवें दिन स्कन्दमाता के रूप की होती है पूजा, उमड़ रही श्रद्धांलुओं की भीड़



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्रि की धूम देशभर में देखने को मिल रही है, जहां माता के पंडाल सजाए जाते हैं और उनमें मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के दर्शन होते हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। पुराणों के अनुसार,भगवान स्कन्द की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। देवी स्कंदमाता को सफेद रंग अत्यंत पसंद है जो शांति और सुख का प्रतीक है। मां का यह स्परूप परम शांति और सुख का अनुभव कराता है। माता की पूजा करने से वे अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। साथ ही उनकी पूजा से मोक्ष के द्वार भी खुल जाते हैं। आइए जानते हैं मां के इस स्वरूप और पूजा विधि के बारे में।

**पंचमी तिथि**

हिंदू पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि की शुरुआत 7 अक्टूबर दिन सोमवार को 09~47 ए एम से शुरू होगी जिसका समापन 8 अक्टूबर दिन मंगलवार को 11~17 ए एम पर होगा।

**कैसा है देवी का ये स्वरूप?**

मां दुर्गा अपने इस स्वरूप में कमल के आसन पर विराजमान हैं, जिसके कारण उन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इसके अलावा उनका वाहन सिंह है। इस स्वरूप में मां की चार भुजाएं हैं, जिसमें से दाहिनी तरफ की ऊपर वाली भुजा में भगवान स्कंद गोद में हैं। वहीं दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। जबकि, बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा वरमुद्रा में और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प हैं।

**इस विधि से करें पूजा**

स्कंदमाता के इस स्वरूप की पूजा के लिए आपको सबसे पहले उस स्थान पर माता की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करनी होगी जहां आपने कलश स्थापना की है। इसके बाद आप माता को फूल चढ़ाएं और फिर फल और मिष्ठान का भोग लगाएं। धूप और घी का दीप जलाएं और फिर माता की आरती करें। इस तरह से पूजा करना बहुत ही शुभ माना गया है और इससे आपको माता का आशीर्वाद भी मिलेगा।

**भोग में क्या अर्पित करें?**

मां स्कंदमाता की आराधना के लिए नवरात्रि का पांचवां दिन समर्पित किया गया है। इस स्कंदमाता को केले का भोग लगाना चाहिए। इससे माता प्रसन्न होकर भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

## पाकुड़ जिला के तीनों विधानसभा में भाजपा की जीत होगी पक्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में पाकुड़, महेशपुर एवं लिट्टीपाड़ा तीनों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जीत पक्की होगी.झारखंड में रोटी,माटी एवं बेटियों की रक्षा का दृढ़ संकल्प लेनेवाली भाजपा की एक मजबूत सरकार बनेगी.झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार विभिन्न संबंधित प्रमुख पदाधिकारियों के नेतृत्व एवं उपस्थिति में पार्टी कार्यालयों से लेकर विभिन्न स्थानों में सभी मंडलों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न की गई.जिनमें पाकुड़ विधानसभा में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय एवं पाकुड़ विधानसभा प्रभारी निवास मंडल,महेशपुर विधानसभा में महेशपुर विधानसभा प्रभारी बलराम दुबे एवं पश्चिम बंगाल के एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री व प्रवासी प्रभारी मदनरूई दास तथा लिट्टीपाड़ा विधानसभा में प्रदेश मंत्री व लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रभारी दुर्गा मरांडी एवं पूर्व प्रत्याशी दानियल किस्कू प्रमुख रूप से उपस्थित होकर बैठक सम्पन्न किये। बैठकों में विभिन्न वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहें।निवास मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि सभी मंडल पदाधिकारी अभी से अपने-अपने सभी बूथ कमेटियों को मजबूती से तैयार कर जन-जन को हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के विकसित झारखंड-विकसित भारत के दृढ़ संकल्पों व सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना सुनिश्चित करें।बलराम दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि हमें आप सबों पर पूर्ण विश्वास है कि आपसबों के अथक परिश्रम से इस भ्रष्टाचारी हेमंत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंक महेशपुर विधानसभा के साथ पूरे झारखंड में परिवर्तन एवं विकास की बहार लाने हेतु दिन-रात प्रयासरत भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ एक मजबूत सरकार हम बनाने जा रहे हैं। दुर्गा मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के पूरे झारखंड में हुई महापरिवर्तन की यात्रा से जन-जन अब यह संकल्प लें चुकी है कि अबकी बार न हम सहेंगे,न कहेंगे,बल्कि रोटी-बेटी-माटी की रक्षा के लिए इस लूट-खसोट, झूठ वादे, तुष्टिकरण, परिवारवाद एवं ठगबंधन के बुनियाद पर खड़े झामुमो-कांग्रेस की सरकार को गद्दी से उतार फेंक पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की मजबूत सरकार बनाएंगे।

## कांग्रेस की विचारधारा सत्य,धर्म और न्याय की विचारधारा है : तनवीर आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़ :** कांग्रेस की विचारधारा सत्य, धर्म और न्याय की विचारधारा है. देश के सभी धर्म,जाति,क्षेत्र,भाषा और विचार के लिए कांग्रेस की विचारधारा में समान स्थान और सम्मान है.कांग्रेस पार्टी 138 वर्ष के इतिहास में ज्यादातर समय संघर्ष और सेवा में गुजरा है.आजादी की लड़ाई के आंदोलन में तानाशाही से संघर्ष में कांग्रेस के नेताओं में देश सेवा की होड़ लगी रही.आजादी के पश्चात् राष्ट्र निर्माण ही कांग्रेस का एकमात्र ध्येय है. उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने कही. तनवीर ने कहा की जब कांग्रेस का इतिहास ही कुरबानी और संघर्ष की रही है तो आगे भी संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है.उन्होंने जनसम्पर्क अभियान में अमजनता को तैयार रहने की अपील की.कहा इस देश को बाँटने के लिए भाजपा कई तरह के हथकंडे अपनायेगी लेकिन कभी भी भाजपा और उसके सहयोगियों के लोकलुभावन बातों में नहीं आना है. उन्होंने कहा भाजपा के कई बी टीम काम कर रही है,लेकिन यही भाजपा अल्पसंख्यकों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहकर नफरत पैदा कर रही है. उन्होंने यह भी कहा पाकुड़ की जनता होशियार और समझदार है. सुनता सबकी है,लेकिन करता अपने मन की है.मुस्लिम और आदिवासियों के बीच नफरत फैलाकर अपना रोटी सेंकना चाहता है.हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता ने बी जे पी की करतूतों को जान गई इस लिए मुंहतोड़ जवाब दे दिया है.अब बारी झारखंड के जनता की है.पिछले पांच सालों में हर हथकंडे बी जे पी ने लगा ली है.सीएम से लेकर मंत्री तक को जेल में डाला गया.लेकिन कोर्ट ने न्याय दे दिया है.उन्होंने कहा भाजपा और उसके सहयोगी पार्टियां विकास नहीं चाहती है.इस लिए बार बार विकास कार्य को रोकती है.पिछले बीस से पचीस वर्षो के दरमियान पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने जो विकास किया है वो आने वाली पीढ़ियां याद करेगी.विकास कार्य किसी से नहीं छुपा है. पुरे ग्रामीण क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने का काम किया है।

## डीएस ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल में रविवार को डीएस डॉ. मोहन मुर्मू ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए कई बदलाव करने का निर्देश दिए है। डॉ. मुकेश ने सभी डॉक्टर व स्वास्थ कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए। मरीजों को बेहतर सुविधा व समस्या से निजात को लेकर स्वास्थकर्मियों से लेकर सफाई कर्मियों को कई निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान डॉ. मुकेश ने ओपीडी में निजी अस्पताल के तर्ज पर मरीजों के बैठने के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ओपीडी में भीड़ से छुटकारा पाने के लिए अलग-अलग डॉक्टर के काउंटर तक चेयर लगाया जाएगा। ताकि ओपीडी के बाहर भीड़ न लगे। उन्हों ने कहा कि सोमवार से ओपीडी में आने वाले मरीजों का अलग-इंतजाम होगा। साथ में सहयोगी डॉ मुकेश कुमार मौजूद थे।



## 22 अक्टूबर को माले कार्यकर्ता कामरेड बुधवा उरांव का मनाएगा शहादत दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** चामा में रविवार को बुढ़मू खलारी मांडर चान्हो क्षेत्र के माले कार्यकर्ताओं ने कामरेड तेजू उरांव के अध्यक्षता में बैठक किया। बैठक में आगामी 22 अक्टूबर को कामरेड बुधवा उरांव का शहादत दिवस मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा राजनीति स्थिति और संगठन विस्तार को लेकर माले कार्यकर्ताओं ने चर्चा किया। मौके पर उपस्थित आईसीसीटीयू के राज्य सदस्य कामरेड किशोर खंडित ने बैठक के दौरान अपने संबोधन में कहा कि शाहिद कामरेड बुधवा उरांव का शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बैठक आबिद अंसारी, शिव बालक लोहार, हरि लोहार, इतवारी देवी बुद्धमानी देवी, बेंजामिन तिर्की फिलमून, संतोष रवि, सिकंदर राम, सुखी उरांव, चुंडा उरांव, लखना उरांव, सुदन देवी जागे पहान, फागु उरांव, जगदीश गंझू, भूटान गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग में मुन्ना सिंह ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, प्रशासन से की त्वरित जांच की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचे और बाबु गांव निवासी स्वर्गीय मोइनुद्दीन के परिजनों से मुलाकात की। मोइनुद्दीन जो एक दैनिक मजदूर थे, उनकी 6 अक्टूबर को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुर्घटना हो गई, जिसके कारण उनकी दुखद मृत्यु हो गई। उनकी 9 वर्षीय बेटी और परिवार अब इस दर्दनाक घटना के बाद असहाय स्थिति में हैं।मुन्ना सिंह ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने परिवार को यह विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी और वे उनके साथ खड़े हैं और इस मुश्किल घड़ी में कोई भी मदद देने के लिए तैयार हैं। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है, और उन्होंने प्रशासन से इस मामले की त्वरित जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस से जुड़े कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें रज्जी अहमद, मृतक के भाई मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद इम्तियाज, साबिर अली, अमजद हुसैन, मोनू अंसारी और मो. दालीब सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।साथ ही, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोप, , मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नौशाद, रंजीत, सुजीत सिंह, दिनेश यादव और पप्पू सिंह , विक्की कुमार धान भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, सोमवार, 07 अक्टूबर 2024 | पेज 12

## अंचल ऑफिस में बड़ा खेला, आदिवासी खाते की भूमि का हुआ म्यूटेशन

# सब पर भारी भ्रष्ट राजस्व कर्मचारी सह सीआई

श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र

**बंशीधर नगर** : नगर ऊंटारी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी सीआई राजकुमार साव के कथित काले कारनामों से अंचल कार्यालय सुर्खियों में आ गया है। यहां बड़ा खेला हुआ है। जिस जमीन का म्यूटेशन पिटीशन अंचल से दो बार और डीसीएलआर की कोर्ट से एक बार रिजेक्ट हो चुका है, उसी को राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी सीआई ने रिपोर्ट कर म्यूटेशन करा दिया है। उक्त भूमि आदिवासी खाते के होने के कारण म्यूटेशन पिटीशन रिजेक्ट हुआ था। मामला नगर ऊंटारी प्रखंड के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम से जुड़ा हुआ है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम की पत्नी नीलम देवी ने जंगीपुर में स्थित 3 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के लिये वर्ष 2021-22 में नगर ऊंटारी अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। जिसका केस नंबर 704/2021-22 था। म्यूटेशन प्रक्रिया के दौरान कागजात जांच के बाद आरएसआई सह प्रभारी सीआई के रिपोर्ट में उक्त भूमि आदिवासी खाते की करार दिये जाने के आधार पर तत्कालीन सीओ अरुण कुमार मुंडा ने म्यूटेशन पिटीशन को रिजेक्ट कर दिया था।इसके बाद आवेदक ने उपरी राजस्व न्यायालय डीसीएलआर की कोर्ट में अपील दायर की थी। नामांतरण अपील वाद संख्या 32/2022-23 पर विधिवत सुनवाई और लीगल ओपिनियन के बाद तत्कालीन डीसीएलआर आईएएस अधिकारी आलोक कुमार ने उक्त भूमि आदिवासी खाते की होने के कारण सीओ के आदेश को जायज ठहराते हुये अपील को



खारिज कर दिया था। इसके बाद आवेदक ने उपरी राजस्व न्यायालय एसी की कोर्ट में अपील करने के बजाय पुनः वर्ष 2023-24 में म्यूटेशन के लिये नगर ऊंटारी अंचल कार्यालय में पिटीशन दिया। जिसका केस नंबर 958/2023-24 था। जिसके बाद कागजात की जांच और सुनवाई के बाद तत्कालीन सीओ अदिती गुप्ता ने म्यूटेशन पिटीशन को रिजेक्ट कर दिया था। आवेदक ने डीसीएलआर की कोर्ट से एक बार और अंचल से दूसरी बार रिजेक्ट होने पर भी एसी की कोर्ट में अपील नहीं की और तीसरी बार वर्ष 2024-25 में पुनः एक बार फिर से म्यूटेशन के लिये अंचल कार्यालय में आवेदन दिया।

जिसका केस नंबर 210/2024-25 है। आवेदन मिलने के बाद आरएसआई सह प्रभारी सीआई राजकुमार साव ने बड़ा खेला करते हुये गलत तरीके से रिपोर्ट कर गत 13 अगस्त को म्यूटेशन स्वीकृत करा दिया। अब सवाल उठता है कि जिस म्यूटेशन के आवेदन को दो-दो बार सीओ व डीसीएलआर के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी के द्वारा आदिवासी खाते की भूमि बताकर वर्ष 2021-22 एवं 2023-24 में उसे रिजेक्ट कर दिया गया था तो आखिर किन परिस्थितियों में उसे 13 अगस्त 2024-25 को कैसे सलेक्ट कर दिया गया।डीसीएलआर और दो-दो सीओ द्वारा रिजेक्ट करने बाद भी अंचल से म्यूटेशन होना पूरे अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं जिम्मेदार लोगों की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। किंतु नगर ऊंटारी अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी राजकुमार साव की पोस्टिंग के बाद से अंचल कार्यालय में अंधेरगर्दी मची हुई है। यहां जिन लोगों का नियम संगत कार्य होता है उसे अंचल कर्मियों के द्वारा महीनों अंचल कार्यालय का चक्कर काटने को विवश किया जाता है। जबकि जो पहुंच वाले एवं सुविधा शुल्क देने वाले होते हैं, उनलोगों का नियम विरुद्ध कार्य धड़ल्ले से हो रहा है।

इसका एक नहीं अनेकों उदाहरण है। इस संबंध में राजस्व कर्मचारी व सीआई राजकुमार साव से प्रतिक्रिया लेने के लिये जब मोबाईल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया।

### क्या कहते हैं एसडीओ

इस संबंध में पूछने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो यह गंभीर मामला है। पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

## जेल की हवा खा चुका है राजस्व कर्मचारी सह सीआई

**बंशीधर नगर:** नगर ऊंटारी अंचल में पोस्टेड राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी सीआई राजकुमार साव की काली करतूतों से अंचल की जमकर किरकिरी हो रही है। 2015 में घूस लेने के आरोप में एसीबी के शिकार बन चुके आरएसआई सह प्रभारी सीआई राजकुमार साव पर सीनियर अफसरों का नियंत्रण नहीं रहने के कारण उन्होंने अंचल में लूट मचाकर रखी है। आदिवासी खाते की भूमि का अनाधिकृत तरीके से हस्तांतरण के प्रयास के दौरान अंचल से दो दो बार और डीसीएलआर की कोर्ट से एक बार रिजेक्ट म्यूटेशन को तीसरी बार अंचल से ही सलेक्ट किया जाना लूट और अंधेरगर्दी का सबसे बड़ा प्रमाण है।बताया जाता है कि पैसे का लेनदेन राजकुमार साव की पुरानी फितरत है। लेन देन के मामले में वे जेल की भी हवा खा चुके हैं। 2015 में अक्टूबर महीने में रमना अंचल में पोस्टिंग के दौरान एसीबी की टीम ने उन्हें घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद दो माह तक वे जेल में रहे थे।

जानकारी के मुताबिक जिला से गत 21 जुलाई 2024 को राजस्व कर्मचारी राजकुमार साव की नगर ऊंटारी अंचल में पोस्टिंग की गई है। नगर ऊंटारी अंचल में पोस्टिंग होने के बाद राजकुमार साव के सीनियर होने के कारण सीओ के द्वारा उन्हें प्रभारी सीआई का भी चार्ज दिया गया था। राजस्व कर्मचारी राजकुमार साव को प्रभारी सीआई का चार्ज मिलने के बाद उन्होंने खुलकर वसूली शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक प्रभारी सीआई ने जमीन का म्यूटेशन, अपडेशन के लिये खुलेआम रेट निर्धारित कर दिया है।सूत्रों की मानें तो जमीन के म्यूटेशन के लिये 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। साथ ही कागजात में कमी होने पर उसके लिये 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये निर्धारित है। जबकि सामान्य अपडेशन के लिये 5 हजार रुपये एवं कागजात में कमी होने पर 10 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। सीआई का रेट खुलने के बाद भू माफिया एवं मोटे माल वाले लोग अंचल में सक्रिय हो गये और निर्धारित रेट से भी अधिक बोली लगाकर जमीन का म्यूटेशन एवं अपडेशन धड़ल्ले से कराने लगे। जबकि जायज काम होने के बावजूद निर्धारित रेट फुलफिल नहीं करने वाले भू स्वामी अंचल कार्यालय का लगातार चक्कर काट रहे हैं.सूत्रों के मुताबिक प्रभारी सीआई की करतूत की गहनता से जांच की गई तो और कई गंभीर मामले उजागर होंगे। ऐसा हुआ तो पुनः वे जेल की सलाखों के पीछे नजर आयेंगे।

## बरही में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर



अजय कुशवाहा@प्रभात मंत्र

**बरही** : झारखंड राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान बस कुछ दिनों में होने वाली है, जिसे लेकर तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है, चुनाव आयोग की टीम भी झारखंड की दौरा कर चुकी है और चुनाव का जायजा सभी अधिकारियों के साथ बैठक करके ली है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बहुत ही जल्द बजने वाला है ,इसी कड़ी में बरही विधानसभा की सीट काफी हॉट सीट मानी जा रही है यहां पिछले कई चुनाव मे भाजपा और कांग्रेस में सीधे तौर पर कांटे की टक्कर देखी जाती रही है, अब तक बरही विधानसभा से सबसे ज्यादा जीत का स्वाद कांग्रेस पार्टी ने ही चखा है। बता दें कि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव कांग्रेस से ही वर्ष 1995 के अलावा वर्ष 2000 वर्ष 2005 व वर्ष 2009 में चुनाव जीते थे जबकि वर्ष 2014 में सिर्फ एक बार भाजपा उम्मीदवार उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस उम्मीदवार मनोज कुमार यादव को हराया था, इसके बाद 2019 के चुनाव में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए वहीं वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, परिणाम यह रहा की 2019 में भी बरही विधानसभा में जीत का स्वाद कांग्रेस ही चखा और उमाशंकर अकेला विधायक बने 2024 के चुनाव में भी भाजपा व कांग्रेस के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकती है , जीत हार का अंतर काफी कम हो सकता हैं, वहीं दोनों पार्टी के कार्यकर्त्ता भी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और वोटरों को समझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, उम्मीदवारी पेश करने वाले कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टियों के विचारों को जनता तक पहुंचा रहे हैं यूं कहा जाए कि इस बार भी भाजपा व कांग्रेस के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकता है।

*** दोनों ही पार्टियों की पकड़ है मजबूत, कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार, टिकट बंटवारे का है इंतजार**

लेकिन बरही विधानसभा में कुछ महीनो से भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में अलग-अलग मोर्चा देखने को मिल रही है जिसके कारण आला कमान को बहुत ही सूझबूझ से टिकट का वितरण करना होगा ताकि पार्टी में बने मोर्चा को एक साथ समेटा जा सके तभी चुनाव जीता जा सकता है यदि टिकट बंटवारे से पहले पार्टी में बैठे मोर्चा को नहीं सुलझाया गया तो तीसरी मोर्चा भी तैयार हो सकता है और यदि तीसरी मोर्चा तैयार हुई तो दोनों पार्टियों के लिए राहें मुश्किल हो सकती है।

## किसान परेशान, 2 वर्षों के बाद भी मृत भैंस का नहीं मिला मुआवजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाटन (पलामू)** : पाटन थाना क्षेत्र स्थित चेतमा ग्राम निवासी उदय उपाध्याय के भैंस का 25 सितंबर 2022 को वज्रपात से मौत हो गया था। अपने भैंस की मौत के बाद उन्होंने प्रखंड के मवेशी डॉक्टर को सूचित किया। डॉक्टर ने घटनास्थल का मुआयना किया और भैंस का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया। इसके बाद आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा लेने के लिए उदय उपाध्याय ने अंचल पदाधिकारी पाटन को आवेदन दिया। उन्होंने अंचल पदाधिकारी को आवेदन के साथ मृत भैंस का फोटो और भैंस का मृत्यु प्रमाण पत्र भी दिया। उन्होंने मुआवजा के लिए अपना अकाउंट नंबर भी आवेदन में दिया। अंचल पदाधिकारी ने दो वर्ष के बाद अपने कार्यालय के ज्ञापांक 989 दिनांक 4.10.2024 के माध्यम से उदय उपाध्याय को एक पत्र प्रेषित किया। पत्र में कहा गया है कि आपके द्वारा पशु से संबंधित अनुग्रह अनुदान हेतु आवेदन दिया गया है। परंतु जानवर से संबंधित प्रकार स्थानीय/नामित अधिकारियों के पास पंजीकृत है अथवा नहीं।

